# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 135 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**नवम नवदुर्गा : माता सिद्धिदात्री**

वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्घकृत शेखराम।
कमलस्थितां चतुर्भुजा सिद्धीदात्री यशस्वनीम।।



सर्व सिद्धियों की दाता ''मां सिद्धिदात्री'' देवी दुर्गा का नौवां व अंतिम स्वरुप हैं। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के साथ ही नवरात्रों का समापन होता है। हिन्दू धर्म के पुराणों में बताया गया है कि देवी सिद्धिदात्री के पास अणिमा, महिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, गरिमा, लघिमा, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां हैं।






# अविनाश कुमार बने झारखंड के नए मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए, 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अविनाश कुमार को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। यह पद उन्होंने निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी (1988 बैच की आइएएस अधिकारी) के स्थान पर संभाला है, जो अपनी सेवा से 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गईं। झारखंड सरकार ने अविनाश कुमार को राज्य के सर्वोच्च प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति राज्य प्रशासन में उनके लंबे और बहुआयामी अनुभव, साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में उनकी सिद्ध दक्षता को देखते हुए की गई है। मुख्य सचिव का कार्यभार संभालने से पहले भी अविनाश कुमार राज्य के प्रशासन में कई प्रमुख पदों पर कार्यरत




थे, जिनमें से कई अतिरिक्त प्रभार के रूप में थे। उनके अनुभव का दायरा राज्य के सबसे संवेदनशील और बुनियादी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी के सेवानिवृत्त होने के बाद अविनाश कुमार को कार्यभार राज्य के प्रशासनिक नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को चिह्नित करता है। 1993 बैच के एक अनुभवी अधिकारी के रूप में, उनके पास अब राज्य के समग्र प्रशासन की निगरानी, नीति निर्माण और विभिन्न सरकारी विभागों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की जिम्मेदारी होगी। उनकी नियुक्ति से यह उम्मीद जताई जा रही है कि राज्य की मौजूदा योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को नई गति और दिशा मिलेगी। मुख्य सचिव बनने से ठीक पहले अविनाश कुमार मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव थे। इस भूमिका में उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यालय के साथ करीबी समन्वय स्थापित करने और राज्य की प्रमुख नीतिगत पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विकास आयुक्त के पद पर रहते हुए राज्य के विकास संबंधी योजनाओं, परियोजनाओं और उनके अंतर-विभागीय समन्वय के लिए महत्वपूर्ण है। इस जिम्मेदारी के तहत उन्होंने राज्य की समग्र प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया।

## महाअष्टमी पर रजरप्पा के छिन्नमस्तिका मंदिर में उमड़ी भीड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में नवरात्र की महाअष्टमी पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तों ने मां छिन्नमस्तिका के चरणों में माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। नवरात्र के दौरान मंदिर को मनमोहक फूलों से सजाया गया है जिसे देखकर श्रद्धालु खूब सेल्फी ले रहे हैं। देशी-विदेशी फूलों से की गई भव्य सजावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, विश्व में तीन प्रमुख सिद्ध पीठ बताए गए हैं। इनमें असम की कामाख्या देवी, बंगाल की तारा पीठ और झारखंड का मां छिन्नमस्तिका देवी मंदिर शामिल हैं। मान्यता है कि इन तीनों स्थानों पर साधना करने से ही पूर्ण सिद्धि प्राप्त होती है। यही कारण है कि नवरात्र के समय यहां साधकों और तांत्रिकों की भीड़ जुटना स्वाभाविक है। यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला नजारा देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर का है।

### सूचना

दुर्गा पूजा के अवसर पर 1 एवं 2 अक्टूबर 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 4 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

संपादक

### शुभकामनाएं

दुर्गा पूजा के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

## अलका तिवारी सेवानिवृत, अविनाश कुमार ने संभाला सीएस का पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हो रही वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलका तिवारी को भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि निवर्तमान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर प्रशासनिक क्षमता का परिचय देते हुए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन से राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने उनके सेवा काल की सराहना करते हुए कहा कि श्रीमती तिवारी ने सदैव ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य किया। उन्होंने राज्य प्रशासन को एक नई दिशा दी और प्रशासनिक परंपराओं को मजबूती दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की कि आगे भी वे अपने अनुभव और मार्गदर्शन से समाज को लाभान्वित करती रहेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री कुमार की कार्यकुशलता, दूरदर्शिता एवं प्रशासनिक अनुभव से राज्य प्रशासन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा राज्य सरकार की विकास की योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। इस अवसर पर राज्य के नए विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव तथा वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## रामगढ़ में अवैध शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सहायक आयुक्त उत्पाद बिमला लकड़ा के निर्देश पर अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेस कुमार के नेतृत्व में रजरप्पा थाना क्षेत्र के छोटकी पोना, सउराडीह और बोरोबिंग में छापेमारी की गई। इस दौरान तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। विभाग ने लगभग 1100 किलोग्राम जावा महुआ और 45 लीटर महुआ शराब बरामद की है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दुर्गा पूजा के



सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के दिशा-निर्देश पर यह छापेमारी जारी रहेगी।

### संक्षिप्त समाचार

## हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले में मतनाग गांव के 56 वर्षीय ग्रामीण बासुदेव सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक बासुदेव रोज की तरह अपने मवेशियों को चराने जंगल गए थे। पूर्वी वन क्षेत्र के सैदुप कंपार्टमेंट के खारामाटी जंगल में अचानक दो हाथियों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके साथ मौजूद अन्य ग्रामीण किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। घटना की खबर फैलते ही गांव में मातम का माहौल पसर गया।

## युवक की गला रेतकर हत्या मित्र गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित गाढ़ाबासा बस्ती में सोमवार देर रात 19 वर्षीय अजय बासा उर्फ डांटू की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी और तनाव फैल गया है। पुलिस ने मृतक के मित्र संदीप को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर तंत्र-मंत्र में हत्या करने की आशंका का आरोप है। मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने संदीप पर आरोप लगाया है कि वह तांत्रिक गतिविधियों में लिप्त रहता था और उसने ही तंत्र-मंत्र के चक्कर में अजय की हत्या की है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर हंगामा भी किया। इधर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अजय अपने घर का इकलौता बेटा था।

## मोरहाबादी मैदान में होगा 70 फीट ऊंचा रावण के पुतला का दहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

रांची। विजयदशमी के दिन 2 अक्टूबर को शाम 4 बजे मोरहाबादी मैदान में रावण दहन किया जाएगा। रांची में रावण दहन की परंपरा पाकिस्तान से आकर रांची में बसे पंजाबियों ने शुरू की थी। यह जानकारी दशहरा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कुणाल अजमानी और पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल व महासचिव राजेश मेहरा ने दी। रावण दहन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि इस



बार का दशहरा पिछले वर्षों से बहुत अलग होगा। इस बार रावण का पुतला 70 फीट ऊंचा बनाया गया है। अलग-अलग स्वरूप में हनुमान जी नजर आएंगे और राम दरबार की झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। आतिशबाजों का मुकाबला मुंबई, कोलकाता और गया के तीन आतिशबाजों के बीच में होगा।

## झारखंड के को-ऑपरेटिव बैंक में 400 पदों पर होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बैंक में काम करने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में 400 पदों पर बहाली होने वाली है। ये प्रक्रिया मार्च 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। यह बातें झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन विभा सिंह ने कही है। वह बिष्टुपुर स्थित झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के दुर्गोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने रांची से आयी हुई थीं। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन विभा सिंह ने कहा कि को-ऑपरेटिव बैंक में कार्यरत करीब 300 कर्मियों और पदाधिकारियों को जल्द प्रोन्नति मिलेगी। वहीं करीब 400 खाली पदों पर मार्च 2026 तक बहाली ली जायेगी। साथ ही संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को स्थायी किया जायेगा। इस पर बोर्ड की सहमति मिल चुकी है। विभा सिंह ने ये बातें बातचीत में कहीं। विभा सिंह ने बताया कि यह बैंक वर्ष 2022-23 में 90 करोड़ घाटे में था। इसमें सकल एनपीए 52 फीसदी था, जो अब घटकर नौ फीसदी पहुंच गया है। इसी तरह शुद्ध एनपीए 22 फीसदी था, जो अब मात्र तीन फीसदी बचा है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 में मुनाफा बढ़ने के साथ पहली बार बैंक ने 28 करोड़ रुपये आयकर का भुगतान किया है। फिलहाल इस बैंक में झारखंड के 16 लाख खाताधारी हैं और वर्तमान में साढ़े चार हजार करोड़ का कारोबार है।

## बीएसएफ जवान ने थाने में की आत्महत्या

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में रहने वाले बीएसएफ जवान राहुल मांझी ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर एसपी मनीष टोप्पो, डीएसपी वरुण रजक समेत वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि युवक को देर रात मेराल इलाके से किसी बात को लेकर ग्रामीण ने पकड़ लिया था जिसके बाद बीएसएफ जवान को पुलिस ने हिरासत में लिया। उस पर आरोप था कि गांव की एक युवती को जबरदस्ती परेशान कर रहा था। परिजनों ने बताया कि राहुल मांझी, बीएसएफ जवान था और सिलीगुड़ी में पोस्टेड था।






## गुजरात में फंसे 13 मजदूरों की वापसी में जुटी हेमंत सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार गुजरात के कच्छ जिले में फंसे 13 प्रवासी श्रमिकों के एक समूह को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास में लगी हुई है। यह जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के मटिहाना निवासी मजदूर एक निजी कंपनी में काम करने के लिए गुजरात गए थे। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि हमने प्रवासी श्रमिकों से संपर्क किया है। वे सुरक्षित हैं लेकिन कंपनी ने उन्हें घर लौटने की अनुमति नहीं दी है। हम कंपनी प्रबंधन और गुजरात में संबंधित अधिकारियों से बात करने के बाद उनकी वापसी की व्यवस्था करेंगे। बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करते हुए श्रमिकों की दुर्दशा साझा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन और राज्य श्रम विभाग के प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ को उन्हें वापस लाने का निर्देश दिया। पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने आरोप लगाया कि मजदूरों को खाना नहीं दिया जा रहा है और उनका वेतन रोक दिया गया है। उनके अनुसार मजदूरों के रिश्तेदारों ने बहरागोड़ा पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की अधिकारी शिखा लकड़ा ने कहा कि कंपनी प्रबंधन से बात की जाएगी ताकि श्रमिकों को वेतन मिल सके और उनकी सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की जा सके।

## तिलैयाडामर जंगल में बाघ की धमक

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवा वन क्षेत्र के अंतर्गत तिलैया डामर महुआटांड़ जंगल में बाघ होने की सूचना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जंगल में कई स्थानों पर मिट्टी में गहरे पदचिन्ह दिखाई दे रहे हैं जिससे ग्रामीण अनुमान लगा रहे हैं कि यह बाघ के पदचिन्ह हैं। हालांकि मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गई है।







# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की हरित पहल : 10,000 पौधों का रोपण

## 5.7 करोड़ रुपये की लागत से पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा

**हजारीबाग।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त बनाते हुए परियोजना क्षेत्र एवं प्रभावित गांवों में 10,000 पौधों के रोपण अभियान की शुरूआत की है। लगभग 5.7 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस हरित पहल का शुभारंभ श्री मुकेश कुमार जिला वन पदाधिकारी, चतरा एवं एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के श्री राजीव कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री नीरज रॉय, अपर महाप्रबंधक (ऐश यूटिलाइजेशन) श्री गुरुदास मिश्रा तथा नैपारम पंचायत के मुखिया श्री महेश मुंडा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रभावित गांवों से आए



प्रतिनिधियों और समुदाय के लोगों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए इस अभियान को सामुदायिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बनाया।

एनटीपीसी की इस पहल से टंडवा क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ेगा और यह जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती से निपटने में सहायक सिद्ध होगी। पौधारोपण न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार करेगा, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने, जैव विविधता को प्रोत्साहन देने और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने में भी योगदान देगा।

इस अभियान से स्थानीय समुदाय को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। पौधे वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाकर स्वास्थ्य में सुधार लाएंगे और लोगों को स्वच्छ वायु उपलब्ध कराएंगे। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की यह पहल कंपनी की पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह प्रयास न केवल क्षेत्र की हरियाली को बढ़ाएगा बल्कि स्थानीय समुदाय के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा।

# दुर्गा अष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर विभिन्न दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### पूर्व विधायक ने की पूजा-अर्चना

इस अवसर पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव एवं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने अपने परिजनों संग माता महागौरी की पूजा कर क्षेत्र की मंगलकामना की।

### महागौरी की पूजा का महत्व

बरकट्ठा दुर्गा मंदिर के पुजारी ने बताया कि अष्टमी तिथि को मां महागौरी की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि विधिवत पूजा करने से विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं और मनचाहा जीवनसाथी प्राप्त होता है। साथ ही मां महागौरी भक्तों के सभी संकट हर लेती हैं और पापों से मुक्ति प्रदान करती हैं।

### आकर्षक पंडाल और सजावट

प्रखंड के बरकट्ठा, बंडासिंघा, बेलकपी, घंघरी, कलहाबाद, गंगपाचो,




कपका, गोरहर गैड़ा आदि स्थानों पर दुर्गा पूजा के लिए मंदिरों और पंडालों को आकर्षक लाइट, साउंड, गुब्बारे और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया है। पंडालों की आकर्षक डिजाइनों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था

बरकट्ठा व गोरहर पुलिस पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

# डॉ. कौशल व जिला पार्षद अमित ने छतरपुर के खाटीन में पूजा पंडाल व करमा में भक्ति जागरण का किया उद्धघाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल व उनके पिता विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कई पूजा स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मां दुर्गा व कन्या की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के विकास व समृद्धि की कामना की। छतरपुर के खाटीन में नव युवक संघ के तत्वावधान में नेपाल के एक मंदिर का प्रारूप में निर्मित पंडाल का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ बतौर मुख्य अतिथि ने मां जगदंबे की चरणों में थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधा समर्पित कर, कन्या पूजन के उपरांत दीप प्रज्वलित कर किया। छतरपुर के करमा गांव में मुख्य अतिथि ने बरगद का पौधा लगाकर व छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने फीता काटकर भक्ति जागरण का उद्घाटन किया। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि नवरात्रा में सृष्टि को बचाने के

■ पर्यावरणविद व पार्षद अमित ने बर का पौधा लगाकर व कन्या पूजन कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

लिए देवी स्वरूपा कन्याओं को पूजन करने का विधान है। वहीं पर्यावरण धर्म में पौधा दान कर वृक्ष देव को पूजन कर प्रकृति को बचाने का विधान है। जिला पार्षद अमित ने कहा कि पर्यावरण धर्म में अपने जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य पर पौधा लगाने या दान करने का विधान है । उसी के तहत वे देश व दुनिया में लोगों को जागरूक करने में दिन-रात लगे रहते हैं। कार्यक्रम में नीरज मिश्रा, टिंकू ठाकुर, रंजन कुमार मिश्रा, भानु कुमार, आलोक यादव, उपेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश पासवान, अजय मिश्रा, संजय मिश्रा, दीपू पांडे, चंदन व्यास विश्वकर्मा, विनय गुप्ता, शिवनाथ सुरीला शिक्षक अनिल प्रसाद, भूषण प्रसाद, शंकर प्रसाद अंकित, साकेत कुमार, पंकज विश्वकर्मा, पंकज सिंह, कृष्ण यादव, रंजन कुमार सोनू आदि शामिल थे।

# पूजा पंडाल में महिषासुर की जगह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** शहर के विष्णुपुर दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा समिति द्वारा राक्षस महिषासुर की जगह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मूर्ति बनाई गई है। इस मूर्ति पंडाल की चर्चा जिले भर में आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस पूजा पंडाल में मां दुर्गा महिषासुर के बदले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वध कर रही है। जहां पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ सभी प्रतिमाएं पहले की तरह है। लेकिन महिषासुर नहीं है, मां दुर्गा अपने भाला से जिसका वध कर रही हैं, वह डोनाल्ड ट्रंप है। शेर ट्रंप पर गुर्रा रहा है, एक हाथ में विषधर सांप लटका हुआ है और डोनाल्ड ट्रंप का चेहरा दर्द से चीखता हुआ दिख रहा है। यह प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है।इस संबंध में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति विष्णुपुर के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद का कहना है कि पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार हुआ है। तब-तब किसी न किसी रूप में माता का अवतार होता है और वह अत्याचारियों का वध करती हैं, सुख समृद्धि का वरदान देती है। इस बार हम लोग महिषासुर के जगह पर डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिमा बनाए हैं।

# वज्रपात से महिला की मौत, बच्ची घायल, मुखिया ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत में सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से 44 वर्षीय जमीला खातून (पति मो. कुदुश) की मौत हो गई। जमीला खातून बकरी चराकर लौट रही थीं, तभी अचानक आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आ गईं। परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

इसी दौरान दूसरी घटना में बब्बनाडीह की 14 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी (पिता राजू यादव) वज्रपात की तेज आवाज से बेहोश होकर गिर गई। उन्हें भी बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना पर धनवार पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया है और परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।3



# बिहार के छपरा जिला के अमनौर थाना स्थित पहाड़पुर गांव से हथिनी को किया गया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** 12 सितंबर 2025 को उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिला के विंध्याचल थाना स्थित शिप्रा गांव निवासी 45 वर्षीय नरेन्द्र कुमार शुक्ला उम्र वर्ष, पिता श्री गया प्रसाद शुक्ला ने लिखित आवेदन देकर हथनी जयामति को प्राथमिकी अभियुक्त 1. मुन्ना पाण्डेय उम्र 56 वर्ष, सा० तिलंगगंज थाना कछवाँ, जिला मिजार्पुर तथा 2. मन्ना पाठक उम्र 60 वर्ष पिता स्व० अलगु पाठक ग्राम मेडिया थाना चुनार जनपत मिजार्पुर 3. ताड़केश्वर नाथ तिवारी उम्र 42 वर्ष पिता हरिशचन्द्र तिवारी ग्राम बघेड़ा कला थाना जिगना जनपद जिला मिजार्पुर के द्वारा सदर थाना अन्तर्गत ग्राम चुकरू से वादी को बिना बताये कहीं ले जाने के आरोप में कांड दर्ज कराया गया था। 29 सितंबर 2025 को गुप्त सूचना मिली की कांड में चोरी गई हथनी बिहार

■ पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित मेदिनीनगर सदर थाना की टीम ने किया उद्भेदन

■ हथिनी को 27 लाख रुपए में खरीदने वाले छपरा के पहाड़पुर निवासी गोरख सिंह उर्फ अभिमन्यु को दिया गया जिम्मेनामा

राज्य के जिला छपरा, थाना अमनौर, सा० पहाड़पुर के गोरख सिंह उर्फ अभिमन्यु पिता सुदामा सिंह के यहां है। सूचना पर पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक टीम गठित कर सूचना का सत्यापन किया गया। सत्यापन के क्रम में बात प्रकाश में आई कि गोरख सिंह उर्फ अभिमन्यु पिता सुदामा सिंह के यहां हथनी है। वह वादी का ही है। शुरूआत में जब हाथी खरीदा गया था उसमें चार पार्टनर थे जिसमें एक वादी भी थे। उस समय हाथी की कीमत 40 लाख रुपया था। वादी के अलावा अन्य जो तीन पार्टनर थे वे वादी को बिना सूचना दिए वगैर 27 लाख रुपया में हथनी को गोरख सिंह उर्फ अभिमन्यु पिता सुदामा सिंह पता पहाड़पुर थाना अमनौर जिला छपरा बिहार को बेंच दिया। फिलहाल उक्त हथनी जयमति को विधिवत जब्त कर गोरख सिंह उर्फ अभिमन्यु पिता सुदामा सिंह पता पहाड़पुर थाना अमनौर जिला छपरा बिहार को ही जिम्मेनामा पर सौपा गया है। कांड अनुसंधान अन्तर्गत है।

# वाहन चालक ने बताया पेटियों में हैं अंडे, पुलिस ने खोला तो देखा विदेशी शराब की बोतले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मनातू थाना पुलिस ने सुबह एक बड़ी कार्रवाई में अवैध विदेशी शराब की तस्करी कर रहे एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। तस्करी की धंधे में लिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार की सुबह करीब 8.15 बजे मनातू थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली। बताया गया कि एक ग्रे रंग की मारूति सुजुकी इको कार में अवैध विदेशी शराब ले जायी जा रही है। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सह पुअनि निर्मल उरांव के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया।

टीम ने मनातू थाना गेट के सामने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। सुबह करीब 9.30 बजे, संदिग्ध ग्रे रंग की मारूति सुजुकी इको कार JH01CS- 2171 को रोका गया। वाहन में चालक के अलावा एक अन्य व्यक्ति मौजूद था। वाहन के बीच के हिस्से में चादर से ढकी हुई 14 बंद पेटियां मिली। शुरूआती पूछताछ में चालक व एक सहयोगी ने दावा किया कि पेटियों में अंडे हैं। लेकिन पेटियों को खोलकर जांच की गई, तो उनमें विदेशी शराब के सीलबंद बोतल पाए गए। अभियुक्तों के पास शराब की ढुलाई के कोई कानूनी दस्तावेज नहीं थे।

वाहन से ROYAL STAG (375 ml) की 06 पेटियां, कूल 144 सीलबंद बोतल, STERLING RESERVE (375 ml) की 07 पेटियां, कूल

■ मनातू थाना पुलिस ने अवैध विदेशी शराब तस्करी का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

168 सीलबंद बोतल, STERLING RESERVE (180 ml) की 01 पेटी, कूल 36 सीलबंद बोतल, मारूति सुजुकी इको JH01CS-2171 व रेडमी कंपनी का दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। शराब तस्करी के मामले में गढ़वा जिला के कांडी थाना स्थित कुसहा गांव के 31 वर्षीय दीपक कुमार,

गढ़वा जिला के ही भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव के 38 वर्षीय जितेंद्र कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों के विरुद्ध मनातू थाना कांड संख्या 63/2025, 30 सितंबर 2025 के तहत भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 274, 275, 317 (5), 3 (5) व झारखंड उत्पाद शुल्क अधिनियम की धारा 47(Ô) के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में टीम लीडर बना तू थाना प्रभारी सह पुअनि निर्मल उरांव, पुअनि सुरेंद्र उरांव, सअनि सत्येंद्र कुमार, आरक्षी मनोज राम, जितेंद्र उरांव शामिल थे। इधर पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि किसी को इस तरह की अवैध गतिविधियों की कोई भी जानकारी मिलती है, तो वे नजदीकी थाने में इसकी सूचना दे।

# आदर्श ग्राम जारबा में नवपत्रिका स्नान को लेकर गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी शोभायात्रा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू/चरही।** हजारीबाग जिले के चूरचू प्रखंड अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम जरबा में शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को नव पत्रिका स्नान एवं कलश यात्रा बजे गाजे के साथ धूमधाम से नगर भ्रमण करते हुए निकला गया ।

मंदिर परिसर में समाज के लोगों को पगड़ी बंधा कर सम्मानित किया गया। वही बुढ़िया माता की डोली को आकर्षक रूप से सजा कर माता की जयकारा लगाते हुए तय की गई रूट से नव पत्रिका स्नान को लेकर श्रद्धालु भक्त दूधी नदी पहुंचे जहां बालमुकुंद आचार्य के द्वारा विधि विधान व मंत्र उच्चारण कर नव पत्रिका स्नान विधिवत करवाया गया। माता की डोली को पुनः पंडाल में लाकर वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ स्थापना किया गया । शारदीय नवरात्र 2025 में पूजा समिति जरबा,एसके एंड ग्रुप एवं कमांड्स ग्रुप सहित कई सामाजिक संगठनों के द्वारा पूजा कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी

■ सांसद आदर्श ग्राम जरबा में 55 वर्षों से हो रही है शारदीय नवरात्र

निभाई है । इस मौके पर शारदीय नवरात्र 2025 पूजा कमेटी के अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, सचिव महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष रामदुलार राम, उपअध्यक्ष राजेश राम, सहसचिव राजेंद्र भुइया,दीपक कुमार राम, उपकोषाध्यक्ष राजू भगत, संरक्षक किशोर कुमार ठाकुर, जुलूस प्रभारी रामदुलार साव, संयोजक मनोज साव, कौशलेश किशोर,स ंचालक रामचंद्र रवि, पूजा लाइसेंस धारी अवध माली, परमेश्वर महतो, महेश राम ,कामाख्या भगत,बसंत भगत, सोनू , सुखनेंदू कुमार राय, रामशरण माली बाल भक्त आयुष, युगल किशोर साव, महेश राम, गणेश ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, मोनू कुमार चंदन रजक सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय पहुंचे पलामू दुर्गा बाड़ी, सपरिवार की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय मंगल वार की सुबह अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक अनौपचारिक दौरे में पलामू पहुंचे। वे मेदिनीनगर के बंगीय दुर्गा बाड़ी पहुंचकर वहां आयोजित संधि पूजा में शामिल हुए।

दुर्गा बाड़ी पहुंचने पर पलामू की एसपी रिश्मा रमेशन और दुर्गा बाड़ी के पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री मुखोपाध्याय आम लोगो के साथ कतार में लगकर पूजा में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने दुर्गा बाड़ी की इतिहास की जानकारी ली। हालांकि मीडिया से उन्होंने कोई बातचीत नहीं की। दुर्गा बाड़ी से रवाना होने से पहले उन्होंने यहां की परंपरा और पूजा पद्धति की काफी तारीफ की।

बंगीय दुर्गा बाड़ी के ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष शुभंकर चक्रवर्ती, सचिव जयंत विश्वास, अरूप चक्रवर्ती, सुमित भट्टाचार्य, मुनमुन चक्रवर्ती, आभा मुखर्जी, आशीष दाश गुप्ता, पीपी दाश गुप्ता, नंदोब्रतो बोरॉल, प्रसेनजीत दाश गुप्ता, शिवेश मोइत्रा, मल्लिका मोइत्रा, पृथा भट्टाचार्य, पायल मोइत्रा, नूपुर मोइत्रा आदि सदस्यों ने संयुक्त रूप से जज व उनकी पत्नी को सम्मानित किया। उन्हे स्मृति चिन्ह के रूप में दुर्गा प्रतिमा की तस्वीर दी गई। कार्यक्रम का संचालन बंगाली समिति की सचिव सैकत चटर्जी ने की।

# राहुल गांधी को धमकी देना दुर्भाग्यपूर्ण प्रवक्ता पर कार्रवाई हो : मंजीत यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राष्ट्रीय टीवी चैनल पर गोली मारने की धमकी देने के मामले में बरही विधानसभा कांग्रेस के युवा नेता मंजीत यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव के बयान की निंदा करते हुए कहा कि 'राहुल गांधी जी को नुकसान पहुँचाने से पहले करोड़ों कार्यकताओं के सीने से होकर गुजरना होगा।' मंजीत यादव ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा हताशा में ऐसे बयान दिलवा रही है।

उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने हमेशा संघर्ष झेला है—चाहे स्व. इंदिरा गांधी की शहादत हो या राजीव गांधी की शहादत—लेकिन वे कभी पीछे नहीं हटे। राहुल गांधी की आवाज भी तानाशाही सरकार दबा नहीं सकती। मंजीत यादव ने मांग की कि ऐसे गैरजिम्मेदाराना और भड़काऊ बयान देने वाले प्रवक्ता पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट फ्लैग मार्च व ड्रोन से निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही, हजारीबाग।** दुर्गा पूजा के अवसर पर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। सोमवार की शाम एसडीओ जोहन टुडू और एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में पुलिस बल ने बरही चौक से फ्लैग मार्च निकाला, जो मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः बरही चौक पहुंचा।

मार्च में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार और बरही पुलिस अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल रहे। रास्ते भर पुलिस की कड़ी मौजूदगी से लोगों को सुरक्षा का भरोसा मिला। अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों से बचने की अपील की। वहीं, भीड़भाड़ वाले इलाकों और पूजा पंडालों की सुरक्षा के लिए गश्ती बढ़ा दी गई है। बरही



चौक और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी ड्रोन कैमरे से भी की गई। फ्लैग मार्च में एसआई नागेंद्र पांडेय, एसआई सौरभ कुमार सहित सैकड़ों जवान मौजूद थे।

# पूजा पंडालों में पहुंचे प्रमुख और मुखिया, मां दुर्गा के किये दर्शन

**चुरचू/चरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में सोमवार को प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक और मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष एवं बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो ने माता रानी के दर्शन किए। इस दौरान मुखिया देवकी महतो ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन की कोशिश रहेगी कि दुर्गा पूजा का यह पर्व एकता, प्रेम और सद्भावना के साथ संपन्न हो। कार्यक्रम में चुरचू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, नीलकंठ महतो, किसुन महतो, महादेव राणा, लाल सिंह, इंदिरा पंचायत के उप मुखिया विनोद महतो, रमेश कुमार, लक्ष्मण विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, सुनील सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने किया नया ट्रांसफार्मर का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मेरमगडा में ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फिता काटकर किया। उन्होंने कहा कि यही वह गांव है जहां से हमने बिजली बील माफ एंव तीन सौ युनीट बिजली फ्री की मांग डुगडुगी बजाकर किया था।

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी गरीबों का बिजली बिल माफ किया साथ ही दो सौ युनीट बिजली फ्री दे रहे हैं।हम उनका आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने हम गरीबों की आवाज को समझा । मौके पर पुर्व मुखिया बसंत साव, राजकुमार नायक,



दर्शन सोनी,शुकर मांझी, बिनोद पासवान, प्रमोद पासवान, भोला दास, सुखदेव मांझी, आजाद अंसारी, सफीक अंसारी, मुस्लिम अंसारी ,उस्मान अंसारी, अर्जुन यादव,धनेश्वर यादव, दिनेश पासवान, सकलदेव पासवान, बबुन मांझी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन

## रेलवे रहा ओवर ऑल चैंपियन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रांची।** चार दिवसीय रोमांचक मुकाबलों के बाद बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 मंगलवार को संपन्न हुई। देशभर से पहुंचे शीर्ष एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड में दमखम दिखाते हुए कई शानदार रिकॉर्ड बनाए और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समापन के अवसर पर झारखंड सरकार के खेल निदेशालय के निदेशक शेखर जमुआर, पूर्व निदेशक सह आईपीएस सरोजिनी लकड़ा, एएफआई फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन मधुकांत पाठक, कुश्ती संघ के पदाधिकारी रजनीश कुमार सिंह समेत कई खेल संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और चैंपियनशिप के सफल आयोजन की सराहना की।

इस आयोजन के दौरान बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। देश के कई राज्यों के खिलाड़ी यहां पहुंचे और आने वाले समय में और भी बड़े आयोजन होंगे और इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप ने उसकी तैयारी को और पुख्ता कर दिया है। खेल विभाग खिलाड़ियों और खेल के क्षेत्र में लगातार बेहतर करने की दिशा में काम करता रहेगा: शेखर जमुआर, खेल निदेशक


**प्रमुख परिणाम इस प्रकार हैं-**
पुरुष 10,000 मीटर दौड़ – प्रिंस कुमार (ऑल इंडिया पुलिस) ने 30:25.15 मिनट में स्वर्ण पदक जीता।
महिला 10,000 मीटर दौड़ – रवीना गायकवाड़ (महाराष्ट्र) ने 35:30.16 मिनट में गोल्ड हासिल किया।
पुरुष ट्रिपल जंप – दिनेश वी (तमिलनाडु) ने 16.27 मीटर की छलांग से पहला स्थान पाया। झारखंड के विशाल बहादुर चौथे स्थान पर रहे।
महिला 400 मीटर हर्डल्स – रेलवे की ओलिंबा स्टेफी ने 58.93 सेकंड में स्वर्ण जीता।
पुरुष 400 मीटर हर्डल्स – गुजरात के रुचित मोरी ने 50.47 सेकंड में गोल्ड अपने नाम किया।
महिला 800 मीटर – रेलवे की पूजा ने 2:03.16 मिनट में स्वर्ण जीता।
पुरुष भाला फेंक (जैवेलिन थ्रो) – उत्तर प्रदेश के ऋषभ नेहरा ने 80.12 मीटर थ्रो कर पहला स्थान पाया।
महिला 3000 मीटर स्टिपलचेज – रेलवे की अंकिता ने 10:01.74 मिनट में गोल्ड जीता।
महिला लॉन्ग जंप – रेलवे की भावनी यादव ने 6.13 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण पदक जीता।

# घाघीडीह सेंट्रल जेल में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के घाघीडीह में स्थित सेंट्रल जेल में मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से की जा रही है। जेलकर्मी ने बताया कि जेल प्रबंधन और सभी कर्मचारियों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। जमशेदपुर में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। शहर में अलग-अलग जगह पर अलग-अलग थीम पर आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं। वहीं जमशेदपुर के घाघीडीह स्थित सेंट्रल जेल में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। घाघीडीह सेंट्रल जेल में 2009 से दुर्गा पूजा की जाती है। जेल परिसर के अंदर भव्य सजावट के साथ मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश और विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। मंत्र उच्चारण से पूरे जेल परिसर में भक्ति भावना बनी रहती है। पूजा में जेल कर्मियों के अलावा आसपास के लोग भी शामिल होते हैं। शारदीय नवरात्रि के सृष्टि से लेकर नवमी तक पूजा में भोग वितरण किया जाता है। बंदियों के बीच भी भोग बांटा जाता है। जेल परिसर में आयोजित दुर्गा पूजा को लेकर भव्य तरीके से सजाया जाता है। महाष्टमी के दिन पुष्पांजलि के बाद निःशुल्क सबको भोग वितरण किया गया। जेल कर्मी हवलदार विजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष यहां शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा की जाती है। जेल कर्मी और प्रबंधन के सहयोग से यह पूजा संपन्न होती है। पूजा में जेल के सफाई कर्मी भी अपना सहयोग देते हैं और जेल के बंदियों के बीच भोग का वितरण होता है।

# मखदुमपुर प्रखंड में 30 स्थानों पर स्थापित हुई मां दुर्गा की प्रतिमा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड में 30 स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए गए हैं, जहां मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस बाबत बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मखदुमपुर में 12 जगहों पर पंडाल बनाए गए है। टेहटा थाना क्षेत्र में 11 जगहों पर और विष्णुगंज थाना क्षेत्र में पांच जगहों पर एवं उमता धरनई थाना क्षेत्र में दो जगहों पर पूजा पंडाल बनाए गए हैं, जहां मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने बताया जिला प्रशासन के द्वारा सभी पूजा पंडालो में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। बताते चले की मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर पूजा पंडालो में मां के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगती रही जो महादशमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहेगी।

# 111 साल पुरानी परंपरा संग बेशकीमती आभूषणों से सजी मां दुर्गा, बंगीय दुर्गा बाड़ी की पूजा बनी आस्था का केंद्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**पलामू (मेदिनीनगर)।** परंपरा और प्रकृति का अद्भुत संगम है पलामू की ऐतिहासिक बंगीय दुर्गा बाड़ी की पूजा, जहां 111 वर्षों से मां दुर्गा की आराधना पारंपरिक विधि से होती आ रही है। इस पूजा की भव्यता और श्रद्धा का आलम यह है कि न केवल पलामू, बल्कि आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बंगीय दुर्गा बाड़ी में मां दुर्गा की प्रतिमा पारंपरिक शिल्पकला से तैयार की जाती है। श्रृंगार के लिए प्रतिमा को लाखों रुपये के सोने और चांदी के आभूषणों से सजाया जाता है। समिति के सदस्य प्रतिमा का श्रृंगार विशेष विधि से करते हैं, जिसमें तीन से चार घंटे का समय लगता है। 37 से अधिक प्रकार के आभूषणों से मां दुर्गा के स्वरूप को अलंकृत किया जाता है, जिसके बाद उनका दिव्य रूप श्रद्धालुओं के सामने प्रकट होता है। बंगीय दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के सचिव बिपेंदु गुप्ता ने बताया कि यहां की पूजा परंपरागत ढोल-ढाक और संस्कृति से जुड़े आयोजनों के साथ संपन्न होती है। यह परंपरा कई दशकों से लगातार जारी है। वहीं, समिति के सदस्य देवेश मैत्रा और सैकत चटर्जी ने कहा कि इस आयोजन से शहर का हर व्यक्ति जुड़ा हुआ है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु न केवल पूजा का हिस्सा बनता है, बल्कि भीड़ प्रबंधन में भी सहयोग करता है। भव्य प्रतिमा, पारंपरिक संगीत और प्रकृति के नजदीक पूजा विधि—ये सभी मिलकर बंगीय दुर्गा बाड़ी की पूजा को आस्था और आकर्षण का केंद्र बना देते हैं।

# सासाराम किसान महापंचायत में औरंगाबाद से हजारों किसान होंगे शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने घोषणा की है कि 10 अक्टूबर 2025 को सासाराम में ऐतिहासिक किसान महापंचायत का आयोजन होगा। इस महापंचायत को राकेश टिकैत के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के अन्य राष्ट्रीय नेता भी संबोधित करेंगे। महापंचायत को सफल बनाने के लिए औरंगाबाद से सैकड़ों ट्रैक्टरों का कूच सासाराम के लिए किया जाएगा। औरंगाबाद के सत्येंद्र नारायण सिंह स्मारक भवन में आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता दिनेश कुमार ने कहा कि बिना मुआवजा दिए किसानों की लहलहाती धान की फसलों को रौंदकर बर्बाद करना देश और किसान हित के खिलाफ है। जब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होगी और किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जमीन का सही वर्गीकरण नहीं हुआ और न ही किसानों को वर्तमान बाजार दर से चार गुना मुआवजा मिला। अंचल कार्यालय में एलपीसी बनाने में हो रही लूट को मोर्चा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। दिनेश कुमार ने जनप्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें तय करना होगा कि वे किसानों के पक्ष में हैं या सरकार और प्रशासन के। सांसद सुधाकर सिंह को छोड़ किसी जनप्रतिनिधि ने किसानों पर हुए अत्याचार की सुध नहीं ली है। आने वाले समय में किसान भी अपना पक्ष स्पष्ट करेंगे और असली जनप्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारे पुरखों ने खेत को बेटे से अधिक महत्व दिया। जैसे सैनिक देश की रक्षा के लिए शहादत देते हैं, वैसे ही विकास के लिए अगर किसान अपनी जमीन देता है तो उसके साथ भी वैसा ही सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रुपयों से जमीन की कीमत नहीं आंकी जा सकती, लेकिन सरकार किसानों की जमीन छीनकर कॉरपोरेट को देना चाहती है। इसके खिलाफ किसानों को संघर्ष करना ही होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश ठप था, तब भी कृषि उद्योग चलता रहा और लोगों की उम्मीद गांव और खेतों से जुड़ी रही। इसलिए खेत किसानों के लिए जीवन से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। सासाराम किसान महापंचायत में औरंगाबाद से हजारों किसान शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएंगे। किसान चौपाल की अध्यक्षता राज कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर किसान नेता मुखिया मनोज कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, विजेंद्र मेहता, जगत प्रसाद सिंह, भोला पंडित, रामजीवन, विक्की कुमार, अमरेश दुबे, अमरेंद्र पांडे, अनुज कुमार सिंह और अन्य किसान नेताओं ने भी संबोधित किया।

# हिलसा में पूजा पंडाल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, अफरा-तफरी का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना के समीप बड़ी दुर्गा मंदिर स्थित पूजा पंडाल में सोमवार की देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अचानक उठे धुएं और लपटों से पंडाल में अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालु और स्थानीय लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। मुख्य पुजारी अमित बाबा ने बताया कि रात करीब 10 बजे अचानक पंडाल में धुआं उठने के बाद आग फैल गई। देखते ही देखते पंडाल का कपड़ा जलकर नीचे गिरने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग और बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं, बिजली विभाग ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद कर दी और पोल की मरम्मत का कार्य शुरू किया। इस कारण इलाके में कई घंटों तक बिजली बाधित रही।

# नवादा में दुर्गा पूजा का त्योहार परवान पर





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**नवादा।** 10 दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्र का त्योहार नवादा जिले में अपने परवान पर चढ़ गया है। सप्तमी से ही नवादा में दुर्गा पंडालों में माता का दर्शन करने और मेला घूमने वाले लोगों की भीड़ बाजार में देखी जा रही है। ऐसे तो बंगाली पद्धति से मनाए जाने वाले दुर्गा पूजा और पाठ करने वाले रेलवे कॉलोनी में छठी से ही माता का पट खुल गया और श्रद्धालुओं ने दर्शन करते हुए मन की मुरादे पूरी होने की कामना की। नवादा शहर में ऐसे तो तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जाती है। नवादा नगर के न्यू एरिया, गढ़ पर, गोदापुर, महावीर मार्केट, देवी स्थान, काली चौक, पुरानी बाजार, सागरमल, भगत सिंह चौक, प्रसाद बीघा, जवाहर नगर, नगर थाना रोड, रामनगर, गोनावां, वीआइपी कॉलनी, हटिया पर, अगिया बेताल, इंदिरा चौक, गोवर्धन मंदिर , देवी मंदिर, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड, गोला रोड, ठाकुरवादी रोड, मिर्जापुर, 3 नंबर बस स्टैंड, बुंदेलखंड, पार नवादा लिटिल फ्लावर, सद्भावना चौक, बिजली कॉलोनी सहित अन्य स्थलों पर माता दुर्गा की प्रतिमा बिठाकर पूजा अर्चना किया जाता है। सप्तमी से माता का दर्शन करने पंडालों को देखने और मेला घूमने वाले लोगों की भीड़ काफी देखने को मिल रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे तो सभी पूजा पंडालों के पास सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इसके साथ-साथ शहर के अनेक स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। नवादा जिला प्रशासन की ओर से इस बार मेला में सुरक्षा की खास इंतजाम किया गया है, जिससे कि किसी को भी कोई परेशानियों का सामना करना नहीं पड़े। जगह-जगह पर विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से खोया पाया शिविर लगाया गया है। अग्निशमन विभाग को भी चुस्त दुरुस्त रहने का निर्देश जारी किया गया है। ऐसे तो जिला प्रशासन द्वारा सभी पूजा पंडालों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी तरह के ऐसे भाषण और गीतों का प्रयोग नहीं हो जिससे कि मामला बिगड़ जाए। प्रशासन की ओर से भीड़ को देखते हुए वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश का कहना है कि नवादा शहर के लोग सुरक्षित मेला घूमने के लिए चार पहिया वाहन का उपयोग नहीं करेंगे। शहर में इसकी पाबंदी की गई है। रात भर चलने वाले इस मेल में पुलिस प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। विभिन्न रास्तों में भी लाइट का इंतजाम किया गया है। सुरक्षा लाइट के साथ-साथ साफ सफाई का भी ख्याल रखा गया है।

# औरंगाबाद में संशोधन के बाद मतदाताओं की संख्या 18,24,462

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए लोकतंत्र की मजबूती एवं चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता सूची को और अधिक त्रुटिरहित पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने हेतु सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान की गई और उनके सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में यह जानकारी दी कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान कुल 1,59,980 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इस संशोधन के बाद जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 18,24,462 हो गई है जिसमें पुरुष मतदाता 9,64,722 हैं, महिला मतदाता 8,59,709 हैं तथा तृतीय लिंग मतदाता 31 हैं। साथ ही स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या जिनका नाम मतदाता सूची से हटा है 89,199 है। यह बैठक लोकतंत्र की प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने एवं भविष्य के निर्वाचन कार्यों को सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली तथा मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल के सदस्य उपस्थित रहे।

# गोह में संजय प्रसाद कुशवाहा का जनसंपर्क अभियान तेज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**गोह।** जन सुराज पार्टी से टिकट के प्रमुख दावेदार इंजीनियर संजय प्रसाद कुशवाहा इन दिनों गोह विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के जरिए चर्चाओं में हैं। देवकुंड धाम से अभियान की शुरुआत करने के बाद उन्होंने हथियारा, बनतारा, उपहरा, बैजलपुर, तेआप, मेहंदीपुर, अंबेडकर चौक, दरगाह, बाजार वर्मा, चपरा, मल्हद, देहरी, बक्सर, झकटिया, भुरकुंडा, टंडवा, हमीद नगर, मीरपुर और वर्मा खुर्द सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। ग्रामीण इलाकों में संजय प्रसाद कुशवाहा की ईमानदार छवि और विकास पर केंद्रित दृष्टिकोण ने लोगों को खासा प्रभावित किया है। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार सृजन, किसानों के लिए आधुनिक तकनीक, युवाओं के कौशल विकास और महिलाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका अनुभव और साफ सुथरी कार्यशैली गोह को विकास की नई दिशा दे सकती है। हसपुरा प्रखंड के इटवां गांव निवासी कुशवाहा ने गुजरात विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग और एमडीआई गुरुग्राम से एमबीए की पढ़ाई की है। यूरोपियन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से इंटरनेशनल फाइनांस व मार्केटिंग में विशेषज्ञता हासिल करने और इंग्लैंड स्थित पीएमआई से अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन लेने के बाद उन्होंने एनटीपीसी में करीब तीन दशक तक सेवाएं दीं। यहां उन्होंने बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और उद्योग से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया और दो बार 'उत्कृष्ट सेवा सम्मान' प्राप्त किया। कुशवाहा का कहना है कि गोह को जात-पात और परंपरागत राजनीति से बाहर निकालकर ठोस समाधान और स्थायी विकास की राह पर लाना समय की मांग है। वे अपने प्रशासनिक अनुभव और विकास के स्पष्ट रोडमैप को जनता तक पहुंचाने में जुटे हैं। लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से मिल रहे हैं और समर्थन जुटा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के इस तेवर ने गोह की राजनीति में नई हलचल पैदा

# करंट की चपेट में आए युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत जकरिया गांव में हाल ही में करंट की चपेट में आए युवक शीतल यादव की मौत पर शोक व्यक्त करने रविवार को विधायक नेहालुद्दीन गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और उन्हें ढांढ़स बंधाया। विधायक ने बताया कि कृषि कार्य के दौरान 11 हजार वोल्टेज के तार की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी, जो अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने परिजनों को सरकारी मुआवजा दिलवाने और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लल्लू, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, शफी खान, आरिफ, तारीक इमाम और रिंकू खान भी मौजूद थे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

## नामजद आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने मुंजाड़ी गांव निवासी अमर कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि कुछ महीने पूर्व गांव में हुई मारपीट की घटना में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तभी से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे दबोच लिया और विधि सम्मत कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

# नवरात्रि के नौवें दिन आज मां सिद्धिदात्री की होगी पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** नवरात्रि के नौवें दिन आज बुधवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री सिद्धियां और मोक्ष देती हैं। उनकी पूजा करने से सारे काम पूरे होते हैं। मोक्ष मिलता है। पुजारी दिलीप पाठक ने बताया कि नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का खास महत्व है। मां कमल के फूल पर बैठती हैं। उनकी पूजा में नौ तरह के फल और फूल चढ़ाए जाते हैं। उन्हें विद्या और कला की देवी सरस्वती का रूप भी माना जाता है। बताया कि भक्त नवरात्रि के नौ दिनों तक उपवास और पूजा-अर्चना करके मां दुर्गा की कृपा पाते हैं। उन्हें मनचाहे फल की प्राप्ति होती है। घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। देवी-देवता, गंधर्व, ऋषि और असुर भी माता सिद्धिदात्री की पूजा करके आठ सिद्धियां प्राप्त कर सकते हैं। अंत में मोक्ष प्राप्ति होती है।

**क्या है पूजा करने की विधि**
पुजारी ने बताया कि सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मां सिद्धिदात्री की प्रतिमा या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें। मां को कमल का फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।

**मां सिद्धिदात्री का क्या है मंत्र**
मां सिद्धिदात्री के मंत्र सिद्धिदात्री नमः का जाप करें। मां की आरती करें और दुर्गा सप्तशती या अन्य धार्मिक ग्रंथों का पाठ करें।

**मां सिद्धिदात्री का क्या है प्रिय भोग**
मां सिद्धिदात्री को प्रसन्न करने के लिए भक्त कई तरह के भोग लगाते हैं। हलवा, पूरी, चना, फल, खीर और नारियल जैसे प्रसाद चढ़ाए जाते हैं। मान्यता है कि जामुनी या बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से विशेष फल मिलता है। भोग लगाने के बाद मां सिद्धिदात्री माता की विशेष रूप से आरती की जाती है। इस दिन तिल का भोग या विभिन्न प्रकार भोग लगाएं। इससे सभी प्रकार के सांसारिक सुखों को प्राप्ति होगी।

**कन्या पूजन का विधान**
नवरात्रि के नौवें दिन कन्या पूजन किया जाता है। इस दिन नौ कन्याओं और एक बालक का पूजन करने का विधान है। हालांकि अपनी क्षमता के अनुसार 5,3 एवं एक कन्याओं का पूजन भी किया जा सकता है।

# नवादा–पावापुरी नई रेल लाइन को केंद्र सरकार की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा नवरात्रि के पावन अवसर पर नवादा के लिए बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने बताया केंद्र सरकार द्वारा नवादा–पावापुरी नई रेल लाइन (25.1 किमी) के निर्माण को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सांसद ने कहा यह अबतक का रेलवे में नवादा के लिए सबसे महत्वपूर्ण विकास कार्य है। यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब जाकर पूरा हुआ है। सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि यह परियोजना 'न्यू रेल लाइन वर्क्स अक्रॉस इंडियन रेलवे' (अम्बरेला वर्क 2024-25) के अंतर्गत चलाई जाएगी। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 492.15 करोड़ होगी, जिसमें सिविल कार्य – 415.70 करोड़, विद्युत कार्य – 47.24 करोड़, सिग्नल एवं टेलीकॉम (S&T) – 29.21 करोड़ शामिल हैं। विवेक ठाकुर ने कहा यह परियोजना नवादा को सीधे पटना और दिल्ली मेन लाइन से जोड़ने की दिशा में पहला चरण है। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। यह परियोजना नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सांसद विवेक ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए नवादा लोकसभा वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अष्टमी तिथि को श्रद्धालुओं ने किया पूजा अर्चना

**नारदीगंज,नवादा।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर अष्टमी तिथि को मंगलवार को नारदीगंज बाजार स्थित माता काली व माता दुर्गा का पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। इसके अलावा बस्ती बिगहा बाजार, परमा, मसौढा व हंडिया गांव स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 30-09-2025 21:52 Page 1



# ग्रामीणों की रायशुमारी करने पहुंची मंत्रियों की टीम

## लोगों ने पूछा विस्थापित हुआ तो पुनर्वास और लाभ की क्या है योजना?



मामला सारंडा को वन्य प्राणी अभ्यारण्य घोषित करने का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** झारखंड के विशाल वनों में शुमार सारंडा को वन्य प्राणी अभ्यारण (सेंचुरी) घोषित करने के प्रस्ताव पर सरकार अब ग्रामीणों की रायशुमारी कर रही है।

इसी क्रम में छोटानागरा के मचानगुटू मैदान में झारखंड के मंत्रियों की टीम की उपस्थिति में एक विशाल आमसभा आयोजित की गई।

सभा में हजारों ग्रामीणों के अलावा पंचायत प्रतिनिधि, मुंडा-मानकी, सामाजिक व राजनीतिक संगठन और कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और परिवहन की विशेष व्यवस्था की गई थी। सभा की अध्यक्षता मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की।

टीम में मंत्री दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव और दीपिका पांडेय सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। इनके साथ सांसद जोबा माझी, विधायक सोनाराम सिंकू, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, जगत माझी, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी सोरेन, उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु और सारंडा डीएफओ अभिरूप सिन्हा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

सभा की शुरूआत डीएफओ अभिरूप सिन्हा ने संक्षिप्त संबोधन से की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी राय ही अंतिम रिपोर्ट का आधार बनेगी और किसी भी योजना को जबरन लागू नहीं किया जाएगा। इसके बाद समिति ने गांव-गांव से आए प्रतिनिधियों से सीधा संवाद शुरू किया।

सभा में ग्रामीणों ने कई मुद्दों को खुलकर रखा। सबसे अहम सवाल जमीन और परंपरागत अधिकारों का था। लोगों ने स्पष्ट कहा कि उनके खेत, वनोपज और पूजा-स्थलों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी।

खनन और रोजगार को लेकर भी नाराजगी झलकी। ग्रामीणों ने कहा कि खदानें जंगल और नदी-नाले तो बर्बाद कर रही हैं, लेकिन स्थानीयों को रोजगार नहीं मिल रहा।

कई बंद खदानों को फिर से चालू करने और सौ प्रतिशत रोजगार सारंडा के युवाओं को देने की मांग उठी। मुखिया लिपि मुंडा और अन्य प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि क्या सेंचुरी बनने पर गांवों को विस्थापित किया जाएगा? यदि ऐसा है तो पुनर्वास और लाभ की क्या योजना है? स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी भी बड़ा मुद्दा रहा। ग्रामीणों ने कहा कि डीएमएफटी का पैसा खर्च हो रहा है लेकिन अस्पतालों में बेड तक उपलब्ध नहीं।

पोंगा नदी पर पुल अब तक नहीं बन पाया, जिससे आवाजाही में दिक्कत होती है। सभा में दर्जनों गांवों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। लगुड़ा देवगम ने कहा कि सेंचुरी बने तो पहले ग्रामीणों का संरक्षण और विकास सुनिश्चित हो।

रोआम के रामो सिद्धू ने खदानों को रोजगार देने में विफल बताया। पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर चांपिया ने कहा कि ग्रामसभा की अनुमति के बिना कोई फैसला मान्य नहीं होगा।

मुखिया मंगल सिंह गिलुआ ने साफ कहा, अगर फायदा होगा तो समर्थन करेंगे, लेकिन अस्तित्व और अधिकार से समझौता नहीं करेंगे। वहीं कई ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार का दबाव बताया।

सेंचुरी के पक्ष में तर्क दिए गए कि इससे वन्य प्राणियों का संरक्षण होगा, जैव विविधता बचेगी और ईको-टूरिज्म से नई रोजगार संभावनाएं खुलेंगी। वहीं विरोध करने वालों का कहना था कि इससे पारंपरिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे, खेती-मवेशी चराई और वनोपज पर रोक लग सकती है।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने आश्वस्त किया- सरकार आपकी भावनाओं के खिलाफ नहीं जाएगी विस्थापन का खतरा बढ़ जाएगा। सभा के समापन में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक मयार्दा का पालन करना जानती है।

हम आपकी भावनाओं के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाएंगे। जो भी निर्णय होगा, वह आपकी राय और संविधान के दायरे में होगा।

हिंसा का कोई रास्ता नहीं, हम मिलकर शांतिपूर्ण समाधान निकालेंगे। अब समिति ग्रामीणों की राय को संकलित कर रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसे आगामी दिनों में सरकार को सौंपा जाएगा। इससे तय होगा कि सारंडा को सेंचुरी घोषित करने पर अंतिम निर्णय क्या होगा।

# डांडिया पंडाल के पास हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** नवरात्र पर जहां एक ओर शहरभर में डांडिया और गरबा की धूम मची रही, वहीं नाजिरपुर मोहल्ले में हंगामे ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। देर रात डांडिया पंडाल के पास एक युवती के पुराने और नए प्रेमी आमने-सामने आ गए। इसके बाद मौके पर ड्रामा शुरू हो गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया गया कि नवरात्र की पूजा के बीच युवती अपने नए प्रेमी के साथ कार में घूम रही थी। इसी दौरान उसका पुराना प्रेमी लगातार कॉल कर रहा था।

फोन उठाने पर युवती ने बहाना बनाया कि वह अपनी मां के साथ डांडिया पंडाल में आई है। युवक को शक हुआ और वह सीधे नाजिरपुर पहुंच गया। वहां उसने युवती को नए प्रेमी संग कार में देखा तो आपा खो बैठा। इसके बाद दोनों प्रेमियों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। शोर-शराबा सुनकर पंडाल में मौजूद लोग भी मौके पर पहुंच गए। अचानक हुए इस ड्रामे से वहां अफरातफरी मच गई। कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाने लगे, तो कुछ ने युवती को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया।

हालांकि, स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से मामला किसी तरह शांत हुआ और युवती को स्वजन के हवाले कर दिया गया। मोहल्ले में देर रात तक इस घटना की चर्चा होती रही। पुलिस को घटना की सूचना दी गई है।

# पंडालों में उमड़ी श्रद्धा की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बाघोपुर मनोकामना दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है। जिसको लेकर आज आठवीं दिन मां महागौरी की पूजा आरती मैं हजारों श्रद्धालु श्रद्धा भक्ति दिखाई दी दुर्गा पूजा के दौरान लोगों की सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे, आने जाने वाले लोगो के लिए यातायात की सुगम व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाए सहित अन्य सेवा मेला समितियों के सहयोग से किया जा रहा है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि बाघोपुर मनोकामना दुर्गा मंदिर की महिमा काफी अपरंपार है। जो भी सच्चे मन से माता के दरबार में आते हैं उनकी मुरादे निश्चित ही पूरा होता है। पूजा के दौरान काफी संख्या में भक्त माता के मंदिर में कलश स्थापित कर माता की पूजा अर्चना करते हैं। मेला समिति के द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान भव्य मेला का आयोजन कराया जाता है माता का पट खुलते ही दर्शन को लेकर क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ उमरी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि माता के दरबार में आने वाले जिस भी भक्त का मनोकामना पूर्ण होता है। वह पूजा के दिन माता का दर्शन करने जरूर आते है और पूरे परिवार के साथ माता के दरबार में आकर पूजा अर्चना में भाग लेकर संध्या आरती में भी जरूर भाग लेकर माता को तरह तरह प्रसाद वस्त्र आदि चढ़ाकर माता का आशिर्वाद प्राप्त करते है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति को माता स्वप्न में दिखी थी। उसी के बाद से ही इस मंदिर में माता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा की पूजा अर्चना होती आ रही है बाघोपुर बाजार सहित स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से समिति सदस्यों के द्वारा भव्य रूप से पूजा पंडाल बनाकर नवरात्रा के नौ दिनों तक कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तस्ति पाठ के साथ मां जगदंबा की पूजा अर्चना किया जाता है। माता का पट खुलने के बाद भव्य रूप से पूजा अर्चना किया जाता है। दूर दराज से पहुंचने वाले माता के दर्शन करने वाले भक्तों के लिए पूजा अर्चना के साथ मंदिर परिसर में भव्य मेला लगाया जाता है। जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले और मिठाई खिलौने की दुकानें लगाई जाती है। मेला समिति सदस्यों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शांतिपूर्वक मेला संपन्न कराया जाता है। शांति व्यवस्था में पूजा संपन्न को लेकर पुलिस पदाधिकारीयो की भी तैनाती रहती है।

# मवेशी कारोबारी से वसूली करने वाला थानाध्यक्ष निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** शाहकुंड थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर जयनाथ शरण को बांका जिले के मवेशी खरीद-बिक्री करने वाले कारोबारी से जबरन वसूली मामले में रेंज आईजी विवेक कुमार ने निलंबित कर दिया है।

इस मामले में सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने थानाध्यक्ष जयनाथ शरण की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आईजी से कार्रवाई की अनुशंसा की थी। सिटी एसपी द्वारा की गई जांच में जबरन वसूली के अलावा केस दर्ज करने में हेराफेरी और वारंट पंजी में घोर लापरवाही बरते जाने की बात सामने आई थी।

उक्त मामले में रेंज आईजी ने जांच रिपोर्ट और पूरे प्रकरण की विवेचना के बाद जयनाथ शरण को सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र बना दिया है।

बांका जिले के कारोबारी ने की थी शिकायत बांका जिले के अमरपुर थानाक्षेत्र स्थित दौना पवई निवासी मवेशी खरीद-बिक्री करने वाले मुहम्मद एजाज ने जबरन वसूली करने समेत कई गंभीर आरोप लगा आवेदन दिया था।

उसने जानकारी दी थी कि किस तरह थानाध्यक्ष जयनाथ शरण वैध दस्तावेज होने के बाद भी बिचौलिए की सहायता से जबरन रुपये वसूली कराते हैं। जिस कारोबारी ने रुपये नहीं दिए तो उसके विरुद्ध दुधारू मवेशी की तस्करी के आरोप में झूठा केस दर्ज कर उसे जेल भेजने तक की कार्रवाई कर रहे हैं।

मामले में रेंज आईजी ने 17 अप्रैल को सिटी एसपी शुभांक मिश्रा से जांच कराया था। जांच में सिटी एसपी ने शाहकुंड थानाध्यक्ष जयनाथ शरण पर लगे आरोप को सही पाते हुए जबरन वसूली, विरोध करने वालों पर झूठा केस, वारंट पंजी में हेराफेरी करने की बात सामने आई।

जिसके बाद आईजी ने कार्रवाई करते हुए शरण को निलंबित कर दिया है। जांच के क्रम में यह बात भी सामने आई कि मालखाना प्रभार को लेकर भी अवर निरीक्षक मुकेश कुमार से कई बार अनुरोध किए जाने के बाद भी प्रभार नहीं लिया।

# शिलान्यास बनाम चुनौती से गरमायी सियासत

## चौक- चौराहों पर चर्चा तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** वजीरगंज विधानसभा में चुनावी बिगुल अभी आधिकारिक रूप से नहीं बजा है, लेकिन जमीनी समर शुरू हो चुका है। भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को विकास के नाम पर ऐसा शिलान्यास तूफान खड़ा किया कि पूरे इलाके में सियासी थमार्मीटर अचानक चढ़ गया।

मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत 10 परियोजनाओं की शुरूआत ने यह साफ कर दिया कि अब लड़ाई सिर्फ बूथ की नहीं, बल्कि छवि की भी है।

मानपुर प्रखंड गयाजी नगर निगम राणा नगर के वार्ड 50 से लेकर वार्ड 53 तक पीसीसी सड़क, नाला और अपग्रेडेशन के नाम पर एक के बाद एक शिलान्यास हुए। इसके अलावा, जनकपुर राणानगर अजय सिंह के आवास से पीसीसी पथ, प्रो. राजेंद्र सिंह बुढ़ी के पास सड़क-नाला, मनोकामना मंदिर से बुढ़िया प्रेस पास रोड जैसी अन्य योजनाओं पर कुल बजट सीधे करोड़ों में पहुंचा।

इन योजनाओं की लागत दो करोड़ 58 लाख रुपए तक आंकी गई है। इसके अलावा पूर्व के दो से तीन महिनों में वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह के द्वारा करोड़ों रुपए के दर्जनों योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है।

स्थानीय स्तर पर चर्चा ये भी है कि शिलान्यास की रफ्तार देखकर कोई कह नहीं सकता कि चुनाव में साल भर बाकी है। समर्थक इसे विकास की वैक्सीन बता रहे हैं, जबकि विरोधी इसे चुनावी इंजेक्शन करार दे रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में मिट्टी, सीमेंट, जेसीबी और पटका-बैनर फिलहाल पोस्टरबाजी से ज्यादा चर्चा में हैं।

वजीरगंज विधानसभा में पिछले पांच वर्षों की अधूरी मांगों को प्राथमिकता देकर जमीन पर उतारा जा रहा है। जिसमें मुख्य मांग मानपुर सिक्स लेन पुल से मेहता पेट्राल पंप तक फ्लाई ओवर ब्रिज था। जिसे विधायक के द्वारा जमीन पर उतारा गया है और मिट्टी टेस्टिंग का भी कार्य जारी है। इसके बन जाने के बाद जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी।

इसके अलावा, जिले के अन्य विधानसभा के विधायक भी इसी रफ्तार में परियोजनाएं लान्च कर रहे हैं ताकि वोट से पहले वोटर को छू लिया जाए। भाजपा का संगठनात्मक तंत्र भी पूरे फार्म में है। फोटो, वीडियो, जनसभा, वार्ड विजिट और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारण से हर कार्यक्रम को पब्लिक कनेक्शन में बदलने की तैयारी जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस बार जनता हिसाब बही खोलकर देखने वाली है, इसलिए विधायक लगातार पंचायत-दर-पंचायत जाकर सर्वे, उद्घाटन और संवाद कर रहे हैं।

इस बार मुकाबला सीधा दिख रहा है। महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी शशि शेखर सिंह मैदान में पूरे दमखम के साथ डटे हैं। पिछली बार मामूली अंतर से हारने के बाद इस बार उनका अभियान और धारदार है। गांवों में जनसंवाद, युवाओं की बैठकें, बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन और चौपाल स्तर पर संपर्क अभियान से वे भाजपा को आंखों-आंखों में जवाब दे रहे हैं।

उनका आरोप है कि सड़क और नाली के नाम पर चुनावी महोत्सव शुरू किया गया है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, जो प्रस्ताव सालों से धूल खा रहे थे, उन पर अब मुहर इसलिए लगाई जा रही है क्योंकि जनता वोट देने वाली है। उधर, भाजपा इसे विकास का सिलसिला बताकर विपक्ष की बेचैनी का सबूत मान रही है।

वजीरगंज में अभी से एक लाइन सबसे ज्यादा दोहराई जा रही है। ये शिलान्यास चुनावी चौका है या बैकफुट का बचाव। एक ओर सत्ता पक्ष विकास की गली मजबूत कर रहा है, तो दूसरी तरफ विपक्ष जमीनी स्तर तक पकड़ जमा रहा है। 2025 का महासमर यहां मंच नहीं, सड़क, नाली और जनता के मूड पर तय होता दिख रहा है।

# जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर हुई 21 लाख

**बेगूसराय।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में मंगलवार को जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। एक जुलाई 2025 की अहर्ता तिथि के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम तुषार सिंगला द्वारा प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के मुताबिक जिले में कुल मतदाताओं की संख्या अब 21 लाख 29 हजार 452 हो गई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 30 हजार 640, महिला मतदाताओं की संख्या नौ लाख 98 हजार 773 एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 39 है। प्रकाशत अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जिले का निर्वाचक लिंगानुपात 883 है। जबकि निर्वाचक जनसंख्या अनुपात 0.59 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम के मुताबिक जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या दो हजार 537 है। इस लिहाज से अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प्रति मतदान केंद्र औसतन मतदाताओं की संख्या 839 निर्धारित किया गया है।

# गंडक में डूबने से दो सगे मासूम भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** डंडारी थाना क्षेत्र की कटरमाला दक्षिणी पंचायत के कटरमाला गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। घर के पास बूढ़ी गंडक नदी किनारे बने बांध पर खेलते समय आठ वर्षीय दीवाना कुमार एवं पांच वर्षीय आदर्श कुमार लुढ़ककर नदी में जा गिरा। गहरे पानी में डूबने से दोनों मासूम सगे भाई की मौत हो गई। मृतक दोनों बच्चे गांव के गोपी तांती के पुत्र थे।

स्वजनों ने बताया कि दोनों भाई घर के पास खेल रहे थे। खेल-खेल में अचानक वे बांध से फिसलकर नदी में समा गए। स्वजनों और ग्रामीणों ने बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विवेक कुमार, सीओ और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद दोनों के शव निकाले गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी सह बलिया डीएसपी साक्षी कुमारी भी मौके पर पहुंचीं एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेजा गया। इस हादसे से गोपी तांती के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनके दो पुत्रों की एक साथ मौत से घर का चिराग बुझ गया।

मां पार्वती देवी, पिता गोपी तांती और बहनें जुली व चंचल का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में दशहरा की



खुशियां मातम में बदल गईं। दो भाइयों की एक साथ उठी अर्थी ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। ग्रामीण और जनप्रतिनिधि स्वजनों को सांत्वना देने पहुंचे।

स्थानीय विधायक सूर्यकांत पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय तांती एवं मुखिया प्रतिनिधि रामउदगार महतो ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। विधायक एवं जिला परिषद अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में परिवार को हर संभव सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** विद्युत विभाग की निष्क्रियता से प्रखंड का एक गांव विगत एक माह से अंधेरे में डूबा हुआ है। गांव के लोग अंधेरे में जीने को मजबूर हैं, जिससे गांव में पानी से लेकर अन्य कई मूलभूत समस्या खड़ी हो गई है। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने विद्युत विभाग के विरोध में प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व कार्तिक कुसुम ने किया। मालूम हो कि गांव जाने वाली कई विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं तो कई पोल टूटकर जमीन पर गिर गए हैं।

विद्युत तार को पेड़ में बांधकर छोड़ दिया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी को एक मांग-पत्र भेजा गया है। भदवरिया गांव एक माह से अंधेरे में डूबा हुआ है, जिसकी भनक विद्युत विभाग को नहीं लगी। नल-जल योजना के तहत पीएचईडी विभाग द्वारा नाला खुदाई के दौरान बिजली के चार पोल और तार क्षतिग्रस्त हो जाने से पूरे गांव की आपूर्ति बाधित है। स्थिति यह है कि सैकड़ों ग्रामीण बिना रोशनी के जिंदगी जीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने कहा कि शाम ढलते ही गांव घोर अंधकार में डूब जाता है।

इससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। वहीं, महिलाएं और बुजुर्गों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारों के मौसम में भी गांव में उदासी छाई हुई है। अभाविप कार्यकर्ता एवं छात्र नेता कार्तिक कुसुम यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सहायक विद्युत अभियंता झाझा को सौंपा गया, जिसमें शीघ्र बिजली बहाली की मांग की गई है।

बता दें कि पिछले वर्ष ग्रामीण और अभाविप द्वारा काफी मशक्कत से गांव में बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया था। इधर, सहायक अभियंता विनोद कुमार नागर ने इसकी जल्द जांच कराकर विद्युत आपूर्ति कराने की बात कही।

# हथियार के बल पर व्यवसायी से लाखों लूटे

**समस्तीपुर।** हसनपुर थाना क्षेत्र में आलू और प्याज के थोक कारोबारी को बदमाशों ने निशाना बनाया है। आधा दर्जन अपराधियों ने पिस्टल के बल पर तीन लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। लूट की वारदात से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर-राजघाट पथ के कोकनी मोड़ की है। बाजार सीमेंट व्यवसायी निर्मल बड़बड़िया की जमीन के चारदीवारी के पास आधा दर्जन हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। आलू-प्याज व्यवसायी कोकनी गांव निवासी रुपेश कुमार को निशाना बनाया गया। रुपेश बाजार के इमली चौक रोड स्थित अपनी आलू प्याज के थोक दुकान बंद कर अपने कर्मी संतोष कुमार महतो के साथ रुपये से भरी थैली लेकर साइकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे।

इसी दौरान रुपये लूटने के साथ ही रुपेश के गले से सोने का चेन और संतोष का मोबाइल भी छीन लिया। व्यापारी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एक को गोली मारी दूसरे को बट से मारकर किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजान पीर चौक के निकट सामान लेने के दौरान दुकानदार से हुए विवाद में बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। जबकि दूसरे युवक को पिस्तौल की बट से मार कर सिर फोड़ दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक को परिवार वालों ने बेहतर इलाज के लिए जोहरी बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

घायल युवक अंजान पीर चौक निवासी स्वर्गीय विजय साह के पुत्र सुनील कुमार उर्फ लालू बताया गया है। वहीं, विशाल कुमार को बदमाशों ने पिस्तौल की बट से मार कर घायल कर दिया। युवक को गर्दन में गोली मारी गई है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार एसआई राहुल कुमार सदर अस्पताल पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार अंजान पीर चौक के निकट लालू कुमार एक दुकान पर पानी लाने गया था। दुकान पर काफी भीड़ होने के कारण सामान लेने के क्रम में दुकानदार से कहासुनी हुई।

दोनों के बीच विवाद धीरे-धीरे बढ़ गया। विवाद की



सूचना पर दुकानदार के पुत्र दो बाइक पर करीब आधा दर्जन समर्थक के साथ मौके पर पहुंचकर गोली चला दी। जिसमें लालू कुमार को एक गोली गर्दन पर लग गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव का माहौल है। घटना की सूचना पर नगर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि एक युवक की गोली लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायल युवक से जानकारी लेने के पश्चात कार्रवाई की जा रही है।

# अनियंत्रित ई रिक्शा पलटने से सात महिलाएं जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** चौसा-बक्सर मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा मोड़ व यादव मोड़ के बीच आइटीआइ केंद्र के पास एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में चालक सहित सात महिलाएं घायल हो गईं।

सभी घायलों को तत्काल चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां तीन महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए बक्सर सदर अस्पताल रेफर किया। जानकारी के अनुसार, इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव से एक परिवार की महिलाएं उत्तर प्रदेश के गहमर स्थित कामख्या मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। चौसा से यादव मोड़ की ओर बढ़ रहे ई-रिक्शा के पास आइटीआइ केंद्र के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इससे बचने के प्रयास में ई-रिक्शा चालक असंतुलित हो गया, जिसके चलते ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में सवार सभी महिलाएं और चालक घायल हो गए। हादसे के समय वहां से गुजर रहे चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार यादव और काजू मिश्रा ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को चौसा सीएचसी पहुंचाया।

घायलों में हकीमपुर निवासी अनिल राय की 55 वर्षीय पत्नी पूनम देवी, अरविंद राय की 50 वर्षीय पत्नी उषा देवी, अजय राय की 40 वर्षीय पत्नी कंचन देवी, उपेंद्र राय की 60 वर्षीय पत्नी श्रद्धा देवी, रामजी राय की 10 वर्षीय पुत्री आस्था कुमारी, चालक विनय खरवार और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे। चौसा सीएचसी के चिकित्सक डा. मणिपाल ने बताया कि पूनम देवी, उषा देवी और कंचन देवी की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया।

अन्य घायलों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया। हादसे की खबर फैलते ही अस्पताल में भीड़ जमा हो गई। मुफस्सिल थाना प्रभारी शंभू भगत ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों की जानकारी प्राप्त की।

CMYK

# सहकारिता मंत्री ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन कार्यों का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना और मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि बुनियादी सुविधाओं से वंचित किसी भी नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे। इसी उद्देश्य से नाली, पथ, सामुदायिक भवन और घाट निर्माण जैसी परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वार्ड संख्या 32 में 5.03 लाख और 6.62 लाख की लागत से नाली निर्माण, वार्ड संख्या 31 में 6.83 लाख की लागत से पथ निर्माण, वार्ड संख्या 41 में




6.23 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड संख्या 30 (इमालियाचक) में 6.87 लाख की लागत से नाली निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड संख्या 16 में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया और 11.97 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण का शिलान्यास हुआ। वार्ड संख्या 4 छोटकी नवादा में 3.22 लाख, वार्ड संख्या 3 में 5.57 लाख और वार्ड संख्या 29 में 4.57 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत वार्ड संख्या 30 में 12.48 लाख की लागत से पथ निर्माण, वार्ड संख्या 22 में 11.61 लाख की लागत से सीढ़ियां घाट निर्माण, वार्ड संख्या 4 में 16.66 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण, वार्ड संख्या 3 अंतर्गत खरखुरा में 7.80 लाख और जगदेव नगर में 33 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह प्रयास गया नगर क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करेगा। आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्वच्छ, सुरक्षित व सुव्यवस्थित शहरी जीवन का सपना साकार होगा। स्थानीय नागरिकों ने इन निर्माण कार्यों पर खुशी जताई और कहा कि इससे जलजमाव की समस्या खत्म होगी, आवाजाही सुगम होगी और सामाजिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मौके पर अधिवक्ता मुकेश शर्मा, वार्ड पार्षद उपेंद्र कुमार, प्रेम सागर, हरि यादव, बंटी वर्मा, सुशील पासवान, शंभू यादव, शिवनारायण चंद्रवंशी, कौशलेंद्र सिंह, श्रीकांत कुमार, दिवाकर कुमार, बउआ, वेद प्रकाश, गौतम, अशोक गुप्ता, पम्मी सिंह, बबलू चंद्रवंशी, गौतम रजक, करण गुप्ता और छोटे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शेरघाटी शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** दुर्गापूजा के अवसर पर शेरघाटी शहरी क्षेत्र में संभावित अत्यधिक भीड़, यातायात जाम एवं विधि व्यवस्था की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। प्रशासन के आदेशानुसार 29 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक शेरघाटी शहरी क्षेत्र में भारी वाहन, व्यवसायिक वाहन, टेम्पू, टोटो रिक्शा आदि के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में इन वाहनों को शहर के चारों ओर स्थित रिंग रोड के वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाएगा। इस व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू कराने के लिए प्रशासन ने दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की है। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रित रहे और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं ए एस पी शैलेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रशासन ने आम नागरिकों, वाहन चालकों और व्यवसायियों से अपील की है कि वे इस अस्थायी व्यवस्था में सहयोग करें और त्योहार को शांतिपूर्वक व सुरक्षित रूप से मनाएं।

## एक नजर

### पूर्व पैक्स अध्यक्ष ने की गाली गलौज व फायरिंग करने की शिकायत दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी प्रखण्ड के छठवां पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार द्वारा टिकारी थाना में गाली गलौज करने व फायरिंग करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित जितेंद्र कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि सोमवार की रात्रि अपने गांव चिरैली में संचालित जेनरल स्टोर पर अन्य लोगों के साथ बैठा था। इसी दौरान दुकान पर आकर एक युवक द्वारा बहस की जाने लगी। बहस के दौरान ही युवक द्वारा हथियार निकाल फायर कर दिया गया। श्री कुमार ने फायर करने का आरोप शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोला बाजार के रहने वाले प्रिंस कुमार उर्फ भीम पर लगाया। श्री कुमार ने प्रिंस के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मामले की शिकायत मिलते ही गश्ती दल रात को ही मामले की जांच की। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत को लेकर जांच की जा रही है। अब तक बताये गये घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है।

### दशहरा को लेकर शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** दशहरा को लेकर शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई। पाबंदी आगामी दो अक्टूबर को सुबह आठ बजे से रात्रि 12 बजे तक के लिए लगाई गई है। पाबंदी के पालन कराने को लेकर शहर के पांच प्रवेश पॉइंट पर बैरिकेडिंग कर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के हस्ताक्षर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार चिरैली मोड़ पर पीआरएस दीपक कुमार, कॉलेज मोड़ पर पीआरएस रामसेवक प्रसाद, बेलहड़िया मोड़ डाकबंगला के समीप पीआरएस राजदेव पासवान, बेलहड़िया कब्रिस्तान के समीप पीआरएस धर्मेंद्र कुमार व बहेकिया बिगहा केसपा मोड़ के समीप पीआरएस विरण कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। मजिस्ट्रेट के साथ टिकारी थाना से पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। प्रतिनियुक्त किये गए मजिस्ट्रेट को 30 नवंबर से दो अक्टूबर तक सुबह आठ बजे से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोकने की बात कही। नप ईओ को बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया है।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद(गयाजी)।** मंगलवार को सेवा पर्व के चौदहवें दिन जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय जहानाबाद के प्रांगण में डीईओ के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आम जन को वृक्षारोपण अभियान से व्यापक रुप से जुड़ने का आह्वान किया। जिले भर में राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर आज 100 पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

### अकाल और ऑपरेशन सिंदूर की रचनाओं पर खूब बजी तालियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच की मासिक बैठक में अकाल और ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य विषयों पर रचित मगही रचनाओं को सुनाया गया जिसने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। मगही रचनाकार बच्चू शर्मा ने कविताओं के माध्यम से कहा कि खर्चा नय घटतो त न जुटतो खर्ची, सोना तो रोजी नय बिक जइतो पहुंची--रचनाओं पर खूब तालियां बजी। हिन्दी रचना ऑपरेशन सिंदूर के तहत रचनाकार ने कहा कि पीओके हम वापस लेंगे कहता हिन्दुस्तान रे, मर जाएगा मिट जाएगा सुन ले पाकिस्तान रे, सुन ले बेशरम--सहित अन्य रचनाएं भी सुनाई गई। रचनाकार ने कहा कि मगह की माटी से पैदा हुए इस मगही भाषा हम भूलते जा रहे हैं, इस भाषा में अपनों को प्यार से जोड़े रखने की शक्ति है।

## डीएम ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत मांगने के आरोप में किया निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में चार लाख रुपए का रिश्वत मांगने वाले राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। राजस्व कर्मचारी से जुड़ा एक ऑडियो जिले के डीएम शशांक शुभंकर के व्हाट्सएप पर मिला था। इसकी छानबीन की गई तो ऑडियो सही प्रतीत हुआ जिसके बाद राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई गया डीएम के द्वारा की गई है। सोमवार शाम को डीएम शशांक शुभंकर के व्हाट्सएप पर डोभी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार के खिलाफ एक ऑडियो आया था। इस ऑडियो में राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए दलाल के माध्यम से 4 लाख रूपए की रिश्वत मांगी गई थी। ऑडियो मिलने के बाद इसकी सत्यता की जांच की गई तो ऑडियो सही प्रतीत हुआ। इसके बाद डीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोप के घेरे में आए राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार को निलंबित कर दिया। डीएम के निर्देश पर इस मामले की पूरी जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल जो ऑडियो मिला है, उसके संबंध में प्रशासन की ओर से बताया गया है कि वह प्रथम दृष्ट्या सही प्रतीत होता है और इसकी अग्रतर जांच जारी है। फिलहाल में राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम शशांक शुभंकर ने बताया गया है कि जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। इस तरह से कोई यदि रिश्वत मांगता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डोभी अंचल कार्यालय में पोस्टेड राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार के खिलाफ एक ऑडियो आया था जिसमें चार लाख रुपए रिश्वत मांगने की बात सामने आई थी। प्राप्त ऑडियो के सुने जाने पर यह बात सामने आई कि राजस्व कर्मचारी के द्वारा राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए अपने दलाल के माध्यम से 4 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई है जो प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होता है। फिलहाल आरोपित राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच होगी और अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

## नवरात्र शक्ति, श्रद्धा और आस्था का पर्व : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने नवरात्र के पावन अवसर पर गया नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कई पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्र शक्ति, श्रद्धा और आस्था का पर्व है। गयाजी की विभिन्न समितियों द्वारा इस वर्ष भव्य दुर्गा पूजा पंडालों का आयोजन किया गया है जिनमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय, दुर्गा पूजा समिति चांदचौरा, 108 बड़ी अंबा महारानी, दुर्गा पूजा युवा समिति, सत्यकाम समिति, यंग सोसायटी क्लब और काली पूजन समिति समेत कई अन्य शामिल हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना



कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवरात्र मां दुर्गा की उपासना और शक्ति साधना का पर्व है। मां सभी भक्तों पर अपनी कृपा बरसाएं और बिहार को प्रगति, शांति और समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने लोगों से इस पर्व को श्रद्धा, सौहार्द और भाईचारे की भावना से मनाने का आह्वान किया। मौके पर विकास कुमार, प्रेम सागर, सुधीर शर्मा, हरि यादव, संतोष सिंह, टिंकू गोस्वामी और निकिता रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व : डॉ. मनीष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गया शहर के गोदावरी रोड स्थित भैरव स्थान के पास सामुदायिक भवन में भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ उपस्थित हुए। कन्या पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है जिसमें नवरात्र के दौरान छोटी बच्चियों को देवी दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजन किया जाता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित कई प्रमुख नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधिवत



कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि के इन पावन दिनों में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। हमारी संस्कृति में कन्या को देवी का स्वरूप माना गया है और कन्या पूजन कर हम मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सौ वर्षों की यात्रा में समाज को सेवा, राष्ट्रवाद और संस्कारों से जोड़ा है। मौके पर सेवा भारती के अभिषेक राज, नीरज कुमार सिंह, चंदन कुमार, धीरज कुमार, मंटू कुमार, विकास दुबे, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, हीरा यादव, सत्येंद्र कुमार, सत्तू लाल, बिहारी यादव, गोपाल यादव, दीपक पांडे, बबलू गुप्ता, महेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अष्टमी पर श्रद्धालुओं की भीड़, पंडालों में आकर्षक सजावट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** मंगलवार को दशहरा की अष्टमी के अवसर पर कोंच प्रखण्ड के उतरेंन, उसास, सिंघड़ा, आंती, काबर सहित कई स्थानों पर प्रतिमा और भव्य पंडाल सजाए गए। आकर्षक रोशनी और सजावट से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा है। सुबह से ही श्रद्धालु प्रतिमाओं के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पंडालों में उमड़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर बाजार तक जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। पंडालों में बज रहे भक्ति गीत और ढोल-नगाड़े से वातावरण गूंजायमान है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन सतर्क दिख रहा है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न



हो। अष्टमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना और कन्या पूजन का आयोजन भी किया जा रहा है। शाम होते ही पंडालों में और अधिक भीड़ जुटने की संभावना है। दशहरा पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है।

## डीएम ने अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची कराई उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** अहर्ता तिथि 1 जुलाई 2025 के तहत विशेष विशेष गहण पुनरीक्षण कार्यक्रम के आलोक में मंगलवार 30 सितंबर को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा बैठक आयोजित की गई और उक्त बैठक में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्र में 1563126 पुरुष मतदाता, 1406273 महिला मतदाता एवं 36 अन्य मतदाता हैं। इस प्रकार कुल 2969435 मतदाता हैं। गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 150438 है, महिला मतदाता 133549 है एवं अन्य मतदाता 02 है। इस प्रकार गुरुआ विधानसभा में कुल 283989 मतदाता है। शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 145019 है, महिला मतदाता 132436 है एवं अन्य मतदाता 06 है। इस प्रकार शेरघाटी विधानसभा में कुल 277461 मतदाता है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 158245 है, महिला मतदाता 142635 है एवं अन्य मतदाता 08 है। इस प्रकार इमामगंज विधानसभा में कुल 300888 मतदाता है। बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 162357 है, महिला मतदाता 146682 है एवं अन्य मतदाता 01 है। इस प्रकार बाराचट्टी विधानसभा में कुल 309040 मतदाता है। बोधगया विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 170452 है, महिला मतदाता 154788 है एवं अन्य मतदाता 02 है। इस प्रकार बोधगया विधानसभा में कुल 325242 मतदाता है। गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 144947 है, महिला मतदाता 133609 है एवं अन्य मतदाता 03 है। इस प्रकार गया टाउन विधानसभा में कुल 278559 मतदाता है। टिकारी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 160024 है, महिला मतदाता 139634 है एवं अन्य मतदाता 10 है। इस प्रकार टिकारी विधानसभा में कुल 299668 मतदाता है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 146467 है, महिला मतदाता 129101 है एवं अन्य मतदाता 02 है। इस प्रकार बेलागंज विधानसभा में कुल 275570 मतदाता है। अतरी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 160650 है, महिला मतदाता 145432 है एवं अन्य मतदाता 01 है।

## हिंदी हमारी भावनाओं और संस्कृति की आत्मा : कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं और संस्कृति की आत्मा है। इसलिए हमें इसे अपने दैनिक व्यवहार और शैक्षणिक कार्यों में सहज रूप से अपनाना चाहिए। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने मंगलवार को हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कही। उन्होंने विश्वविद्यालय में दैनिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी के हो रहे इस्तेमाल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें और उत्कृष्टता लाने का आह्वान किया। कुलपति ने हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं के प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भाषा और समाज दोनों को जीवंत बनाते हैं।कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, प्रो. बुधेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. समरेश भारती (सहायक प्राध्यापक), प्रो. आर. के. सिंह (विशेष कार्य पदाधिकारी), प्रतीश कुमार दास (उपकुलसचिव), कुमार कौशल (उपकुलसचिव), शशि रंजन, अमित कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, लालकृष्ण, विनोद कुमार, डॉ. मनीषा तिवारी (हिन्दी अधिकारी), सरिता मिश्रा (हिन्दी अनुवादक), हिटलर प्रसाद हिंदी टंकक एवं अन्य संकायगण, कार्मिकगण एवं विद्यार्थिगण भी उपस्थित थे। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह बड़े ही उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दो सप्ताह तक चले इस आयोजन के दौरान निबंध लेखन, वाद-विवाद, स्वरचित कविता पाठ, राजभाषा प्रश्नोत्तरी और सुलेख जैसी विविध प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता और आत्मीयता को बढ़ाया। समापन समारोह में कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अंत में डॉ. मनीषा तिवारी (हिन्दी अधिकारी) ने सभी का आभार व्यक्त किया और जीवन एवं कार्य में हिंदी को और अधिक अपनाने का आह्वान किया। पखवाड़ा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## बीटी बीघा गांव में असामयिक मौत से टूटा परिवार, बच्चों के भविष्य पर संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के बीटी बीघा गांव में एक महिला की असामयिक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार मृतका, मन्नू मिश्रा की पुत्रवधू थी जिनका निधन पटना में इलाज के दौरान हो गया। चिकित्सकों ने उन्हें कैंसर पीड़ित बताया था। परिवार पहले से ही विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहा था क्योंकि मृतका के पति सुनील मिश्रा का करीब छह वर्ष पूर्व किडनी खराब हो जाने के कारण निधन हो गया था। पति-पत्नी दोनों के असमय चले जाने से उनके दो छोटे बच्चे बेसहारा हो गए हैं। बताया जाता है कि एक बच्चे की उम्र लगभग 15 वर्ष जबकि दूसरे की उम्र करीब 8 वर्ष है। दोनों बच्चे मां-बाप के निधन से पूरी तरह टूट चुके हैं और परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दादा-दादी की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है जिससे बच्चों के लालन-पालन और पढ़ाई-लिखाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों और परिवार के सदस्यों ने सरकार एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि इस दुख की घड़ी में बेसहारा हुए बच्चों की देखभाल और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गांव के लोग भी परिवार को ढाढस बंधा रहे हैं और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दे रहे हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय कला मंच, गया महानगर द्वारा नवरात्र के पावन अवसर पर महारानी पैलेस, सीता कुंड में एक भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, महिलाएं एवं शहरवासी सम्मिलित हुए और गरबा नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट और पारंपरिक माहौल से सुसज्जित किया गया था।

## बुढ़िया नदी में चांपी गांव को जोड़ने वाली पुलिया निर्माण से ग्रामीणों को मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** जन सुराज नेता ने अपने निजी मद से चांपि पंचायत को जोड़ने वाली बुढ़िया नदी में बनाया पुल। बताते चलें कि प्रखंड के चांपी गांव के पास जन सुराज के नेता पवन किशोर ने अपने निजी मद से ग्रामीणों की सुविधा के लिए पुलिया का निर्माण कराया। इस पुलिया के बनने से चांपी, समदा, झौर समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब तक ग्रामीणों को शेरघाटी आने-जाने के लिए बुढ़िया नदी का



पानी पार करना पड़ता था जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों को काफी परेशानी होती थी। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने 'पुलिया नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाकर अपनी मांग को मजबूती से उठाया था। ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पवन किशोर ने तुरंत पुलिया निर्माण का निर्णय लिया और अल्प समय में इसे पूरा कराया। पुलिया तैयार होने के बाद अब वाहनों की आवाजाही आसान हो गई है और पैदल यात्रियों को भी सुरक्षित मार्ग मिल गया है। ग्रामीणों ने पवन किशोर के इस पहल की सराहना की और उनका आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान अब जाकर संभव हो सका। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई गई थी, लेकिन किसी ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। इस मौके पर पवन किशोर ने कहा कि ग्रामीणों को जात-पात से ऊपर उठकर ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन करना चाहिए जो उनकी समस्याओं को सुनें और समय पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र और समाज के विकास के लिए सही नेतृत्व चुनना बेहद जरूरी है। पुलिया निर्माण के उद्घाटन कार्यक्रम में निशांत कुमार मल्लू, धर्मेंद्र सिंह माधव, डब्लू कुमार, अमित पांडे, अनिल सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कर्मचारियों के लंबित भुगतान हेतु लिए गए निर्णय पर जताया हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली के वर्किंग कमेटी सदस्य कामरेड मिथिलेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि मंडल रेल प्रबंधक डीडीयू उदय सिंह मीणा से मिलकर सभी कर्मचारियों के बकाया ओटी, टीए, एनडीए तथा एनएच जो काफी लंबे समय कुछ तो 2022 से लेकर मार्च 2025 तक का है जिसे वेटिंग अथवा जांच के नाम पर लंबित रखा गया है का भुगतान करने का अनुरोध पिछले सप्ताह किया था और उन्होंने आश्चर्यजताते हुए कहा कि इस तरह का लेट लतीफी वह बर्दाश्त नहीं करेंगे और आश्वासन दिया कि शीघ्र भुगतान होगी।

# संपादकीय

## अक्खी दुनिया एक तरफ, मेरा इंडिया एक तरफ

एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 9वीं बार एशिया कप की ट्रॉफी जीत ली है। लेकिन इस जीत से ज्यादा टीम इंडिया का ट्रॉफी लेने से इनकार करना चर्चा का विषय बन गया। राजनीतिक तनाव के कारण भारतीय टीम ने एसीसी के चेयरमैन और पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। इस घटना के बाद भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का एक इंस्टाग्राम पोस्ट वायरल हो गया। इसमें वह एक चाय के कप के साथ पोज देते हुए पाकिस्तान का मजाक उड़ा रहे थे। यह पोस्ट और अन्य भारतीय खिलाड़ियों के हावभाव ने खूब सुर्खियां बटोर रही है। इस वक्त दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बहुत ज्यादा है। इसी वजह से टीम इंडिया ने एसीसी के चेयरमैन और पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली। पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन शुरू होने में देरी हुई। इसके बावजूद टीम इंडिया अपने फैसले पर अड़ी रही। नतीजतन नकवी विजेता ट्रॉफी और मेडल अपने होटल वापस ले गए। पाकिस्तान की परेशानी यहीं खत्म नहीं हुई। कई भारतीय खिलाड़ियों ने ऐसे हावभाव दिखाए और बयान दिए जो सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो गए। लेकिन स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का इंस्टाग्राम पोस्ट सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। यह पोस्ट टीम की जीत का जश्न मना रहा था। चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं। इनमें टीम इंडिया को एक काल्पनिक ट्रॉफी के साथ जीत का जश्न मनाते देखा गया। एक तस्वीर में स्पिनर अपने बिस्तर पर लेटे हुए थे। वह एक चाय के कप के साथ पोज दे रहे थे। ऐसा लग रहा था जैसे वह कप ही जीतने वाली ट्रॉफी हो। अक्खा दुनिया एक तरफ, और मेरा इंडिया एक तरफ। जय हिंद। चक्रवर्ती ने फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारी ड्रामे के बीच टीम इंडिया ने जीत का जश्न मनाया। भारतीय टीम का ये जश्न देखने लायक था, क्योंकि खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी के पाकिस्तानियों की छाती पर तांडव कर दिया। दरअसल टीम इंडिया के चैंपियन बनने के बाद एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ मोहसिन नकवी एशिया कप की ट्रॉफी और मेडल अपने साथ लेकर वापस चले गए। कप्तान बिना ट्रॉफी लिए रोहित शर्मा के अंदाज में स्टेज पर चढ़े और चैंपियन की तरह एक्ट किया। फिर क्या था टीम इंडिया के इस जश्न का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।ऐसे में भारतीय टीम के ने ये तय कर लिया है कि अगर वह फाइनल में पहुंचती है और चैंपियन बनती है तो वह पाकिस्तान के ही एसीसी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे।

**केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं।**

## संवाद से समाधान तक- लेह-लद्दाख में हिंसा का सबक

(ललित गर्ग )

सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक एवं विध्वंसक होना, विरोध प्रदर्शन, पुलिस के साथ झड़प और आगजनी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और उन्होंने लेह में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी और उसके बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया। आमतौर पर बेहद शांत रहने वाले लद्दाख के लिए यह बहुत बड़ी घटना है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दो सप्ताह से अनशन पर थे, उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी अनशनरत थे, जिनकी तबीयत बिगड़ने से जन-आक्रोश एवं हिंसा भड़की। इस हिंसा ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर यह घटना वहाँ की जनता के असंतोष और बेचैनी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत देती है कि लंबे समय से किए जा रहे वादे और आश्वासन क्यों अधूरे रह गए और क्यों स्थानीय लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं?

सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था। तब सरकार ने वादा किया था कि हालात सामान्य होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। लोगों ने सोचा था कि अब उनकी पहचान, संस्कृति और स्थानीय अधिकार और अधिक सुरक्षित होंगे। लेकिन इसके विपरीत उनकी आशंकाएँ बढ़ीं। उन्हें लगा कि संघ शासित प्रदेश के रूप में दिल्ली से संचालित प्रशासन स्थानीय जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने और पूरा करने में असफल हो रहा है। इसी कारण 6 साल बाद लोगों का भरोसा और सब्र डगमगाने लगा। इसी के चलते सोनम वांगचुक को अहिंसक आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, जो कतिपय कारणों से हिंसक हो गया। हालांकि, हिंसा के बाद वांगचुक ने अपना अनशन त्याग कर आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की हिंसा से शांतिपूर्ण आंदोलन का मेरा संदेश आज विफल हो गया। अगर युवा गलत रास्ते पर जाएंगे, तो इससे हमारे वास्तविक उद्देश्य गुम हो जायेंगे। वाकई, लद्दाख के संयमी समाज को सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। वांगचुक का पूरा आंदोलन अहिंसक रहा है। सरकार से मतभेद होने पर भी उन्होंने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। उनके समर्थन में खड़े युवाओं को इसे समझना चाहिए। हिंसा से समस्या जटिल हो जाएगी। लद्दाख की जो भौगोलिक स्थिति है, उसे देखते हुए वहां के लोगों को कानून-व्यवस्था के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। लद्दाख का केंद्रशासित प्रदेश बनना एक नये सूरज का उदय होना है और इसका वहां के लोगों ने स्वागत भी किया था। इस क्षेत्र को कश्मीर घाटी के वर्चस्व से



मुक्ति मिली थी, पर वहां के लोगों की महत्वाकांक्षा को राजनीति रंग देकर एवं संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के अंधेरों में धकेल कर इसके वास्तविक उद्देश्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा की गई है।

हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। मीडिया माध्यमों से कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी 6 अक्टूबर, 2025 को एक वार्ता का दौर निर्धारित था, जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के सदस्य शामिल होने वाले हैं। जब बातचीत होने ही वाली है, तो ऐसे विरोध प्रदर्शन की क्या जरूरत थी? लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनमें यह डर है कि अगर शासन उनके हाथ में न रहा तो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होगा। इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। वास्तव में, यह पूरा आंदोलन राजनीतिक प्रवृत्ति का है। इस प्रदर्शन को साफ तौर पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। कहा जा रहा है कि ताजा विरोध-प्रदर्शन केन्द्र से बातचीत को अनुकूल दिशा में ले जाने की रणनीति का हिस्सा है।

लद्दाख के लोग चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का अधिकार मिले ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। साथ ही उनकी यह भी माँग है कि उन्हें संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए जिससे उनकी भूमि, संसाधन, परंपराएँ और रोजगार सुरक्षित रहें। रोजगार के अवसरों की कमी और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा ने इस असंतोष को और गहरा किया है। लेह और कारगिल के बीच प्रतिनिधित्व को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। लगातार समितियाँ बनीं, बातचीत हुई, आश्वासन दिए गए, लेकिन जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के भीतर अविश्वास बढ़ा। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है।

आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। लोग यह महसूस करने लगे कि उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। लद्दाख की जनता के भीतर असुरक्षा की भावना इसलिए भी है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी भूमि और संसाधनों पर बाहरी दखल बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासनिक संस्थाएँ जैसे हिल डेवलपमेंट काउंसिल्स कमजोर कर दी गई हैं और महत्वपूर्ण फैसले केंद्र के हाथ में केंद्रित हो गए हैं। इससे यह भावना गहराती है कि स्थानीय समाज की आवाज़ को दबाया जा रहा है। जब लंबे समय तक विश्वास और संवाद की कमी बनी रहती है तो जनता के धैर्य का बाँध टूट जाता है। यह सिर्फ राज्य का दर्जा पाने की माँग नहीं है बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, पहचान और न्याय पाने की जद्दोजहद है।

लद्दाख की जनता यह चाहती है कि उनके अधिकारों को संवैधानिक गारंटी मिले, उनके संसाधनों की सुरक्षा हो और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि सरकार ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें समयबद्ध और स्पष्ट तरीके से लागू कर दिया जाता तो शायद स्थिति यहाँ तक न पहुँचती। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार संवाद और विश्वास बहाली की दिशा में ठोस कदम उठाए। संवैधानिक गारंटी देकर, स्थानीय प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाकर, रोजगार और शिक्षा की योजनाओं को मजबूती देकर ही इस असंतोष को शांत किया जा सकता है। लद्दाख की जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके हित सुरक्षित हैं, तभी हिंसा और आक्रोश का माहौल शांति और भरोसे में बदला जा सकेगा। लोगों में यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि फैसलों में लद्दाख के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इसका सबसे बेहतर तरीका है पारदर्शिता। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि सरकार के लिए हर मांग मानना और तुरंत मानना संभव नहीं होता। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## कन्या पूजन के दिन बिल्कुल भी ना करें ये गलती, माता रानी हो सकती हैं नाराज



(सुषमा कुमारी)।

शारदीय नवरात्रि का पर्व 22 सितंबर से शुरू हो चुका है। इस दौरान मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। वहीं, नवरात्रि की अष्टमी और नवमी तिथि को विशेष रूप से कन्या पूजन किया जाता है। इस दिन भक्त नौ कन्याओं और एक बालक को भोजन कराते हैं। इसे देवी दुर्गा की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। लेकिन कन्या पूजन में कुछ नियमों का पालन करना बहुत जरूरी माना जाता है। क्योंकि छोटी-सी भी गलती करने पर इस व्रत का फल अधूरा रह सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि कन्या पूजन के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### स्वच्छ स्थान पर भोजन कराएं

कन्या पूजन के दिन सबसे पहला नियम है कि भोजन हमेशा साफ-सुथरे स्थान पर करवाना चाहिए। कन्याओं को बैठाने से पहले जगह पूरी तरह स्वच्छ होनी चाहिए। साथ ही कन्याओं के चरणों को पानी से धोकर ही भोजन कराना चाहिए। कहा जाता है कि ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

### सात्विक भोजन करवाएं

कन्या पूजन में भोजन सात्विक होना चाहिए। इसका मतलब है कि इसमें प्याज, लहसुन या किसी भी प्रकार के तामसिक भोजन का प्रयोग नहीं होना चाहिए। कन्याओं और बालक को हलवा, पूरी, चने और सब्जी खिलाना चाहिए। इससे पूजा का महत्व बढ़ता है और व्रत का फल मिलता है।

### कन्याओं का अपमान न करें

कन्या पूजन के दौरान कई बार छोटे बालक या कन्याएं शरारत कर सकती हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उनका अपमान किया जाए। इस दिन आपको हमेशा धैर्य और प्रेम के साथ उनका सम्मान करना चाहिए। क्रोध या कठोर व्यवहार व्रत की पूजा में बाधा डाल सकता है। इसलिए पूजा के समय हमेशा शांति और आदर बनाए रखना जरूरी है।

### काले कपड़े न पहनें और न दें

कन्या पूजन के दौरान काले वस्त्र पहनना अशुभ माना जाता है। न केवल पूजा करने वाले को बल्कि कन्याओं को भी काले कपड़े गिफ्ट में नहीं देने चाहिए। हिंदू धर्म में काले रंग को नकारात्मक ऊर्जा से जोड़ा जाता है, इसलिए इसे पूजा में शामिल करना वर्जित है।

### दक्षिणा देना अनिवार्य

कन्या पूजन के बाद दक्षिणा देना एक अनिवार्य माना जाता है। दक्षिणा केवल एक रस्म नहीं है, बल्कि यह कन्याओं के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। आप दक्षिणा के साथ उन्हें उपहार भी दे सकते हैं।

## ध्वनि प्रदूषण का गहराता संकट

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से वर्ष 2011 में शुरू की गई नेशनल एंबिएंट नाइज मानिटरिंग नेटवर्क(एनएएनएमएन) योजना का उद्देश्य शुरुआत में देश के सात प्रमुख महानगरों में सत्तर यांत्रिक तंत्र स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण की वास्तविक समय में निगरानी करना था, ताकि आंकड़ों के आधार पर उचित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके। मगर धरातल पर इस योजना का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।**

विजय गर्ग

ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बड़े शहरों में निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके बावजूद करोड़ों लोग अब भी ध्वनि प्रदूषण की गिरफ्त में हैं। इसका कारण पर्यावरण को लेकर शासन-प्रशासन का उदासीन रवैया और राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से वर्ष 2011 में शुरू की गई नेशनल एंबिएंट नाइज मानिटरिंग नेटवर्क(एनएएनएमएन) योजना का उद्देश्य शुरुआत में देश के सात प्रमुख महानगरों में सत्तर यांत्रिक तंत्र स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण की वास्तविक समय में निगरानी करना था, ताकि आंकड़ों के आधार पर उचित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके। मगर धरातल पर इस योजना का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।

इस योजना की की शुरुआत देश के सात शहरों में पैंतीस रियल टाइम मानिटरिंग स्टेशनों के साथ हुई थी। योजना के दूसरे और तीसरे चरण में इसका विस्तार क्रमशः पैंतीस नए केंद्रों के साथ करने की बात कही गई थी, लेकिन वर्ष 2021-23 तक यह तंत्र केवल आठ शहरों तक ही पहुंच पाया। जिनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ और बंगलुरु भी शामिल हैं। हालांकि, इसमें भी जमीनी हकीकत काफी अलग है। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ जैसे शहरों में यह प्रणाली एक निष्क्रिय डैशबोर्ड तक तक सीमित रह गई, जहां न तो ध्वनि प्रदूषण के आंकड़े वास्तविक समय में दर्ज हो रहे हैं, आम नागरिकों को इसकी जानकारी है। न ही कोई ठोस नीतिगत कार्रवाई सामने आई है। जिन केंद्रों पर यह तंत्र ठीक से काम कर रहा है, वहां आंकड़ों का अध्ययन करने और उसके आधार पर नीति बनाने की पहल कम ही नजर आती है। इस योजना के तहत तीन प्रमुख शांत क्षेत्रों में दर्ज ध्वनि स्तर दिन में 65-70 डेसिबल (ए) तक पहुंच गया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से निर्धारित सीमा 40-50 डेसिबल (ए) है। यानी यह तंत्र अपने मूल उद्देश्य और नीतिगत हस्तक्षेप की नींव तैयार करने में विफल रहा है।

भारत में ध्वनि प्रदूषण एक अदृश्य संकट के रूप में लगातार गहरा रहा है, जो न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि जैव विविधता को भी प्रभावित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, देश के प्रमुख महानगरों में दिन के समय ध्वनि स्तर औसतन 65-75 डेसिबल (ए) तक पहुंच जाता है जबकि रात में यह स्तर 55-65 डेसिबल (ए) तक बना रहता है, जो नींद, तनाव और हृदय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। लांसेट के एक अध्ययन में पाया गया है कि लगातार उच्च ध्वनि स्तर बीच रहने से हृदय से रोग का जोखिम बीस फीसद तक बढ़ जाता है तब नींद की का गुणवत्ता में तीस फीसद तक गिरावट आती है। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लगभग चालीस करोड़ लोग प्रतिदिन सीमा से अधिक शोर के संपर्क में आते हैं।

ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव केवल मानव तक सीमित नहीं है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के एक शोध के मुताबिक, सामान्य मैना जैसे पक्षी शहरी शोर के कारण रात में बार-बार जागते हैं, जिससे उनके प्रजनन व्यवहार और सामाजिक संचार पर असर पड़ता है। उनके स्वरों की विशेषता कम हो जाती है, जिससे उनकी पहचान और जोड़ी बनाने की क्षमता प्रभावित होती है नीतिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत बना ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम, 2000 मौजूद है, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। ध्वनि प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य आपातकाल बनता जा रहा है, जिसे तत्काल नीति, निगरानी और जन-जागरूकता से जोड़ना आवश्यक है। पर्यावरण मंत्रालय ने इस योजना को शहरों में ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए एक निर्णायक कदम बताया था, लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि केवल ध्वनि प्रदूषण के आंकड़ों के संकलन का क्या फायदा है, अगर वह जन जागरूकता और नीति निर्माण में तब्दील न हो। जब निगरानी केवल दर्ज करने तक सीमित रह जाए और कार्रवाई अनुपस्थित हो, तो साफ है कि यह तंत्र शोर की गूंज को तो दर्ज है, लेकिन समाधान की दिशा में मौन साध लेता है। शहरी ध्वनि प्रदूषण पर सरकारी निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय डैशबोर्ड तक सीमित रह जाता है, जबकि वास्तविक हस्तक्षेप की की जरूरत जमीन पर पर है। यूरोप में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण लाखों लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को को प्रभावित कर रहा है, जिससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और नींद संबंधी विकार बढ़ रहे हैं।

हाल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पुर्ण पीठ पीठ ने साइलेंस जोन में लाउडस्पीकर और सार्वजनिक उद्घोष प्रणालियों के उपयोग पर रोक लगाई थी। अधिकरण ने पुलिस और राज्य सरकार को निर्देशित किया कि शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और न्यायालयों के आसपास के क्षेत्रों में साइलेंस जोन की पहचान और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी पृष्ठभूमि में नवाचारों का महत्त्व औ बढ़ जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित और डीपीआइआइटी में नवउद्यम वाईहाक पारंपरिक निगरानी से अलग एक नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाता है। इसने एक आइओटी हार्डवेयर विकसित किया है, जिसे अभी तक छह शहरों में वाहनों के हार्न सर्किट में स्थापित किया जा चुका है। यह उपकरण वास्तविक समय में हार्न बजाने की समय-सीमा, स्थान, अवधि, स्वरूप (लघु, दीर्घ, बहु-हार्न) और वाहन की गति जैसे आंकड़ों के साथ-साथ चालक की आयु, शिक्षा, अनुभव और हा की 7 डेसिबल क्षमता जैसे आंकड़े भी दर्ज करता है। जून, 2022 आईओटी ने सरकार और निजी संस्थाओं के साथ मिल कर नौ परियोजनाएं पूरी की हैं, जिनमें सौ से अधिक वाहनों से बत्तीस लाख से अधिक आंकड़े एकत्र किए गए हैं। जब सरकारी तंत्र अपारदर्शी बना रहता है, तब नवउद्यम वाईहाक वाहनों के शोर को दर्ज करता है, इससे न केवल नीति निर्माण को दिशा मिलती है, बल्कि यह व्यवहार परिवर्तन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी एक ठोस आधार तैयार करता है। भारत के शहरी क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण दशकों से निर्धारित मानकों से ऊपर बना हुआ है, जो नागरिकों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। यह केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं है; शहरी शोर पक्षियों की नींद और प्रजनन व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन। बाधित हो रहा है। यह चुनौती सीधे सतत विकास लक्ष्यों, विशेषकर स्वास्थ्य और सुरक्षित शहरों से जुड़ी है। वर्तमान निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय या अपारदर्शी बने रहते हैं। अगर कहीं निगरानी सक्रिय भी है, तो उसके आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इसलिए आवश्यक है कि तकनीकी नवाचारों को प्रभावी नीति हस्तक्षेप, शहरी नियोजन सुधार और सामुदायिक जागरूकता के साथ जोड़ा जाए, ताकि शहरी जीवन को प्रदूषण के दबाव से छुटकारा मिल सके और विकास लक्ष्यों को पर्यावरण के अनुकूल ठोस और सही दिशा मिल सके।

# पदाधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का लिया जायजा

## लोगों को दी दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं, श्रद्धालुओं से शांति-व्यवस्था बनाये रखने का किया अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह** । दुर्गा पूजा के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया हमारा लक्ष्य है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में इस पर्व का आनंद ले सकें। इसके लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रही है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके उपायुक्त रामनिवास यादव व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ, धनवार, सरिया, बगोदर समेत अन्य प्रखंडों में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहे, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दुर्गा पूजा के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया। साथ ही, उन्होंने पूजा समितियों के आयोजकों से मुलाकात कर उनकी तैयारियों और चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, ने पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों, पुलिस पिकेट्स, और गश्ती दल की प्रभावी तैनाती पर जोर दिया निरीक्षण के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुर्गा पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और निरंतर निगरानी करते रहे। दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और जाम की स्थिति से बचने के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन लागू किए गए है।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान आपातकालीन तैयारियां जैसे अग्निशमन, चिकित्सा सुविधा, और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया।वहीं उपायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में



इस पर्व का आनंद ले सकें। इसके लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक कदम उठा रही है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और शहर में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारी टीमें 24 घंटे निगरानी कर रही हैं, और हम सभी से अपील करते हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जिला प्रशासन ने सभी से अपील की है कि वे पूजा पंडालों में दर्शन के दौरान शांति बनाए रखें, यातायात नियमों का पालन करें, और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस थाने या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अनुमंडल पदाधिकारी, बगोदर सरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ और बगोदर सरिया समेत सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# संघ की शाखा से व्यक्तित्व का निर्माण होता है : राजीव कांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरिडीह खण्ड इकाई के द्वारा विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया खंड कार्यकारणी के नेतृत्व में पथ संचलन विवाह भवन अजीडीह से से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए दुर्गा माता मंदिर मोहनपुर में पहुंचा। घोष वादन के साथ स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वृष्टि की गई यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का प्रयास होगा।अंत में स्वयंसेवकों स्वयंसेवकों ने संघ प्रार्थना की। वहीं विजयादशमी उत्सव पर माननीय राजीव कांत सह प्रांत प्रचारक झारखंड, खण्ड कार्यवाह संतोष , मुख्य अतिथि संतोष राणा ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के समक्ष शस्त्र पूजन किया। स्वयंसेवकों



को संबोधित करते हुए राजीव कांत ने कहा कि भारत प्रारंभ से ही विश्व गुरु रहा है। संघ की नित्य शाखा से व्यक्ति निर्माण होता है व्यक्ति से समाज और समाज से स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण होता है।

देश पर जब-जब संकट आया है स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर समाज की सेवा करता है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यवाह वीर प्रताप शिव ,सह जिला कार्यवाह प्रयाग, विभाग सेवा प्रमुख गौरी शंकर, नगर कार्यवाह सोनू गुप्ता, जिला व्यवस्था प्रमुख बबलू कुमार संतोष खत्री, संजीव शर्मा, राजेश, सोमनाथ, रंजीत ,दिलीप साव, संदीप , मुकेश रंजन , राजकुमार अरविंद, रोहित, मंतोष ,शंभु, किशुन, आकाश, प्रमोद सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## छह गिरफ्तार

जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा जिले में एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी को मकान बेचने के नाम पर 89 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि देवघर जिले के चित्रा निवासी मुकेश रावणी जामताड़ा में घर खरीदना चाहते थे।

# साफा होड़ मंदिर में गुरु माता कराती हैं पूजा

## आडंबर रहित होता है विधि विधान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*दुमका। झारखंड की उपराजधानी दुमका के शिव पहाड़ से सटे कड़हलबिल पंचायत के कड़हलबिल गांव में स्थापित साफा होड़ मंदिर में दुर्गा पूजा अनुष्ठान पुरोहित नहीं, बल्कि गुरु माता कराती हैं।*

*खास बात यह भी कि यहां साफा समुदाय के श्रद्धालु पूरे सनातन विधि-विधान से आडंबर रहित मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। साफा होड़ मंदिर आवासीय अनुसूचित जनजाति बालिका उच्च विद्यालय परिसर से बिल्कुल सटा हुआ है।*

*साफा होड़ संस्कृति समिति के सचिव मुंशी टुडू बताते हैं कि वर्ष 1979 से यहां पारंपरिक सनातन रीति-रिवाज से वैष्णवी दुगार्पूजा अनुष्ठान किया जा रहा है। इसकी शुरूआत साफा होड़ समुदाय के गुरु शोभान टुडू ने की थी। यहां बिल्कुल सादगी, अनुशासित और आडंबर रहित तरीके से मां दुर्गा की पूजा होती है। पूजा अनुष्ठान का आयोजन साफा होड़ संस्कृति समिति की ओर से किया जाता है। वर्ष 2003 में शोभान टुडू के निधन के बाद परंपरा के तहत उनकी धर्मपत्नी लुखी देवी मुर्मू बतौर गुरुमाता पूजा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।*

*दुर्गा पूजन के दौरान गुरुमाता रोजाना कलश का जल बदल कर विधि-विधान से देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना करती हैं। यहां सप्तमी के दिन पांच कलशों में तालाब से जल लाकर कलश स्थापित करने का विधान है। प्रतिमा भी सप्तमी को स्थापित की जाती है।*

*कलश स्थापना के दौरान समुदाय के लोग परंपरागत वेशभूषा में सफेद वस्त्र धारण कर ढोल-ढाक के साथ तालाब पहुंचते हैं और वहां से कलश में जल भरकर मंदिर लौटते हैं, जबकि परंपरा के मुताबिक गुरुमाता और इनके शिष्य जो पूजा अनुष्ठान में शामिल होते हैं, वे लोग षष्ठी से ही अन्न का ग्रहण नहीं करते हैं।*

*वह पांच दिनों तक फलाहार पर रहते हैं। दशमी को प्रतिमा विसर्जन के उपरांत ही अन्न का ग्रहण करते हैं। इस दौरान गुरुमाता लखी देवी मुर्मू प्रतिदिन तीन घंटे चंडी पाठ करती हैं। दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं का आह्वान पूरे विधि-विधान से किया जाता है। प्रसाद के तौर पर फल व लड्डू चढ़ाए जाते हैं।*

*यहां नवमी के दिन बड़ी संख्या में साफा होड़ समुदाय के लोगों का जुटान होता है। संताल परगना के गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज समेत विभिन्न हिस्सों के अलावा पश्चिम बंगाल से भी बड़ी संख्या में साफा होड़ समुदाय के लोग पहुंचेंगे और पूजा-अनुष्ठान में पूरे अनुशासित भाव से शामिल होंगे।*

*माता को बतौर प्रसाद खिचड़ी भोग लगाने की परंपरा है। यही खिचड़ी विभिन्न हिस्सों से आए साफा होड़ समुदाय के लोग ग्रहण करते हैं। इस दिन मां को प्रसन्न करने के लिए पारंपरिक अंदाज में भजन व कीर्तन भी किया जाता है।*

*गांव के लोग कहते हैं कि सनातन धर्म पर उन लोगों की गहरी आस्था है। मांझी थान में पूजा-अर्चना करना हम सभी के दिनचर्या में शामिल है। पूरे एक साल तक हम सभी ग्रामीणों को सनातन परंपरा से मनाया जाने वाला दुर्गोत्सव का इंतजार रहता है।*

# पेड़ की डाली से दबकर मोटरसाइकिल सवार जीजा-साला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला** । पालकोट प्रखंड के सतखारी गांव में मंगलवार को एक भयावह दुर्घटना में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। मृतकों के नाम सतखारी निवासी सागर कुल्लू (25 वर्ष) और बीजू एक्का (28 वर्ष) रिश्ते में जीजा- साला हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सतखारी से सवना टोली जाने वाली सड़क के किनारे स्थित एक बड़े पीपल के पेड़ की एक मोटी डाली को काटने का काम चल रहा था। दोनों मोटरसाइकिल से जा रहे थे। ग्रामीणों के द्वारा दोनों को चेतावनी दी गई । इसके बावजूद बाइक पर सवार दोनों युवक उसी डाली के नीचे से गुजरने की कोशिश की। जैसे ही दोनों डाली के नीचे पहुंचे, बड़ी डाली अचानक उनके उपर गिर गई और दोनों युवक इसके नीचे दब गए। इस हादसे से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

अन्य ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और एकत्र होकर पेड़ की भारी डाली को हटाकर दोनों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक विलंब हो चुका था। दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद घटना की सूचना पालकोट थाना को दी गई। पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। घटना ने पूरे सतखारी गांव को शोक में डुबो दिया है। मृतकों के परिवार और ग्रामीण सदमे में हैं। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सावधानी न बरतने और भारी पेड़ की डाली के नीचे से गुजरने के कारण हुई।

# युवक की हत्या से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। गोलमुरी थाना क्षेत्र के गाढ़ाबासा बस्ती में मंगलवार देर रात 22 वर्षीय युवक अजय बासा की नृशंस हत्या कर दी गई। घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है। अजय का शव उसके घर के पास गली में पड़ा मिला, जिसका सिर धड़ से अलग था। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अजय और संदीप एक-दूसरे को जानते थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि हत्या का संबंध अंधविश्वास और जादू-टोना की कुप्रथा से हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि संदीप लंबे समय से तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक जैसे कार्यों में शामिल रहता था और इसी कारण उस पर संदेह गहराया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की तहकीकात में जुटी है।

मृतक अजय बासा घर का इकलौता बेटा था। कुछ महीने पहले ही बीमारी से उसके पिता का निधन हो गया था।

# झारखंड के खिलाड़ियों ने मुंबई में दिखाया दम

## झारखंड का नाम किया रौशन

**नवबिहार टाइम्स संवादददाता**

**गिरिडीह** । करादे में गिरिडीह के खिलाड़ियों ने मुंबई में दिखाया अपना दम और गाड़े झारखंड राज्य के झंडे। नवी मुंबई सिडको के भूमिपुत्र भवन में आयोजित एक दिवसीय ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 में झारखंड के कुल तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने-अपने वर्ग में मेडल हासिल किए। जिसमें इसरी के प्रेम नगर में रहने वाली आरुषि दीप ने अंडर 45 किलो में सिल्वर मेडल, बिराजपुर के रहने वाले आकाश हांसदा ने अंडर 40 किलो में गोल्ड मेडल और रतिदीह की रहने वाली श्वेता कुमारी ने अंडर 35 किलो में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों का नेतृत्व यूनिवर्स कराटे मार्शल आर्ट एकेडमी ऑफ झारखंड के सचिव सोनू कुमार और कोच पायल कुमारी कर रहे थे और झारखंड खिलाड़ियों के साथ सिहान नारायण कुमार महतो भी शामिल थे और उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में मेडल हासिल करने के लिए झारखंड के सभी खिलाड़ी 6 महीने पहले से ही लगातार कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहे थे। इन सभी खिलाड़ियों को जीत की खुशी पर यूनिवर्स कराटे मार्शल आर्ट एके-डमी ऑफ झारखंड की प्रेसिडेंट श्रीमती जागेश्वरी देवी ने इन सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी खिलाड़ी इसी तरह से मेहनत करें और अपने गिरिडीह ज़िला और झारखंड राज्य का नाम रोशन करें, और इन सभी खिलाड़ियों के लिए शुभकामनाएं दी।




# नक्सलियों ने किया 15 को झारखण्ड, बिहार और बंगाल बंद का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। नक्सलियों के खिलाफ अर्धसैनिक बलों की कार्रवाई आवर फर्जी मुठभेड़ करार देते हुए भाकपा माओवादियों ने बहुत एलान किया है। माओवादियों ने पत्र जारी कर आने वाले 15 अक्तूबर को झारखंड-बिहार और बंगाल में बंद करने का ऐलान किया है। वहीं ऑपरेशन कगार के तहत संगठन ने 8-14 अक्तूबर तक प्रतिरोध सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है। पत्र जारी कर माओवादियों ने कहा है कि पुलिस ने एक प्लानिंग के तहत उनके बड़े बड़े नेताओं को मुठभेड़ में मार डाला है।

माओवादियों ने केन्द्रीय पुलिस के कोबरा बटालियन पर अधिक तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि 15 सितंबर 2025 को हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पांतीतेरी जंगल में पुलिस और कोबरा बल ने फर्जी मुठभेड़ दिखाकर पार्टी के शीर्ष नेताओं सहदेव सोरेन उर्फ अनुज, रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और रामखेलावन गंझू उर्फ वीरसेन की हत्या कर दी। संगठन का कहना है कि इन नेताओं को साजिश के तहत पकड़ा गया और बाद में मार गिराया गया।

इसी तरह, 7 सितंबर को रांची में रेडियो प्रसारण केंद्र से प्रसारित खबर में जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन की मुठभेड़ में मौत की सूचना दी गई, जबकि संगठन का कहना है कि पुलिस ने उन्हें 4 सितंबर को ही गिरफ्तार कर तीन दिन तक यातनाएं दीं और बाद में गोली मार दी। 13 अगस्त को नीलेश उर्फ अरुण को भी घायल अवस्था में पकड़कर हत्या कर दी गई। वहीं, जयकांत, गुरु चरण और बासमती समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं को गुप्त रूप से हिरासत में रखे जाने का भी आरोप लगाया गया है।

पूर्वी रीजनल ब्यूरो ने घोषणा की है कि 8 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक पूरे बिहार-झारखंड सहित उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में प्रतिरोध सप्ताह मनाया जाएगा। इसके बाद 15 अक्तूबर को इन राज्यों में पूर्ण बंद रहेगा। संगठन ने कहा कि यह कदम पुलिसिया दमन और आदिवासी-मूलवासी समुदाय पर बढ़ते हमलों के खिलाफ है।

माओवादी संगठन ने आरोप लगाया कि हाल की सभी घटनाओं में मारे गए अधिकांश लोग आदिवासी या मूलवासी समुदाय से हैं।

संगठन ने इसे सरकार की ह्लदमनकारी नीतिह्व बताते हुए कहा कि माओवादी आंदोलन को खत्म करने के नाम पर निर्दोष ग्रामीणों तक को निशाना बनाया जा रहा है।

# पदाधिकारियों पर समय बर्बाद करने का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह** । पर्व त्योहार में सुविधा देने के नाम पर लोकल प्रतिनिधियों को बरगलाया जाता है,कार्य कुछ भी नहीं होता है,खाली बैठक कर फॉर्मेलिटी करते है अफसर,समय बर्बाद करते है समितियों का कोई पूजा से पहले सभी विभाग और पूजा समिति वाले के साथ का बैठक का काम आधा अधूरा भी नहीं होता है,इस बात को सब जानते है बोलते नहीं है,समिति खुद में सक्षम है,यदि प्रशासन नहीं भी बैठक करें तो कोई फर्क नहीं पड़ता है, प्रशासन और पूजा समिति का समय बर्बाद होता है, प्रशासन सुरक्षा, व्यवस्था के लिए नंबर फ्लैस करें और पेट्रोलिंग मोड में रहे इससे ज्यादा मेहनत नहीं करें।साल भर सोने वाला विभाग को अचानक बहुत प्रेसर पड़ जाता है,उनको परेशान नहीं करें उनको आराम से सोने दे देश, राज्य, शहर गांव गांव का यही हाल है, बिजली, पानी, सड़क में दो दिन में क्या सुधार हो गया।

इसके लिए भी बैठक करें खाली खाना पूर्ति से क्या होगा शास्त्रीनगर में पूरा सत्तमी और अष्टमी में बिजली नहीं रही,ट्रॉली वाला भेजा गया लेकिन उसका हाल भी वही है, ट्रॉली गाड़ी को खींचने वाला डेमेज है, बिजली मिस्त्री दस लगे थे दिन भर लगे रहे।

जाहिर है गड़बड़ स्थिति है कोई भी पर्व हो,किसी धर्म का पर्व हो शांति समिति की बैठक,हरेक थाना में होता है वही आमंत्रित किए जाते है जहां बोलना कुछ नहीं है यदि बोलिएगा तो भी आपका काम होने वाला नहीं है,आप बोलिएगा कुछ होगा कुछ इसलिए विभाग और प्रशासन बैठे आम जनता को बैठाकर भीड़ लगाने को से जनता का कोई फायदा नहीं होने वाला है दुर्गा पूजा से पहले फोर लेन में अलकतरा देना था, उपायुक्त गिरिडीह ने इसका संज्ञान लिया था, भाकपा माले लगातार फोर लेन के कार्यों के लिए पहल कर रहा है,पहल के बाद कार्य में तेजी आती है उसके बाद काम बंद कर दिया जाता है,जबकि मंत्री, अधिकारी, राहगीर, सब का आना जाना इसी रोड से है किंतु कोई फर्क नहीं पड़ता।

# वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटर साइकिल के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह**। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार गश्ती दल के साथ इरगा नदी के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान देखे कि एक ब्लू रंग के अपाची मोटर साइकिल आ रहा है, जो पुलिस चेकिंग को देख कर मोटर साईकिल मुडा कर भागने का कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस बल द्वारा घेर कर पकड़ लिया गया। मोटर सईकिल नं0-जेएच 02जे 7878 के चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम मनउवर अंसारी, उम्र 23 वर्ष, पे० इशराईल अंसारी, सा० हरखी, थाना-धनवार, जिला गिरिडीह बताये। गिरफ्तार मनउवर अंसारी के पास से बरामद ब्लू रंग के मोटर साईकिल का जाँच पड़ताल करने पर रजि० नं०-जेएच 02जे 7878 चेचिस नं0-एम डी 634बीइ 88एन 2एल 05035 इंजन नं0-जेइ 8एल एम 2805170 है। उक्त मोटर साईकिल से संबंधित कागजात की मांग की गई तो इनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये। इनसे गहराई से पूछताछ करने पर ये बताया कि हिन्दुस्तान वाईक सर्विस सेन्टर चलाते हैं। इसी सर्विस सेन्टर में काम करते थे। इसी दौरान इनका साथी अब्दुल सत्तार अंसारी पे० नयुम अंसारी, सा० लकठाही, थाना धनवार, जिला गिरिडीह से मुलकात हुआ तो उन्होनें इसे लालच दिया कि बिहार तरफ से चोरी के मोटर साईकिल एक अमर चौधरी नामक व्यक्ति लाकर देता है। आपका गैरेज है, उसे मोडिफाई करके बेचने से काफी मुनाफा होगा। इसी के लालच में आकर ये अब्दुल सत्तार अंसारी के साथ मिल कर चोरी का ये ब्लू रंग का अपाची मोटर साईकिल लेकर आये थे, जिसमें जाली नम्बर प्लेट लगाकर बेचने के फिराक में थे, तो आज पुलिस चेकिंग के दौरान चोरी के मोटर साईकिल के साथ पकड़े गये।

आरोपित की निशानदेही पर इनके पास से दो और मोटर साइकिल एक



पैशन प्रो का इंजन नं० ब्लैक पेंट से पेन्ट किया हुआ एवं एक यामाहा फाईजर इंजन नं पेन्ट किया हुआ एवं एक मोबाईल जप्त किया गया तथा इनके साथी अब्दुल सत्तार के पास से दो मोटर साइकिल एक ब्लू रंग का अपाची एवं एक हिरो स्पेन्डर एवं एक मोबाईल तथा अब्दुल सत्तार के निशानदेही पर उनके एक अन्य साथी आजाद अंसारी पे० मो० अनवर अंसारी, सा० लकठाही, थाना धनवार, जिला गिरिडीह के पास से एक हिरो स्पेन्डर मोटर साईकिल को जप्त किया गयाबरामदगी अपाचे 160 आरटीआर रजिस्ट्रेशन. नो.-जेएच 02जे 7878, चैसिस नो - एमडी 634बीइ 88एन 2एल 05035 इंजन नो - जेइ 8एलएम 2805170 अपाचे 160 आर, चैसिस नो एमडी 634एइ 82एम2के18854 इंजन नो ए इ 8केएमबी 17512 यामाहा फैजर चैसिस नो- एमइ 145501जे 92027869 इंजन नो - रेड पेंट किया हुआ हीरो स्पेंडर प्रो चैसिस नो-एचए 10इआरएफ/एचइ 20108 इंजन नो -06इ 16एफ 35579 हीरो स्पेंडर चैसिस नो - एचए 11इ 8/एचइ 69791 इंजन नो - एमबीएलएचएव 220 पीएचएनइ 0215 हीरो पैशन प्रो चैसिस नो मबल्हा 10बीएसएघफ 47738 इंजन नो ब्लैक पेट से रिपेयन्ट किया हुआ रियलमे मोबाइल -01 02 मोवाईल कुल- 06 मोटर साईकिल ओप्पो मोबाइल-01 काण्ड में गिरफ्तार अभियुक्त मनउवर अंसारी उम्र 23 वर्ष पे० इसराईल अंसारी, सा० हरखी थाना धनवार अब्दुल सत्तार अंसारी उम्र 26 वर्ष, पे० अब्दुल क्यूम अंसारी, सा० लकठाही मो० आजाद अंसारी, पे० मो० अनवर अंसारी, सा० लकठाही, सभी थाना धनवार, जिला गिरिडीह छापामारी दल सत्येन्द्र कुमार पाल, थाना प्रभारी, धनवार मणिकान्त कुमार, थाना प्रभारी, जमुआ थाना धर्मेन्द्र अग्रवाल, प्रभारी, घोड़थम्भा ओपी पुअनि नवल किशोर शर्मा, धनवार थाना सअनि महती राम टुडू, धनवार थाना सअनि अनिल उरांव, धनवार थाना एवं थाना के सशस्त्र बल एवं चौकिदार शामिल थे।

## सरकार का 72,300 ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए 2,000 करोड़ का बजट

नईदिल्ली एजेंसी। सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 72,300 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इससे शहरों व राजमार्गों में कवरेज बढ़ेगा। इस योजना का बजट 2,000 करोड़ रुपये है। सरकार ने पीएम ई-ड्राइव के तहत 10,900 करोड़ रुपये का बजट बनाया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने चार्जिंग पॉइंट्स के निर्देश इस तरह बनाए हैं ताकि, ऑपरेटर अलग-अलग मॉडलों के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को बिना किसी सीमा के सेवा दे सकें। दिशानिर्देशों में सुरक्षा और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम



भी शामिल हैं। ये योजना प्रमुख राजमार्गों, नेशनल कॉरिडोर्स और महानगरों को प्राथमिकता देती है। बाद में टियर-2 व टियर-3 शहरों की ओर बढ़ती है। हर चार्जिंग स्टेशन को रणनीतिक रूप से स्थित किया जाएगा, ताकि रेंज चिंता को कम किया जा सके। इस योजना के तहत चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए ऑपरेटरों को वित्तीय मदद दी जाएगी। सरकारी कार्यालय, आवासीय क्षेत्र, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान 100 फीसदी सब्सिडी हासिल करेंगे। हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, सरकारी तेल विपणन कंपनियों के खुदरा आउटलेट, मेट्रो स्टेशन व बस डिपो जैसे स्थानों को इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 80 व चार्जिंग उपकरणों पर 70 फीसदी सब्सिडी मिलेगी। सब्सिडी का वितरण दो चरणों में किया जाएगा। इसमें 70 फीसदी खरीद चरण में और 30 फीसदी एकीकृत हब के साथ कमीशनिंग व एकीकरण के बाद दी जाएगी। माल, बाजार और अन्य निजी स्थान भी इन्फ्रास्ट्रक्चर की लागत पर 80 फीसदी की सब्सिडी का दावा कर सकते हैं। बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन भी 80 फीसदी सब्सिडी का दावा कर सकते हैं।

## वित्तीय वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत रहेगी अर्थव्यवस्था की रफ्तार

### एडीबी ने अमेरिकी टैरिफ को बताया वजह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी के बावजूद, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। एडीबी ने अमेरिकी टैरिफ के भारतीय निर्यात पर असर पड़ने की आशंका जताई है। खासकर दूसरी छमाही में भारतीय निर्यात बुरी तरह से अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हो सकता है। गौरतलब है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में भारत की विकास दर के 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसे जुलाई की रिपोर्ट में अमेरिकी टैरिफ की चिंता के कारण घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। एशियाई विकास बैंक ने कहा कि बेहतर उपभोग और सरकारी खर्च के कारण वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से विकास दर में कमी आएगी, हालांकि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात इस प्रभाव को कम कर देंगे। एडीबी ने कहा कि टैरिफ लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 26 और वित्त वर्ष 27 दोनों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ेगा। सकल घरेलू उत्पाद में निर्यात की कम हिस्सेदारी, अन्य देशों को निर्यात में वृद्धि, टैरिफ से सीधे प्रभावित न होने वाले लगातार मजबूत सेवा निर्यात और राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति से घरेलू मांग में तेजी के कारण सकल घरेलू उत्पाद पर प्रभाव सीमित रहेगा। एशियाई विकास परिदृश्य में यह भी अनुमान जताया गया है कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है।

## प्रोफेसर का देसी जुगाड़ यूरोप, अमेरिका में हिट... करोड़पति बनाने वाला सीक्रेट



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रोफेसर साजी वर्गीस ने गजब का काम किया है। उन्होंने टूटकर गिर चुके नारियल के पत्तों को कमाई का जरिया बना दिया है। वह इन पत्तों से इको-फ्रेंडली स्ट्रॉ और पेन बनाते हैं। यह सिंगल-यूज प्लास्टिक स्ट्रॉ का टिकाऊ विकल्प है। उनकी कंपनी सनबर्ड स्ट्रॉज ने इसी एक काम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। साजी वर्गीज बेंगलुरु की क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वह अंग्रेजी पढ़ाते हैं। उनके बिजनेस मॉडल ने स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के लिए उनके घर के करीब नियमित आय सुनिश्चित की है। अपने वेंचर से प्रोफेसर वर्गीज सालाना 70 लाख की कमाई करते हैं। उनके इको-फ्रेंडली स्ट्रॉ पाइप और पेन की अमेरिका और यूरोप समेत कई देशों में डिमांड है। आइए, यहां साजी वर्गीस की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। प्रोफेसर साजी वर्गीस बेंगलुरु की क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। लेकिन, उनकी महारत केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। ग्रासरूट इनोवेशन में भी प्रोफेसर वर्गीस की गहरी दिलचस्पी है।

## चांदी इस साल 60,300 महंगी, छू सकती है दो लाख का स्तर

● 20 वर्षों में 922 फीसदी का मुनाफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों, कई देशों में तनाव और डॉलर में कमजोरी से सोने एवं चांदी की चमक लगातार बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतें नित नए रिकॉर्ड बना रही हैं। चांदी इस साल रिटर्न देने में सोने और शेयर बाजारों से आगे निकल गई है। चांदी की कीमतें इस साल अब तक 60,300 रुपये बढ़कर सोमवार को 1.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। 31 दिसंबर, 2024 को भाव 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस तरह, चांदी ने 67.22 फीसदी का भारी-भरकम रिटर्न दिया है। इस अवधि में सोना 40,550 रुपये महंगा होकर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। जनवरी, 2025 से अब तक सोने ने 51.36 रिटर्न दिया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 70 डॉलर प्रति औंस का स्तर छू सकती है। घरेलू बाजार में भी कीमतें उसी अनुरूप बढ़ेंगी और भाव दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच सकता है। चांदी ने निवेशकों को 20 वर्षों में 922 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो शेयर बाजार से काफी बेहतर है। हालांकि, इस अवधि के दौरान चांदी में बड़ा उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला है। 2010 में चांदी ने 72 फीसदी और 2020 में 44 फीसदी का रिटर्न दिया था। हालांकि, 2013-14 में 24 फीसदी से अधिक गिरावट दर्ज की गई।2025 में अब तक चांदी ने फिर 67.22 रिटर्न के साथ सबसे मजबूत प्रदर्शन दिखाया है।

# पुरानी कीमतों पर ही मिल रहे पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, दवाएं

### जीएसटी कटौती का लाभ देने में ये सेक्टर सबसे आगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारों में उत्साह के बीच सिर्फ 10 फीसदी उपभोक्ताओं को ही जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिल रहा है। जीएसटी 2.0 लागू होने के एक सप्ताह बाद लोकलसर्किल्स की ओर से जारी सर्वे में दावा किया गया है कि 10 में तीन से भी कम उपभोक्ताओं ने पैकेज्ड खाद्य पदार्थों व दवाओं पर कम दरों का लाभ मिलने की बात कही है। 10 में सात वाहन खरीदारों को पूरा लाभ मिला है। सर्वे 332 जिलों के 27,000 से ज्यादा उपभोक्ताओं से मिली 78,000 से अधिक प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

### किसे रियायत और किसे नुकसान

● **पैकेज्ड फूड** : 47 फीसदी को फायदा नहीं : सिर्फ 10 फीसदी उपभोक्ताओं ने ही पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ मिलने की बात स्वीकारी है। 21 फीसदी को आंशिक लाभ मिला है, जबकि 47 फीसदी का कहना है कि उत्पादों पर अब भी पुरानी कीमतों का ही लेबल लगा है।

● **वजह** : कई विक्रेताओं के पास अब भी पुराने स्टॉक पड़े हैं। कई मामलों में खुदरा विक्रेता अपने सिस्टम में नई एमआरपी अपडेट होने के बाद ही कीमतों में कटौती कर रहे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद : 34 फीसदी को ही मिली राहत

● एसी, टीवी व फ्रिज जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के मामले में 34 फीसदी ग्राहकों को दरों में कमी का पूरा लाभ मिला है।
33 फीसदी को आंशिक फायदा हुआ। 33 फीसदी ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखा। ● **वजह** : कुछ खुदरा विक्रेताओं को निर्माताओं या थोक विक्रेताओं से अपडेट मूल्य सूची नहीं मिली है।

● **दवाइयां** : बदलाव नहीं
दवाओं पर कटौती का लाभ ज्यादातर उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है। सर्वे में शामिल सिर्फ 10 फीसदी ने ही पूरा लाभ मिलने की सूचना दी है। वहीं, 62 फीसदी ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखा है।

● **वजह** : अलग-अलग आपूर्ति समझौतों और शेल्फ लाइफ की वजह से मूल्य सूची अपडेट करने में चुनौती आ रही है।

### वाहन : 76 को लाभ

दोपहिया वाहन और छोटी कारें जीएसटी दरों में कटौती के सबसे बड़े लाभार्थी है। यही वजह है कि उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिल रहा है। सर्वे में शामिल 76 फीसदी खरीदारों को कर दरों में कटौती का पूरा लाभ मिला है। 24 फीसदी ने आंशिक फायदा मिलने की बात कही है। सरकार को कर दरों में कटौती लागू होने के बाद से जीएसटी से संबंधित 3,000 शिकायतें मिली हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर जो भी शिकायतें मिली हैं, उन पर आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को भेज रहे हैं। खरे ने सोमवार को कहा, उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय उन मामलों पर कड़ी नजर रख रहा है, जहां जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है और भ्रामक छूट के जरिये ग्राहकों को धोखा दिया जा रहा है। इन मामलों की जांच हो रही है। मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों में शिकायतों की स्पष्ट तस्वीर प्राप्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटबॉट का उपयोग कर रहा है। यह शिकायत प्रणाली ऐसे समय में आई है, जब ऐसी चिंताएं हैं कि खुदरा विक्रेता दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पूरी तरह नहीं पहुंचा रहे हैं। इस कारण सरकार अपनी निगरानी प्रणाली को मजबूत कर रही है।

## फटाफट कम होगी ईएमआई, आसानी से मिलेगा गोल्ड लोन...

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों में कुछ बदलाव किए हैं जिनसे ग्राहकों और बैंकों को फायदा होगा। कुल मिलाकर सात बदलाव किए गए हैं। माना जा रहा है कि इनसे ब्याज दरों का फायदा ग्राहकों तक जल्दी पहुंचेगा, गोल्ड लोन लेना आसान होगा और




बड़े कर्ज देने के नियम भी थोड़े ढीले होंगे। इन सात बदलावों में से तीन नियम 1 अक्टूबर से लागू होंगे जबकि बाकी चार नियम अभी सिर्फ प्रस्ताव हैं। इन पर लोगों से राय मांगी गई है। नए नियमों के तहत बैंक फ्लोटिंग रेट वाले कर्ज पर स्प्रेड को कम कर सकते हैं। यह काम वे तीन साल की मौजूदा लॉक-इन अवधि से पहले भी कर पाएंगे। इस कदम से कर्ज लेने वालों को बहुत फायदा होगा। जब भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटाएगा, तो इसका फायदा ग्राहकों को जल्दी मिलेगा। इससे उनकी ईएमआई कम हो सकती है। या उन्हें कम ब्याज देना होगा। इसके अलावा, बैंक अब ग्राहकों को एक और विकल्प दे सकते हैं। जब ब्याज दरें बदलें, तो ग्राहक अपने फ्लोटिंग रेट कर्ज को फिक्स्ड रेट कर्ज में बदल सकते हैं। हालांकि, बैंकों के लिए यह विकल्प देना अब जरूरी नहीं होगा। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने सोने और चांदी के बदले कर्ज देने के नियमों को भी आसान किया है।

## चीन के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में लगातार छठे महीने गिरावट

# तनाव, सुस्त मांग से दबाव

● *सितंबर का समग्र पीएमआई अगस्त में बढ़ा* ● *सितंबर का पीएमआई मजबूती का संकेत नहीं देता*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन की फैक्ट्री गतिविधि लगातार छठे महीने सितंबर में भी सिकुड़ गई है। यह 2019 के बाद सबसे लंबी गिरावट है। मंगलवार को जारी आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त के 49.4 से बढ़कर सितंबर में 49.8 पर पहुंचा। हालांकि इसमें हल्की सुधार दिखी, लेकिन यह अब भी 50 के उस स्तर से नीचे है, जो गतिविधियों में विस्तार और संकुचन के बीच की रेखा मानी जाती है।

क्रेडिट रिसर्च और रेटिंग स्टार्टअप रेटिंगडॉग की ओर से निजी क्षेत्र के पीएमआई सर्वेक्षण में अधिक उत्साहजनक बात यह रही कि सितंबर का समग्र पीएमआई अगस्त के 50.5 से बढ़कर 51.2 हो गया। मिश्रित मैन्युफैक्चरिंग आंकड़े सुस्त घरेलू मांग



और अमेरिका के साथ व्यापार तनाव पर अनिश्चितताओं को दर्शाते हैं। नए ऑर्डरों और उत्पादन को मापने वाले अधिक विस्तृत आंकड़ों में माह-दर-माह सुधार देखा गया। एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के स्टीफन इनेस ने एक टिप्पणी में कहा कि चीन से सितंबर में आए पीएमआई के आंकड़े किसी मजबूत विकास इंजन जैसे नहीं दिखते, बल्कि ऐसे लगते हैं जैसे कोई गाड़ी एक सिलेंडर पर चल रही हो और दूसरा सिलेंडर फेल हो रहा हो।

### ट्रंप की नीतियों के कारण दबाव आया

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के मुख्य सांख्यिकीविद हुआओ लिहुई ने कहा कि ताजा आंकड़े बताते हैं कि चीन की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ रही है और उत्पादन में मामूली तेजी देखी जा रही है। चीन के आधिकारिक विनिर्माण पीएमआई में पहली बार अप्रैल में संकुचन आया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने के बाद व्यापार तनाव बढ़ गया था। एक-दूसरे के निर्यात पर अत्यधिक टैरिफ लगाने की धमकी देने के बाद दोनों पक्ष अभी भी धीरे-धीरे एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। चीन पर अमेरिका की ओर से लगाए गए भारी टैरिफ वृद्धि पर रोक को नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

## केरल के लिए कम फ्लाइट्स चलाएगा एअर इंडिया एक्सप्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की तरफ से केरल के कई शहरों को जोड़ने वाली उड़ानों की संख्या घटाने की योजना पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया को केरल को बाद में सोचने वाली जगह मानना बंद करना चाहिए। एअर इंडिया एक्सप्रेस, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया की कम लागत वाली शाखा है। शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मैंने एयर इंडिया के एमडी कैंपबेल विल्सन को पत्र लिखा है। इसमें मैंने उन खबरों पर गहरी चिंता जताई है, जिनमें दावा किया गया है कि आने वाले सर्दी सारणी में एअर इंडिया एक्सप्रेस की कई सेवाओं को केरल के हवाई अड्डों से रद्द किया जाएगा। उनके के अनुसार, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड और कन्नूर एयरपोर्ट्स से बड़ी संख्या में फ्लाइट्स अक्तूबर के अंत से मार्च तक कम की जा सकती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केरल देश के सबसे व्यस्त विमानन केंद्रों में से एक है। यहां से खासतौर पर खाड़ी देशों के लिए बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात होता है। थरूर ने कहा, इस समय सेवाओं में कटौती से प्रवासी कामगारों, छात्रों, पर्यटकों और परिवारों को भारी दिक्कत होगी।

## सनटेक रियल्टी कंपनी बना रही है 500 करोड़ का अपार्टमेंट



**मुंबई, एजेंसी।** हाल के वर्षों के दौरान देश में अमीर-उमरा लोगों की संख्या काफी बढ़ी है। इसी के साथ तेजी से बढ़ी है सैकड़ों करोड़ के मकानों लक्जरी आवास की मांग। तभी तो अब डेवलपर्स बहुत महंगे और खास मकानों के प्रोजेक्ट्स पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। पहले इस मामले में दिल्ली एनसीआर का गुड़गांव या गुरुग्राम आगे था। अब मुंबई में भी इस तरह के प्रोजेक्ट बनने लगे हैं। वहां के एक डेवलपर में एक अल्ट्रा-लग्जरी अपार्टमेंट के प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के एक मकान या अपार्टमेंट की कीमत 500 करोड़ रुपये होगी।

**डीएलएफ कैमेलियास छूट जाएगा पीछे:** अल्ट्रा लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट की शुरुआत दिल्ली एनसीआर के गुड़गांव से हुई थी। तब डीएलएफ कैमेलियास ने इसमें सुर्खियां बटोरी थीं। वहां एक अपार्टमेंट की कीमत 100 करोड़ रुपये थी। अब मुंबई के एक डेवलपर ने इसे भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने भारत का सबसे महंगा अपार्टमेंट बनाने का ऐलान किया है। इस अपार्टमेंट की कीमत 500 करोड़ रुपये बताई गई है। यह भारत का सबसे महंगे मकानों का प्रोजेक्ट होगा। यह बहुत महंगा रिहायशी प्रोजेक्ट मुंबई की कंपनी सनटेक रियल्टी बना रही है। कंपनी ने दो बड़े प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना बताई है। इनमें से एक प्रोजेक्ट मुंबई में होगा और दूसरा दुबई में। दोनों प्रोजेक्ट को इमान्स नाम के एक नए ग्लोबल ब्रांड के तहत बेचा जाएगा। ये घर सिर्फ बहुत अमीर लोगों लिए बनाए जाएंगे। सनटेक रियल्टी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कमल खेतान ने इस बारे में जानकारी दी।

# टेलीग्राम के संस्थापक पावेल दुरोव दुबई के सबसे अमीर व्यक्ति

### विवादों से गहरा नाता, 1,51,676 करोड़ के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई दुनिया के कुछ सबसे अमीर अरबपतियों का घर है। इसे अपनी विलासिता के लिए जाना जाता है। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि दुबई का सबसे अमीर आदमी कोई शेख या राजकुमार नहीं है। वह एक रूसी मूल का टेक उद्यमी। उनका नाम है पावेल दुरोव। 29 सितंबर, 2025 तक पावेल की रियल टाइम नेटवर्थ 17.1 अरब डॉलर (1,51,676 करोड़ रुपये) है। फोर्ब्स के अनुसार, वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों में 139वें स्थान पर हैं। पावेल टेलीग्राम के संस्थापक हैं। यह एक मैसेजिंग एप्लिकेशन है। हालांकि , उनका विवादों के साथ गहरा नाता रहा है। आइए, यहां उनके बारे में जानते हैं। पावेल दुरोव रूसी मूल के टेक उद्यमी हैं। वह दुबई के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनकी कुल संपत्ति 17.1 अरब डॉलर है। उन्होंने वीकॉन्टैक्टे की सह-स्थापना की थी। यह रूस का सबसे बड़ा सोशल नेटवर्क था। बाद में उन्होंने टेलीग्राम की नींव रखी। यह एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप है। यह ऐप उनकी संपत्ति का मुख्य स्रोत है। दुरोव ने रूसी गुप्त सेवाओं के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्हें रूस छोड़ना पड़ा था। 2017 में वह दुबई में बस गए। दुबई की टैक्स-फ्रेंडली पॉजिसीज और लाइफस्टाइल ने उन्हें आकर्षित किया। वह अब



यूएई के नागरिक हैं। हाल ही में उन्होंने फ्रांसीसी खुफिया एजेंसियों पर मोल्दोवन टेलीग्राम चैनलों को सेंसर करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया। यह आरोप मोल्दोवा के चुनावों के दौरान लगाया गया था। उन्होंने इन आरोपों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय ने उनके दावों को खारिज कर दिया। दुरोव फ्रांस में न्यायिक निगरानी में हैं। यह निगरानी टेलीग्राम के इस्तेमाल से जुड़े संगठित अपराध के संदेह में 2024 में उनकी गिरफ्तारी के बाद से है।

पावेल दुरोव का जन्म 1984 में सेंट पीटर्सबर्ग में हुआ था। उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी से फिलोलॉजी में डिग्री हासिल की। 22 साल की उम्र में उन्होंने वीकॉन्टैक्टे की सह-स्थापना की। यह रूस का सबसे बड़ा सोशल नेटवर्क बन गया। उनके नेतृत्व में इसके 10 करोड़ से ज्यादा यूजर हो गए। उनकी इनोवेशन क्षमता और तेज व्यावसायिक समझ ने उन्हें जल्दी ही रूस का जुकरबर्ग बना दिया। फोर्ब्स ने उनकी तुलना फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग से की। हालांकि, दुरोव का जीवन तब बदल गया जब उन्होंने मॉस्को की गुप्त सेवाओं के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया। उन्होंने यूजर डेटा सौंपने की मांगों का विरोध किया। इसके बाद उन्हें व्कू में अपनी हिस्सेदारी बेचनी पड़ी और रूस छोड़ना पड़ा। फोर्ब्स पर उनके बायो में लिखा है, दुरोव ने गुप्त सेवा के साथ सहयोग करने और अपने पहले सोशल नेटवर्क के यूजरों का एन्क्रिप्टेड डेटा प्रदान करने से इनकार करने के बाद रूस छोड़ दिया। टेलीग्राम को रूस में 2018 से 2021 तक प्रतिबंधित कर दिया गया था। वह 2021 में फ्रांसीसी नागरिक बन गए लेकिन दुबई में रहते हैं। हाल में दुरोव ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने फ्रांसीसी खुफिया एजेंसियों पर मोल्दोवा के चुनावों के दौरान मोल्दोवन टेलीग्राम चैनलों को सेंसर करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर खुलासा किया कि अधिकारियों ने मध्यस्थों के जरिये उनसे संपर्क किया था। उन्होंने उनसे अपने चल रहे फ्रांसीसी अदालत के मामले में अनुकूल व्यवहार के बदले राजनीतिक आवाजों को चुप कराने के लिए कहा था।

### 2013 में टेलीग्राम की रखी नींव

पावेल दुरोव ने फिर टेलीग्राम की स्थापना की। इसी ने उन्हें दुबई का सबसे अमीर अरबपति बनाया। 2013 में दुरोव ने टेलीग्राम को लॉन्च किया। यह एक फ्री-इस्तेमाल वाला एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप है। यह जल्द ही व्हाट्सऐप और मैसेंजर का ग्लोबल प्रतिद्वंद्वी बन गया। यह अपनी गोपनीयता और सुरक्षा पर मजबूत रुख के लिए जाना जाता है। स्टैटिस्टा 2025 के अनुसार, टेलीग्राम के अब दुनिया भर में 1 अरब से ज्यादा मासिक एक्टिव यूजर हैं। ज्यादातर टेक दिग्गजों के उलट टेलीग्राम पूरी तरह से दुरोव के स्वामित्व में है। यह उनकी संपत्ति का प्राथमिक स्रोत है। कई देशों में घूमने के बाद दुरोव 2017 में दुबई में बस गए। यूएई की टैक्स-अनुकूल नीतियों ने उन्हें आकर्षित किया। बाद में वह यूएई के नागरिक बन गए। आज वह जुमेराह आइलैंड्स में एक शानदार पांच बेडरूम वाली हवेली में रहते हैं। यह हवेली 15,000 वर्ग फीट में फैली हुई है। दुबई उनके वैश्विक व्यापार संचालन के लिए सुरक्षित आधार प्रदान करता है। साथ ही, यह ऐसी जीवनशैली भी प्रदान करता है जो उनके अरबपति के दर्जे से मेल खाती है। दुरोव ने अक्सर अपनी अपरंपरागत जीवनशैली के लिए सुर्खियां बटोरी हैं।



# इमरान ने शुरू की आवारापन 2 की शूटिंग

**अभिनेता इमरान हाशमी की मच अवेटेड फिल्म 'आवारापन 2' की शूटिंग शुरू हो गई है। 'आवारापन' के लगभग 18 साल बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल लेकर आ रहे हैं। आज इमरान हाशमी ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। मेकर्स और इमरान हाशमी ने फिल्म के मुहूर्त शॉट की एक तस्वीर साझा कर इस बात की जानकारी दी है।**

## शुरू हुई शूटिंग

नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित और बिलाल सिद्दीकी द्वारा लिखित 'आवारापन 2' का निर्माण विशेष भट्ट द्वारा विशेष फिल्म्स के तहत किया जा रहा है। पहला शूटिंग शेड्यूल फिलहाल बैंकॉक में चल रहा है। इमरान हाशमी और निर्माता विशेष भट्ट ने फिल्म के अगले पार्ट को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया। अब मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की भी जानकारी साझा की है।

## फिल्म को लेकर उत्साहित हैं फैंस

देखना यह है कि क्या यह फिल्म 'आवारापन' के शिवम के सफर को ही आगे ले जाएगी। या फिर दूसरे पार्ट में कोई नई कहानी मेकर्स लेकर आने वाले हैं। फिलहाल फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। क्योंकि कई बार फैंस ने आवारापन के सीक्वल की मांग भी की थी। ऐसे में जब इमरान हाशमी के जन्मदिन पर मेकर्स ने 'आवारापन 2' की घोषणा की थी, तो फैंस काफी उत्साहित हो गए थे। 'आवारापन 2' की शूटिंग अब शुरू होने के साथ फैंस का फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। 'आवारापन 2' 3 अप्रैल 2026 को रिलीज होनी है।

## 2007 में रिलीज हुई थी 'आवारापन'

'आवारापन' साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा आशुतोष राणा, श्रिया सरन, मृणलिनी शर्मा और पूरब कोहली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। यह फिल्म उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई थी, लेकिन बाद में इसे काफी पसंद किया गया। इस फिल्म के गाने आज भी लोगों की जुबान पर बने हुए हैं।



# राइज एंड फॉल में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो राइज एंड फॉल लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। बिग बॉस ओटीटी 2 में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से राइज एंड फॉल में सनसनी मचने वाली है।

मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपये जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## पवन सिंह ने धनश्री के नाम पर दुकान खोली है

मनीषा ने शो में एंट्री करते ही धनश्री से हंसते हुए कहा, 'बहन, मुझे गाली मत देना।' इसके जवाब मे धनश्री ने बताया कि उनका जन्मदिन अगले ही दिन है। मनीषा ने तब मजेदार बात कही। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने धनश्री के लिए ब्रांडेड साड़ी और ब्लैक बिंदी की दुकान खोली है और इसे 'धनपवन साड़ी सेंटर' नाम दिया है। मनीषा की बात सुनकर सबकी हंसी छूट गई।

## मनीषा ने अपनी अंग्रेजी का खुद ही उड़ाया मजाक

अपनी मजेदार वन लाइनर्स के लिए मशहूर मनीषा रानी खुद की अंग्रेजी का मजाक उड़ाते हुए भी दिखीं। उन्होंने अंग्रेजी को फॉरेन इंग्लिश बताते हुए कहा, कोई अगर परफेक्ट अंग्रेजी बोलता है तो वह उनका दिल आसानी से जीत सकता है।

## राइज एंड फॉल में वर्कर्स और रूलर्स का खेल

इस हफ्ते राइज एंड फॉल का माहौल वैसे भी बदला-बदला सा है। कंटेस्टेंट्स दो भाग मे बंट गए हैं। एक 'वर्कर्स' और दूसरे 'रूलर्स'। बाली, अर्जुन बिजलानी, धनश्री वर्मा, अरबाज पटेल और आकृति नेगी कड़ी मेहनत करते हुए 'वर्कर्स' टीम में हैं, जबकि आरुष भोला, मनीषा रानी, कीकू शारदा, आदित्य नारायण, कुब्रा सैत और नयानदीप रक्षित, सिंहासन पर बैठकर 'रूलर्स' की ताकत का मजा ले रहे हैं।

## कौन हैं मनीषा रानी, बदल सकती है पूरा गेम!

अब जब मनीषा की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है तो यकीनन गेम बदलने वाला है। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मनीषा के पास बिग बॉस का अनुभव है, जो इस रियलिटी शो में उनके बहुत काम आने वाला है। जाहिर है, आने वाले दिनों में शो में ड्रामा और भी बढ़ने वाला है। बिहार के मुंगेर की रहने वाली मनीषा रानी ने अपनी डांसिंग स्किल्स से भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 में उन्होंने बताया था कि वह जिंदगी में कुछ करने की ललक से घर छोड़कर कोलकाता भाग आई थीं। वहां उन्होंने वेट्रेस और बैकग्राउंड डांसर का काम किया। टीवी पर उनकी पहली झलक 'डांस इंडिया डांस 5' में देखने को मिली थी। बाद में उन्होंने 'गुड़िया हमारी सभी पे भारी' सीरियल में एक छोटा सा रोल भी किया। बिग बॉस के बाद कई म्यूजिक वीडियोज के अलावा मनीषा रानी 2025 में वेब सीरीज़ 'हाल ए दिल' में इंदु के लीड रोल में भी नजर आईं।




# 'थामा' में हॉरर-कॉमेडी के साथ रोमांस का तड़का, 'बेताल' नवाज से भिड़ेंगे 'वैम्पायर' आयुष्मान

मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म 'थामा' का मच अवेटेड ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यूनिवर्स की स्त्री यानी खुद श्रद्धा कपूर मौजूद थीं। इसके अलावा फिल्म थामा के प्रोड्यूसर्स-डायरेक्टर और खुद आयुष्मान खुराना ने भी इवेंट की रौनक बढ़ाई। चलिए आपको बताते हैं फिल्म के ट्रेलर में क्या कुछ देखने को मिला।

2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर में सबसे पहले रश्मिका मंदाना की आवाज सुनाई देती है जो कहती हैं कि तुम बेताल हो तुम्हे पृथ्वी और इंसानों की रक्षा के लिए बनाया गया है। इसके बाद एंट्री होती है नवाजुद्दीन सिद्दिकी की, जो कहते हैं आज से हम इंसानों का खून पिएंगे, नए-नए बेताल पैदा करेंगे और बन जाएंगे थामा। फिर आयुष्मान खुराना अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ स्क्रीन पर सामने आते हैं। उनके और रश्मिका के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है लेकिन इसी के बाद उन्हें पता चलता है कि उनके शरीर में कुछ बदलाव हो रहे हैं। उनके दांत लंबे-लंबे और नुकीले हो जाते हैं। इसी के बाद फिल्म का मेन प्लॉट शुरू होता है।

## ट्रेलर में दिखी इंटेंस लवस्टोरी

ट्रेलर लॉन्च के मौके पर दिनेश विजन की ओर से बताया गया कि यह फिल्म इन यूनिवर्स की पहली लवस्टोरी फिल्म है। इसमें एक प्रेमकहानी दिखाई गई है जो बाकी की फिल्मों में नहीं दिखी। फिल्म के ट्रेलर में आयुष्मान और रश्मिका के बीच की कहानी को थामा बनने से जोड़कर दिखाया गया है।

## स्त्री-मुंज्या के बाद आई 'थामा'

'थामा' मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की 'स्त्री', 'भेड़िया', 'मुंज्या' और 'स्त्री 2' आ चुकी हैं। इन सभी फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब 'थामा' इस यूनिवर्स की पहली प्रेम कहानी है, जो खूनी प्रेम कहानी है। इसमें वैम्पायर्स की लव स्टोरी देखने को मिलेगी। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'थामा' इस साल दीवाली पर 21 अक्तूबर को रिलीज होनी है। फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## कोरियन ड्रामा में नजर आएंगी एकता कपूर




प्रोड्यूसर एकता कपूर ने अपने करियर में कई हिट टीवी सीरियल बनाए हैं, ज्यादातर के नाम की शुरुआत 'क' शब्द से होती थी। इसमें 'कसौटी जिंदगी की' से लेकर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' जैसे सीरियल शामिल रहे। हाल ही में एक पोस्ट के जरिए एकता ने कोरियल ड्रामा में शामिल होने वाली खबर को लेकर अपडेट दिया। अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एकता कपूर ने एक स्टोरी पोस्ट की। इसमें वह कहती हैं, 'मैं ओजी क्वीन हूं 'के ड्रामा' की (क्योंकि... जैसे सीरियल को लेकर कही ये बात)। मैं आपके लिए एक अपडेट लाई हूं। मैं कोरियन ड्रामा में नजर आऊंगी।' एकता कपूर टीवी सीरियल और फिल्में प्रोड्यूस करती हैं। बालाजी टेलीफिल्म्स के जरिए एकता ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे कई हिट सीरियल बनाएं। साथ ही 'डर्टी पिक्चर' जैसी हिट फिल्म के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों को प्रोड्यूस किया है।

# संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आएंगे अहान पांडे?

बॉलीवुड में अक्सर स्टार्स की डायरेक्टर्स संग मुलाकातों से उनकी आने वाली फिल्मों का अंदाजा लगाया जाता है। कुछ ऐसा ही हाल ही में हुआ जब सैयारा से पहचान बनाने वाले अहान पांडे को फिल्मकार संजय लीला भंसाली के दफ्तर के बाहर देखा गया। अहान पांडे ने अपने डेब्यू सैयारा से ही दर्शकों का ध्यान खींचा था। भंसाली जैसे दिग्गज निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिलना किसी भी उभरते कलाकार के लिए करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। अहान के फैंस को लगता है कि यह मुलाकात महज संयोग नहीं बल्कि आने वाले समय की बड़ी घोषणा का इशारा है। भंसाली की फिल्मों का आकर्षण

संजय लीला भंसाली का नाम आते ही दर्शकों के सामने भव्य सेट्स, गहरी कहानियां और यादगार संगीत की तस्वीर उभर आती है। उनके साथ काम करना किसी भी कलाकार के लिए सम्मान की बात होती है। अब तक रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट जैसे कई सितारों के करियर को भंसाली की फिल्मों ने नई ऊंचाई दी है। ऐसे में अगर अहान इस लिस्ट में शामिल होते हैं, तो यह उनके लिए भी मील का पत्थर साबित होगा।





# शिवा नायक नहीं, खलनायक है

**कन्नड़ फिल्म कांतारा के सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया था। लोगो का कहना था कि शिव के किरदार को ऐसा नहीं दिखाना चाहिए था जो दिखाया गया। अब ऋषभ शेट्टी ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि शिवा विलन था, हीरो नहीं।**

## ऋषभ शेट्टी ने शिव पर की बात

कन्नड़ फिल्म कांतारा सितंबर 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज होने पर स्लीपर हिट साबित हुई। शुरुआत में इसे केवल कर्नाटक में रिलीज किया गया था, लेकिन इसे जबरदस्त प्रचार-प्रसार के कारण लोकप्रियता मिली और बाद में इसे कई भाषाओं में डब किया गया। इसने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 408 करोड़ रुपये की कमाई की और ऋषभ शेट्टी को बेस्ट एक्टर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिलाया। हालांकि, फिल्म को महिलाओं के चित्रण और फिल्म में उनके साथ व्यवहार के लिए काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। तीन साल बाद, ऋषभ ने अपना रुख बदल दिया है और कहा है कि लीड रोल को खलनायक होना चाहिए था, नायक नहीं। दर्शकों ने फिल्म में शिवा (ऋषभ शेट्टी) के व्यवहार पर चिंता जताई थी, जहां उन्होंने अपनी प्रेमिका लीला (सप्तमी गौड़ा) के साथ बुरा व्यवहार किया। उनके किरदार को लीला का पीछा करते और उसे गलत तरीके से छूते हुए दिखाया गया था और यह सब प्यार की आड़ में दिखाया गया था। द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में, ऋषभ ने कहा, वह फिल्म शिव के बारे में है।

## शिवा हीरो नहीं विलन है

उन्होंने आगे कहा, किसी और के बारे में नहीं है, शिवा हीरो नहीं हैं, वो खलनायक है। उसका चरित्र दोष से भरा है। उसका व्यवहार संदिग्ध है, उसकी भाषा अशिष्ट है, और उसमें तमाम बुरी आदतें हैं। वे सामाजिक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे, खासकर अपने पिता की एक पूजनीय दैवीय नर्तक की विरासत से जुड़ी अपेक्षाओं पर। कहानी उनके परिवर्तन के बारे में है।

## शिवा की मां की प्रेजेंस मजबूत

महिला किरदारों को दिए गए कम स्क्रीन टाइम और जगह पर हो रही आलोचनाओं पर उन्होंने कहा, फिल्म में बाकी सभी किरदार गौण हैं। लेकिन फिर भी, शिवा की मां की प्रेजेंस मजबूत थी। वह शिवा के जीवन में एक आतंक की तरह थीं। मुझे समझ नहीं आता कि लोगों को यह बेतुका क्यों लगा। मैंने हर किरदार को महत्व दिया है, लेकिन शिवा का आभामंडल ही उन पर हावी हो गया और यह जानबूझकर किया गया था।

## कांतारा से हटकर कुछ आने वाला है

अपनी पसंद का बचाव करने के बावजूद, ऋषभ शेट्टी ने कहा कि वह सभी तरह के रिएक्शन पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मैं इन रायों से बहुत कुछ सीखता हूं। ये अक्सर मुझे नए विचार देती हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी आगामी फिल्म में इस आलोचना का जवाब देने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो ऋषभ शेट्टी ने बताया कि यह पूरी तरह से एक अलग सेटअप है। यह कांतारा से ज्यादा मजबूत और गहरा है। अगर हम उस किरदार के साथ सीक्वल बनाते हैं, तो शायद हम उन कुछ बातों पर फिर से विचार कर सकें।



# नेपाल ने रचा इतिहास

**नेपाल-वेस्टइंडीजः** वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में हराकर सीरीज पर जमाया कब्जा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल ने सोमवार (29 सितंबर) को वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में 90 रन से हराकर इतिहास रच दिया। नेपाल की टीम ने पहली बार किसी आईसीसी की फुल मेंबर टीम के खिलाफ सीरीज जीती। नेपाल ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ मैच में जीत दर्ज की थी। नेपाल ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को 90 रनों से रौंद दिया।

सीरीज जीतने की आस में पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की शुरुआत खराब रही। अकील हुसैन ने मैच के दूसरे ही ओवर में विकेट चटकाया। उन्होंने कुशल भुर्तेल को पवेलियन भेजा। हुसैन ने चौथे ओवर में कप्तान रोहित पौडेल को क्लीन बोल्ड कर दिया। नेपाल का स्कोर 4 ओवर में 2 विकेट पर 16 रन हो गया। आसिफ शेख ने अच्छी बल्लेबाजी करके नेपाल को पावरप्ले के अंत में मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

**आसिफ शेख और संदीप जोरा के बीच शतकीय साझेदारी**

इसके बाद कुशल मल्ला रन आउट हो गए। फिर आसिफ शेख और संदीप जोरा के बीच शतकीय साझेदारी ने पूरी कहानी पलट दी। शेख शानदार लय में दिखे। इसके बाद जोरा ने लगातार चौके जड़े और फिर फैबियन एलन




और नवीन बिदेसी की गेंदों पर छक्का जड़ा।

**जोरा ने हैट्रिक सिक्स के प्रयास में विकेट गंवाया**

छक्कों की बरसात हो रही थी। नेपाल की इस जोड़ी ने वेस्टइंडीज पर दबाव बनाए रखा। दोनों मे अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। जोरा ने जेडिया ब्लेड्स को लगातार दो छक्के जड़े, लेकिन हैट्रिक की कोशिश में वह आउट हो गए और वेस्टइंडीज ने आखिरकार शतकीय साझेदारी तोड़ दी।

**वेस्टइंडीज 2 ओवर में 3 रन बनाए**

पारी के आखिरी ओवर में एक-दो छक्के और पारी के आखिरी ओवर में छक्के की मदद से नेपाल ने पारी का मजबूत अंत किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज जल्द ही बैकफुट पर आ गई। पहले दो ओवरों में कुल मिलाकर सिर्फ 3 रन बने। इसका नतीजा यह हुआ कि ज्वेल एंड्रयू एक सीधी गेंद पर बोल्ड हो गए।

**मोहम्मद आदिल आलम ने मध्यक्रम को बिखेरा**

शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू 2, काइल मेयर्स 6 और कीसी कार्टी 1 रन दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। पांच ओवर के बाद, वेस्टइंडीज का स्कोर 7/2 था और मोहम्मद आदिल आलम ने मध्यक्रम को बिखेर कर रख दिया। जेसन होल्डर ने लगातार 2 छक्के लगाए, लेकिन वेस्टइंडीज की हार तय थी।

**आलम ने 4 विकेट लिए**

कुशल भुर्तेल ने एक ही ओवर में फैबियन एलन और अकील होसेन के विकेट लेकर विपक्षी टीम का स्कोर 74/7 कर दिया।

इसके बाद नेपाल की जीत औपचारिकता मात्र थी। आलम ने अपने खाते में एक और विकेट जोड़ा और चार विकेट लेकर मैच का अंत किया। वेस्टइंडीज ने लगभग तीन ओवर शेष हार गई।

### एसोसिएट टीम के खिलाफ फुल मेंबर टीम का सबसे कम स्कोर

वेस्टइंडीज का 83 रनों का स्कोर किसी एसोसिएट टीम के खिलाफ किसी फुल मेंबर टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे कम स्कोर है। नेपाल की 90 रनों की जीत किसी एसोसिएट टीम की पूर्ण सदस्य टीम के खिलाफ रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत थी।

**एशिया कपः**

## मैच में बहुत कुछ चल रहा था जो मैं बता नहीं सकता

**हैदराबाद, एजेंसी।** एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरूआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में 5 विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने दुबई से कल रात देश वापस पहुंचने के बाद कहा, 'शुरूआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था।



मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा। उन्होंने कहा, 'मैने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैने शुरूआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया। उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जाएं और हमने वही किया। तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में जमकर छींटाकशी की लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया। उन्होंने कहा, 'हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए थे और माहौल काफी गर्म हो गया था। मैं जल्दी बल्लेबाजी करने आ गया लेकिन मैने किसी को कुछ नहीं कहा और ना ही कोई खराब शॉट खेलकर टीम और देश को निराश किया।

उन्होंने कहा कि एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैने के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था। मुझे जो कुछ कहना था, वह मैने मैच के बाद कहा। मैच में बहुत कुछ चल रहा था जो मैं बता नहीं सकता। भारत और पाकिस्तान के मैचों में यह होता है लेकिन हमारा फोकस मैच जीतने पर था। भारत को आखिरी ओवर में दस रन चाहिए थे और तिलक ने कहा कि वह तब तक दबाव से ऊपर उठ चुके थे। उन्होंने कहा, 'मुझ पर आखिरी ओवर में दबाव नहीं था।

मुझे पता था कि मैं मैच जिता दूंगा। मैं अपने देश के बारे में ही सोच रहा था और गेंद दर गेंद रणनीति बना रहा था। मुझे गर्व है कि मैं यह कर सका।

भारत Vs वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीजः

## कोहली-रोहित-अश्विन के बाद नई शक्ल में उतरेगी टीम इंडिया





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगी. 7 साल बाद वेस्टइंडीज भारत में टेस्ट खेलने आ रही है. आखिरी बार दोनों टीमों की भिड़ंत अक्टूबर 2018 में हुई थी. सीरीज का दूसरा मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा. दोनों मुकाबले सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे. 2024 में भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था. इस नतीजे ने पूरी सीरीज की धारणा बदल दी है. भारत इस बार साबित करना चाहेगा कि वह केवल एक अपवाद था, लेकिन टीम अभी भी उस हार के प्रभाव से उबर रही है. इसके साथ ही, टीम के कई दिग्गज खिलाड़ियों का संन्यास भी बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है- पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, लंबे समय तक टीम के नंबर 4 बल्लेबाज रहे विराट कोहली, और घरेलू टीम में पहले नाम के रूप में खेलते रहे आर. अश्विन अब टीम का हिस्सा नहीं हैं.

**क्यों अहम है यह सीरीज?**

यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा है. भारत पहले ही इंग्लैंड दौरे पर 2-2 से सीरीज ड्रॉ कर चुका है और अब उसके पास घरेलू मैदान पर अंक जुटाने का मौका होगा. भारत फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज छठे पायदान पर है. कैरेबियाई टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार झेली थी, जिसमें एक मैच में वे महज 27 रनों पर ऑल आउट हो गए थे.

ओलिंपियन दीपक पूनिया ने सगाई की

## पिता के प्रॉपर्टी डीलर दोस्त की बेटी से हुआ रिश्ता; सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही मंगेतर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा में झज्जर के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय पहलवान और ओलिंपियन दीपक पूनिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रविवार को बहादुरगढ़ में उनकी शिवानी के साथ रिंग सेरेमनी हुई। शिवानी निलौठी गांव की रहने वाली हैं। फिलहाल वह संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रही हैं। उनका सपना आईएएस अफसर बनने का है। शिवानी और दीपक के पिता अच्छे दोस्त हैं। दोनों परिवारों ने दोस्ती को आगे बढ़ाते हुए दोनों बच्चों का रिश्ता तय किया है। रविवार को हुए रिंग सेरेमनी प्रोग्राम में सिर्फ दोनों परिवार और करीबी ही शामिल हुए। दीपक के पिता का कहना है कि जल्द ही दोनों परिवारों की सहमति से शादी की तारीख तय की जाएगी।

**आईसीसी महिला विश्व कप 2025ः**

## सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से



**इंदौर, एजेंसी।** सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई महिला टीम ICC महिला वनडे विश्व कप 2025 में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैम्पियन न्यूजीलैंड से चुनौती निश्चित रूप से कड़ी होगी, लेकिन आस्ट्रेलिया को अपनी आंतरिक रणनीतियों और टीम संतुलन पर भी ध्यान देना होगा।

**टीम संतुलन और खिलाड़ियों की स्थितिः** आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन अंतिम एकादश में संतुलन बनाना बड़ी चुनौती है। बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम चोट से उबर चुकी हैं। अब टीम प्रबंधन को तय करना है कि वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या मोलिनू को शामिल करके आक्रमण में विविधता लाई जाए।

तेज गेंदबाजी में मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे खिलाड़ी टीम को मजबूती देंगे। बल्लेबाजी में कप्तान एलिसा हीली, बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर मोर्चा संभालेंगी। भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर चुकी जॉर्जिया वोल भी टीम का अहम हिस्सा हैं।

**न्यूजीलैंड के पास भी मजबूत दांव**

न्यूजीलैंड टीम के पास अनुभवी खिलाड़ी सोफी डेवाइन, सूजी बेट्स, ली ताहुहू, एमेलिया केर, मैडी ग्रीन हैं। इसके अलावा युवा खिलाड़ी जॉर्जिया प्लिमर, पोली इंग्लिस, एडेन कारसन और इज़्ज़ी गेज भी टीम में शामिल हैं।

पिछले साल यूएई में टी20 विश्व कप जीतकर न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास ऊंचा है, लेकिन वनडे क्रिकेट में लंबा ब्रेक उन्हें चुनौती दे सकता है। टीम ने चेन्नई और अबुधाबी में ष्टस्च्य अकादमी में अभ्यास किया और बेंगलुरु में अभ्यास मैच भी खेले।

**टीमेंः**

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्रासन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगन शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहेम।

**न्यूजीलैंडः** सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, फ्लोरा डेवोनशर, इज़्ज़ी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंग्लिस, बेला जेम्स, जेस केर, एमेलिया केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहू।

नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2025ः

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन पुरस्कारों का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, बल्कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना भी है। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने 2025 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने सभी पात्र खिलाड़ियों, कोचों और खेल संस्थाओं को आवेदन करने का अवसर दिया है। यह पुरस्कार भारत में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।



**आवेदन प्रक्रियाः** आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को मंत्रालय द्वारा उपलब्ध डेडिकेटेड पोर्टल पर जाकर फॉर्म भरना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्तूबर 2025, रात 11:59 बजे है।

**पुरस्कार की श्रेणियांः** राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में चार प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, बल्कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना भी है। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कारः खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और उत्कृष्ट योगदान के लिए। अर्जुन पुरस्कारः खेल में उल्लेखनीय प्रदर्शन और लगातार उत्कृष्टता दिखाने वाले खिलाड़ियों के लिए। द्रोणाचार्य पुरस्कारः खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और कोचिंग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कोचों के लिए। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कारः खेल संस्थाओं और कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए।

## इंडिया-ऑस्ट्रेलियाः वनडे सीरीज से बाहर होंगे हार्दिक पंड्या?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या एशिया कप 2025 के फाइनल में खेलते नहीं नजर आए थे। वहीं श्रीलंका के खिलाफ सुपर 4 के आखिरी मुकाबले में भी उन्होंने सिर्फ एक ओवर डाला और बाहर चले गए थे। दरअसल उस मुकाबले में हार्दिक एक समस्या से जूझ रहे थे।

मैच के बाद जानकारी सामने आई थी कि हार्दिक पंड्या क्वाड्रिसेप्स (जांघ और घुटने के बीच) की इंजरी के कारण मैदान के बाहर चले गए थे। रवि शास्त्री ने भी कमेंट्री के दौरान इसकी जानकारी दी थी। ऐसी स्थिति में उन्हें फाइनल खेलने का मौका नहीं मिला और उनके ना होने पर शिवम दुबे ने उनकी कमी को पूरा किया था। इस इंजरी के बाद वह तकरीबन चार हफ्ते तक टीम से बाहर भी रहे सकते हैं। यानी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 से 25 अक्तूबर तक होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से उनका बाहर होना लगभग तय माना जा सकता है।

हालांकि, अभी आधिकारिक मुहर लगने का इंतजार है मगर ऐसी इंजरी में चार सप्ताह का समय रिकवर होने में लगता है। यानी वनडे सीरीज से बाहर होने के बाद टी20 सीरीज में वह भारतीय टीम के साथ जुड़ सकते हैं। इस पर भी कोई पुष्टि नहीं है। पूरी जानकारी तभी मिलेगी जब बीसीसीआई



की तरफ से ऑस्ट्रेलिया दौरे का स्क्वाड जारी किया जाएगा। भारतीय टीम वनडे के बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20 मैचों की भी सीरीज खेलेगी।

गौरतलब है कि हार्दिक की गैरमौजूदगी में वनडे टीम में बतौर पेस ऑलराउंडर उनकी जगह कौन लेगा। ऐसे में एक नाम उस खिलाड़ी का सामने आता है जिसने 2019 में वनडे डेब्यू किया था और तब से आज तक सिर्फ चार वनडे मैच भारत के लिए खेले हैं।

**कौन ले सकता है वनडे टीम में हार्दिक की जगह?**

एशिया कप 2025 के फाइनल में सूर्यकुमार यादव ने ऐसा दांव चला था जो भारतीय टीम के लिए भविष्य में वनडे में भी बतौर विकल्प काम आ सकता है। सूर्या ने हार्दिक के बाहर होने पर शिवम दुबे से उनकी कमी पूरी करवाई थी और नई गेंद से पहला ओवर दिया था।

## पहले युवा टेस्ट में दीपेश के 5 विकेट, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 243 पर समेटा

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन के 5 विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 ने मंगलवार को यहां पहले युवा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 243 रनों पर समेटकर पहला दिन अपने नाम कर लिया। तमिलनाडु के 17 वर्षीय क्रिकेटर दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट चटकाए जबकि किशन कुमार ने 16 ओवर में 48 रन देकर 3 विकेट चटकाकर शानदार सहायक भूमिका निभाई।



ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम 91.2 ओवर में ऑल आउट हो गई। वन-डाउन बल्लेबाज स्टीवन होगन ने 246 गेंदों पर 92 रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए शीर्ष स्कोरर का काम किया। उन्होंने अकेले ही संघर्ष किया जबकि उनके कुछ साथी बल्लेबाज़ों ने गेंद को गोल में डालने के बाद दम तोड़ दिया। जेड हॉलिक ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे जिन्होंने 94 गेंदों पर 38 रन बनाए।

## दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में अपना अभियान 12 अक्टूबर से शुरू करने जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसे 12 से 24 अक्टूबर तक दो टेस्ट मैच खेलने हैं।

इस सीरीज के लिए मंगलवार 30 सितंबर को पाकिस्तान का 18 सदस्यीय स्क्वाड चुना गया है। इस टीम में शाहीन अफरीदी की वापसी हुई है। शाहीन ने आखिरी टेस्ट पिछले साल अक्तूबर में ही खेला था। वहीं बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को भी टेस्ट टीम में जगह मिली है। इसके अलावा तीन अनकैप्ड खिलाड़ी भी इस सीरीज के लिए चुने गए हैं जो अपना डेब्यू भी करते नजर आ सकते हैं। नसीम शाह को इस टीम में जगह




नहीं मिली है। पाकिस्तान की टीम 12 से 16 अक्टूबर तक लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलेगी। फिर सीरीज का दूसरा व अंतिम टेस्ट मैच रावलपिंडी में 20 से 24 अक्तूबर तक खेला जाएगा। पाकिस्तान के इस स्क्वाड की बात करें तो अभी इसमें कई बदलाव होने की संभावना है जिसकी जानकारी बोर्ड ने दी है। इतना ही नहीं पहले टेस्ट मैच से पूर्व अभी इस 18 सदस्यीय स्क्वाड से कुछ खिलाड़ियों को बाहर भी किया जा सकता है। लेकिन शान मसूद आगे भी इस टेस्ट टीम की कमान संभालते नजर आएंगे।

**कैसा रहा पाकिस्तान का प्रदर्शनः** अगर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले तीन संस्करण में पाकिस्तान के प्रदर्शन की बात करें तो एक बार भी टीम टॉप 2 में जगह नहीं बना पाई है। साल 2019 से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का आगाज हुआ था। उसके बाद से पाकिस्तान ने अभी तक 40 मुकाबले खेले हैं जिसमें से 13 में सिर्फ उसे जीत मिली है जबकि 20 में हार का सामना करना पड़ा है।

**आईपीएल न्यूजः**

## आरसीबी बिकने वाली है?




**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बिकने वाली है? ये सवाल इसलिए क्योंकि आईपीएल शुरू करने में जिन ललित मोदी का बड़ा हाथ रहा है, उन्होंने इसे लेकर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने जो संकेत छोड़े हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि आईपीएल 2025 की ये चैंपियन टीम अब अपने नए मालिक के तलाश में हैं. ललित मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इस बारे में जानकारी दी है. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा है कि इस फ्रेंचाइजी में अभी निवेश करना नए निवेशकों के लिए क्यों फायदे का सौदा या बेहतर मौका हो सकता है?

**ललित मोदी ने आरसीबी पर दिया अपडेट**

ललित मोदी ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि पहले तो आरसीबी के बिकने को लेकर बस अफवाहें थीं लेकिन अब लगता है कि मालिकों ने आरसीबी को अपनी बैलेंस शीट से हटाकर बेचने का फ़ैसला कर लिया है. उन्होंने आगे लिखा कि मुझे पूरा भरोसा है कि ये टीम बिकने के लिए एक फ्रेंचाइजी के तौर पर पूरी तरह से उपलब्ध होगी.

# सड़कों पर जलभराव

### तेज हवा और घने बादलों के बाद झमाझम बारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में आज अचानक मौसम की फिजा बदल गई। मंगलवार सुबह से ही आसमान में छाए बादलों और तेज हवाओं के बाद कई इलाकों में रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। बारिश के चलते कुछ जगहों पर जलभराव की भी खबर है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को येलो अलर्ट जारी कर राजधानी में बादल छाए रहने, 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और मध्य से तेज बारिश होने की संभावना जताई थी, हालांकि, बाद में इस ऑरेंज अलर्ट में बदल दिया गया।

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद में मंगलवार सुबह से ही मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिला। घने काले बादलों के बीच हवाएं भी चलती रहीं। इसके साथ ही कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश ने गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को राहत प्रदान की है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अब मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मंगलवार और बुधवार को दो दिन दिल्ली में हल्के से घने बादलों की आवाजाही रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके चलते तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं।

### फरीदाबाद में तेज हवा के साथ बारिश, दशहरा की तैयारियों में डाला खलल

फरीदाबाद शहर में एक सप्ताह से लगातार चल रही उमस से लोग बेहाल थे। ऐसे में बारिश की बूंदें राहत लेकर आईं। हालांकि बारिश ने दशहरा की तैयारियों में खलल डाल दिया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में दशहरा मैदानों पर रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले बनाए जा रहे थे। तेज बारिश से पुतले भीग गए। आयोजकों और कारीगरों ने पुतलों को बचाने के लिए पॉलिथीन और तिरपाल का इंतजाम किया। बावजूद इसके कई पुतलों की कागज और कपड़े की परतें खराब हो गईं। बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया। एनआईटी, बल्लभगढ़ और ओल्ड फरीदाबाद क्षेत्र में सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। जगह-जगह जाम के हालात बने और ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने रहेंगे। अधिकारियों का कहना है कि मौसम में यह बदलाव उत्तर-पश्चिमी हवाओं और स्थानीय दबाव की वजह से हुआ है। फिलहाल लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन दशहरा आयोजक चिंतित हैं कि अगर बारिश जारी रही तो कार्यक्रम की तैयारियां प्रभावित हो सकती हैं। दिल्ली में मंगलवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 114 के साथ दिल्ली की वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

### फिर एक बार 2023 में आई तबाही की याद दिला दी

## दिल्ली की बाढ़ ने यमुना का गजब फायदा करा दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में इस बार की बाढ़ ने जो सितम ढाए, वो किसी से छिपा नहीं है। लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा, हर ओर सिर्फ पानी ही पानी था। इस बार की बाढ़ ने फिर एक बार 2023 में आई तबाही की याद दिला दी,लेकिन इस बीच एक अच्छी खबर भी आई। इस बाढ़ ने यमुना नदी का खूब फायदा करा दिया। यमुना के विकराल होते रूप को सबने देखा,कई बार नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर ही रहा पर इस बीच यमुना का प्रदूषण भी धुल गया। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की नवीनतम मासिक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल सितंबर में यमुना नदी के पानी की गुणवत्ता दिल्ली में 2013 के बाद से अपने सबसे स्वच्छ स्तर पर पहुंच गई है। बाढ़ के दौरान नदी में पानी का तेज बहाव बताया, जिसने नदी में मौजूद प्रदूषकों को बाहर निकाल दिया और सीवेज (गंदे पानी) को पतला कर दिया।

यमुना की निगरानी का रिकॉर्ड 2013 से उपलब्ध है और सितंबर का यह डेटा अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावी सुधार की ओर इशारा कर रहा है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि यह पहला मौका है जब पानी के नमूने तेज बाढ़ के दौरान लिए गए थे। इससे पहले, 2023 में जब दिल्ली में 11 जुलाई को यमुना का जलस्तर रिकॉर्ड 208.66 मीटर तक पहुँच गया था, तब नमूने चरम स्तर से पहले, उसी महीने की शुरुआत में लिए गए थे। 3 सितंबर को, जब ऊपरी इलाकों में भारी बारिश और हथनीकुंड बैराज से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण नदी का बहाव तेज था।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला पर ईडी का शिकंजा, ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में हुईं पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल उर्वशी रौतेला मंगलवार को एक बड़े ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुईं। यह मामला कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में रजिस्टर्ड ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म वी बेट से जुड़ा है, जिसकी उर्वशी ब्रांड एंबेसडर हैं। इस खबर ने बॉलीवुड और खेल जगत में हलचल मचा दी है, क्योंकि कई बड़े नाम इस जांच के दायरे में हैं। उर्वशी रौतेला इस मामले में ईडी के रडार पर हैं। सूत्रों के मुताबिक, उर्वशी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत अपना बयान दर्ज करवाना शुरू कर दिया है। ईडी यह जांच कर रही है कि क्या वी बेट के लिए उनकी ब्रांड एंबेसडर की भूमिका में मिले पैसे का इस्तेमाल गैरकानूनी गतिविधियों के लिए किया गया। यह मामला सिर्फ उर्वशी तक सीमित नहीं है। ईडी ने पिछले कुछ हफ्तों में कई बड़े क्रिकेटरों और अभिनेताओं से भी पूछताछ की है। क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन के साथ-साथ



अभिनेता सोनू सूद, पूर्व टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती और बंगाली सिनेमा के स्टार अंकुश हजरा भी इस जांच के दायरे में हैं। इतना ही नहीं, कुछ ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर्स भी ईडी के सवालों का सामना कर चुके हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि इस प्लेटफॉर्म से जुड़े कुछ सितारों ने ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए मिले पैसों से कई तरह की संपत्तियां खरीदीं। इन संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अपराध की कमाई माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि ईडी जल्द ही करोड़ों रुपये की संपत्तियों को जब्त करने की तैयारी में है।

### जब चैतन्यानंद का हुआ क्राइम पार्टनर से आमना-सामना, खुल गए कई राज


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में फंसे स्वघोषित बाबा चैतन्यानंद सरस्वती की करतूतें अब खुलकर सामने आ रही हैं। 62 साल के इस ढोंगी बाबा के फोन में कई महिलाओं के साथ अश्लील चैट, एयर होस्टेस के साथ तस्वीरें और महिलाओं की डीपी के स्क्रीनशॉट्स मिले हैं। पुलिस ने मंगलवार को इस बाबा को उसकी दो महिला सहयोगियों के साथ आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की, जो कथित तौर पर पीड़िताओं को धमकाकर बाबा के गंदे मैसेज डिलीट करवाती थीं। पुलिस के मुताबिक, चैतन्यानंद सरस्वती झूठे वादों का सहारा लेकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करता था। उसका फोन सबूतों का खजाना साबित हुआ, जिसमें कई महिलाओं के साथ



उसकी आपत्तिजनक बातचीत और तस्वीरें मिलीं। यह बाबा दिल्ली के एक केंद्रीय मान्यता प्राप्त निजी संस्थान का अध्यक्ष था, जहां उसने अपनी हैसियत का गलत फायदा उठाकर कई छात्राओं को निशाना बनाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान चैतन्यानंद ने कोई पछतावा नहीं दिखाया और बार-बार गोलमोल जवाब देकर जांच को भटकाने की कोशिश की। अधिकारी ने कहा, वह सबूतों के सामने भी झूठ बोलता रहा। दस्तावेज और डिजिटल सबूत दिखाने पर ही मुश्किल से जवाब देता है। उसकी दो महिला सहयोगियों, जो संस्थान में अलग-अलग पदों पर थीं, से भी पूछताछ जारी है।

## फरार वॉन्टेड संत वीरेंद्र देव दीक्षित की तो 2023 में ही मौत हो गई

### सीबीआई ने कोर्ट को बताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के रोहिणी स्थित आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्वविद्यालय आश्रम में महिला अनुयायियों के साथ कथित दुष्कर्म और अन्य अत्याचार के आरोपों में फरार चल रहे वॉन्टेड संत वीरेंद्र देव दीक्षित का वर्ष 2023 में मौत हो गई है। सीबीआई ने अदालत को दी यह जानकारी है। सीबीआई अब मामले को खत्म करने (अभियोजन बंद करने) की मांग करेगी।

वीरेंद्र देव दीक्षित के खिलाफ वर्ष 2018 में इंटरपोल की ओर से ब्लू नोटिस जारी किया गया था। वह 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज मामलों के बाद फरार हो गए थे। भारत के कई राज्यों और शहरों से लेकर नेपाल तक भी उनकी तलाश गई और किसी भी सही जानकारी पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

#### तीन एफआईआर दर्ज थीं


सीबीआई ने इस मामले में तीन एफआईआर दर्ज की थीं। दो में वीरेंद्र देव दीक्षित पर दुष्कर्म और धमकी के आरोप थे, जबकि एक में कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एजेंसी अब अदालत से अनुरोध करेगी कि दीक्षित के निधन के कारण मामले को अभियोजन से मुक्त किया जाए।

## तो मैं मान लूंगी कि वेश्या हूं...; भारत में वायरल रशियन लड़की कोको रोने लगी

### इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर कोको इन इंडिया नाम से मशहूर लड़की का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में वायरल एक रशियन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर ने दिल्ली स्थित फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस में अपने साथ बदसलूकी का आरोप लगाया है। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर कोको इन इंडिया नाम से मशहूर लड़की का आरोप है कि वहां ना सिर्फ उसका मोबाइल चेक किया गया, बल्कि पर्सनल सवाल किए गए और यहां तक पूछा गया कि वह होटलों में क्यों जाती है। कथित सवालों से आहत इंफ्लुएंशर ने इंस्टाग्राम पर तीन वीडियो शेयर करके पूरी बात बताई और खुद पर लगाए गए आरोपों को लेकर उसे सबूत मांगे हैं।

कोको नाम से मशहूर रशियन लड़की का असली नाम क्रिस्टीना है। वह लंबे समय से भारत में रह रही है। भारतीय संस्कृति, खानपान और बॉलीवुड के गानों पर डांस आदि के उसके वीडियो अक्सर वायरल होते हैं। हिंदी में बात करके महफिल लूटने वाली क्रिस्टीना को 4.79 लाख लोग फॉलो करते हैं।



#### रूम नंबर 303 के कर्मचारियों ने मुझसे मेरा फोन लिया

इनमें उसने कहा, 'मुझे भारतीय कानूनों की ज्यादा जानकारी नहीं। हो सकता है कि मैं गलत हूं। अगर मैं गलत हूं तो सॉरी। बस मैं पूछना चाहती थी किसी को जानकारी होगी। नई दिल्ली के आरकेपुरम स्थित एफआरआरओ के रूम नंबर 303 के कर्मचारियों ने मुझसे मेरा फोन लिया। उसमें अलग-अलग चैट चेक किए। मुझसे मेरे व्यक्तिगत जीवन को लेकर सवाल किए। अपनी एक सहयोगी को दिखाते हुए हंसे कि देखो...। मुझे नहीं पता क्या यह लीगल है। हो सकता है उन्हें ऐसा करना चाहिए। लेकिन मैंने दूसरे लोगों के साथ ऐसा करते नहीं देखा। उन्होंने दूसरों का फोन नहीं लिया।' हो सकता है कि उन्हें लगा हो कि मैं देश के लिए खतरनाक हूं, जैसे आतंकवादी या ड्रग डीलर।

## पाकिस्तानियों से भरे टैंकर पर इजरायल ने किया था हमला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** यमन के रास इस्सा बंदरगाह पर 17 सितंबर को एक एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन के हमले की घटना ने पाकिस्तान को झकझोर दिया था। इस टैंकर पर 24 पाकिस्तानी नागरिक सवार थे, लेकिन दो सप्ताह तक चली सस्पेंस भरी जद्दोजहद के बाद आखिरकार सभी चालक दल सदस्य सुरक्षित हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने मंगलवार को इस घटना की पूरी सच्चाई उजागर करते हुए बताया कि हूती विद्रोहियों ने टैंकर को रोक लिया था और चालक दल को बंधक बना लिया गया था, लेकिन अब वे यमन के जलक्षेत्र से बाहर हैं। 17 सितंबर को यह एलपीजी टैंकर हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन के रास इस्सा बंदरगाह पर रुका हुआ था। उसी वक्त यह इजरायली ड्रोन के हमले का शिकार हो गया। हमले के दौरान जहाज के एक एलपीजी टैंक में विस्फोट हो गया, लेकिन चालक दल ने तुरंत आग बुझा दी। टैंकर पर कुल 27 सदस्य थे, जिनमें 24 पाकिस्तानी, दो श्रीलंकाई और एक नेपाली शामिल थे। जहाज का कप्तान भी पाकिस्तानी था।

हमले के तुरंत बाद हूती नावों ने टैंकर को रोक लिया और चालक दल को जहाज पर ही बंधक बना लिया। यह घटना गाजा संघर्ष के बीच हुई, जब इजरायल हूती टारगेट्स पर बार-बार हमले कर रहा है।

## ओमान में कमाओ, भारत में लखपति बन जाओ

**ओमान, एजेंसी।** हर देश की अपनी करेंसी होती है लेकिन कुछ करेंसी इतनी मजबूत होती हैं कि वे दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती हैं। ओमान की करेंसी रियाल भी ऐसी ही है जो भारतीय रुपये के मुकाबले बेहद शक्तिशाली है। वर्तमान विनिमय दर के अनुसार 1 ओमानी रियाल की कीमत ?230.71 भारतीय रुपये के बराबर है। यह साफ दिखाता है कि ओमानी रियाल की वैल्यू भारतीय रुपये से कई गुना ज्यादा है।

तेल और गैस की समृद्धि- ओमान एक तेल और गैस से समृद्ध देश है। कच्चे तेल के निर्यात से होने वाली भारी आय देश की अर्थव्यवस्था को अत्यधिक स्थिर बनाती है।

कम जनसंख्या और उच्च आय- ओमान की जनसंख्या कम है जबकि प्रति व्यक्ति आय काफी अधिक है। यह भी करेंसी की उच्च वैल्यू का एक प्रमुख कारण है। ओमानी रियाल की खासियत यह है कि यह दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी में से एक है जिसकी वैल्यू



अमेरिकी डॉलर से भी ज्यादा है। 1 ओमानी रियाल लगभग 2.60 अमेरिकी डॉलर के बराबर होता है। यानी 5000 ओमानी रियाल भारत में लगभग 11.54 लाख रुपये से भी ज्यादा के बराबर होते हैं। यह दिखाता है कि ओमानी रियाल में की गई छोटी बचत भी भारतीय रुपये में बड़ा मूल्य रखती है।

ओमान और भारत के बीच मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय

नए आंकड़ों के अनुसार ओमान में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 6.8 से 7 लाख है। यह वहाँ का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। अर्थव्यवस्था में योगदान भारतीय प्रवासी ओमान की अर्थव्यवस्था और संस्कृति दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकांश भारतीय प्रवासी श्रमिक, पेशेवर, छात्र और व्यवसायी के रूप में निर्माण, व्यापार, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

### सांपों से भरे कुएं में दो दिन पड़ी रही महिला, फिर हो गया चमत्कार

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन में एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला जंगल में टहलने निकली थी। अचानक उसका पैर फिसला और वह झाड़ियों से छिपे एक संकरे कुएं में जा गिरी। कुएं में पानी के अलावा सांप और कीड़े-मकोड़े भी थे। वह दो दिन तक कुएं में ही पड़ी रही। इसके बाद भी सुरक्षित बाहर निकल आई। महिला ने बताया कि उसे सांपों ने कई जगह काटा। हालांकि सांप जहरीले नहीं थे इसलिए उसकी जान बच गई। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक घटना 13 सितंबर की है। फुजिया प्रांत में रहने वाली 48 साल की महिला जंगल में घूमने निकली थी। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी तो लोगों ने ढूंढना शुरू किया। हताश होने पर घर वालों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद 15 सितंबर को पुलिस की टीम ने थर्मिल इमेजिंग और ड्रोन से महिला की तलाश शुरू की। घर वालों को इतनी जानकारी थी की वह जंगल की ही ओर गई थी। 54 घंटे से ज्यादा तक महिला की तलाश जारी रही।

## करीबी दोस्त ने टैरिफ पर दिया ट्रंप को झटका

### भारत के साथ व्यापार बढ़ाने की यूरोपीय रणनीति

**हेलसिकी, एजेंसी।** फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की भारत पर नए टैरिफ लगाने की मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि यूरोपीय संघ (ईयू) भारत के साथ व्यापार बढ़ाने और टैरिफ घटाने की दिशा में काम कर रहा है।

गौरतलब है कि फिनलैंड अमेरिका का करीबी देश माना जाता है और राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ ट्रंप के बेहद करीबी रिश्ते हैं। इसके बावजूद फिनलैंड ने भारत का साथ दिया है। रूस से ऊर्जा खरीदने के लिए भारत पर दंडात्मक टैरिफ लगाने के ट्रंप के अनुरोध को ठुकराते हुए वाल्टोनेन ने साफ किया कि ईयू की प्राथमिकता रूस पर सीधे प्रतिबंध और टैरिफ लगाना है, न कि भारत जैसे साझेदार देशों पर ऐसे प्रतिबंध लगाना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को तेजी से आगे बढ़ाने की इच्छा जताई। वाल्टोनेन ने कहा कि यूरोप की रणनीति रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों और तेल मूल्य सीमा जैसे उपायों पर केंद्रित है, जिसने रूस से कच्चे तेल के आयात को 90 तक कम कर दिया है। उन्होंने भारत और चीन पर द्वितीयक टैरिफ लगाने की जरूरत को खारिज करते हुए कहा कि मौजूदा प्रतिबंध नीति पर्याप्त प्रभावी है। वाल्टोनेन ने भारत के साथ आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने





पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ व्यापार बढ़ाने की उम्मीद करते हैं। इसके लिए नए टैरिफ लगाने के बजाय, हम मौजूदा टैरिफ को कम करना चाहते हैं और एफटीए वार्ता को जल्द से जल्द अच्छे विश्वास के साथ पूरा करना चाहते हैं।

हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि यूरोप उम्मीद करता है कि भारत भू-रणनीतिक दृष्टिकोण से ईयू की विदेश नीति के साथ और करीब आए। ट्रंप की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए वाल्टोनेन ने कहा कि यूरोप अपनी स्वतंत्र प्रतिबंध नीति पर कायम है। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य हथियार रूस के खिलाफ प्रभावी प्रतिबंध हैं। हम टैरिफ पर विचार कर रहे हैं, लेकिन ये सीधे रूस पर लागू होंगे, क्योंकि यूरोप अभी भी रूस से कुछ सामान और सेवाओं का आयात करता है।

### भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर ने खुद को बताया निर्दोष

**फ्लोरिडा , एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा के हाईवे पर बीते दिनों हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के मामले में आरोपी भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह ने खुद को निर्दोष बताया है। 28 वर्षीय हरजिंदर सिंह ने सोमवार को अदालत में अपनी पहली पेशी छोड़ दी और गुनाह कबूल नहीं है की दलील दी। बता दें कि 12 अगस्त को फ्लोरिडा के टर्नपाइक हाईवे पर हरजिंदर सिंह ने अपने बड़े ट्रक से अचानक गैरकानूनी यू-टर्न लेने की कोशिश की। तभी पीछे से आ रही एक मिनीवैन ट्रक से टकरा गई। हादसे में वैन के ड्राइवर और दो यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। सिंह और उनके साथ ट्रक में मौजूद व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई।

**क्या आरोप हैं?:** हरजिंदर सिंह पर विहिकलर होमिसाइड (यानि लापरवाही से गाड़ी चलाकर मौत की वजह बनना) के तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा उन पर अमेरिका में अवैध रूप से रहने और इमिग्रेशन नियमों के उल्लंघन के आरोप भी हैं। उन्हें फ्लोरिडा की सेंट लूसी काउंटी जेल में रखा गया है और कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है।

# दुमका में भक्तिभाव से मनाया जा रहा दुर्गोत्सव





**दुमका/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपराजधानी दुमका में दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले में इस वर्ष 229 स्थानों पर देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। सभी मंदिरों में देवी की पूजा भक्ति भाव से की जा रही है। दुमका की सबसे पुरानी पूजा समिति दुर्गा स्थान की है, जहां 160 वर्षों से देवी की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से दुर्गत सब मनाया जाता है। यहां बंगाल शैली में देवी की मूर्ति स्थापित की जाती है और बांग्ला विधि से पूजा की जाती है। यहां की सबसे बड़ी विशेषता यह कि पूरे आयोजन में महिलाओं की बड़ी भागीदारी होती है। यहां महिलाओं की अलग से पूजा कमेटी है, जो प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक सक्रिय भूमिका निभाती है। महिलाएं यहां की व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दुर्गा स्थान महिला पूजा समिति की अध्यक्ष और दुमका की पूर्व नगर अध्यक्ष अमित आरक्षित बताती हैं कि समिति की सदस्याएं पुरी मेला अवधि में अपनी सक्रिय भागीदारी से उत्सव को विशिष्ट आयाम देती हैं। समिति की सदस्य गायत्री देवी, नमिता कुमारी और सुनीता देवी बताती हैं कि दुर्गा पूजा इनके लिए सबसे खास होता है, जब मां की आराधना, उनसे याचना, उनकी सेवा और उत्सव का आनंद उठाने का उन्हें अवसर मिलता है। दुमका शहर में टावर चौक, बाबू पाड़ा, न्यू बाबू पाड़ा, राधा माधव मंदिर, रसिकपुर सहित 36 स्थानों पर देवी दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। मुख्य मेला इस बार भी यज्ञ मैदान में होगा, जहां विजयादशमी के दिन रावण वध समारोह होगा बहरहाल, गांव से लेकर शहर तक हर ओर नवरात्र और दशहरा के उत्सव में लोग भक्ति, आस्था और आनंद में ली हैं।

## स्वयंसेवक मना रहे विजयादशमी, किया जा रहा शस्त्र पूजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इन दिनों शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस कड़ी में नगर एवं सभी बस्तियों में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। बोकारो इस्पात नगर के गुरूगोविंद सिंह नगर (सेक्टर 1,2एवं3) के "सेक्टर 1बी" बस्ती", सेक्टर 1सी" बस्ती, शिमला कॉलोनी, सेक्टर 2ए" बस्ती, सेक्टर 3ई" बस्ती, सेक्टर 1सी" बस्ती, दयानंद नगर (सेक्टर 4,5एवं6) के "सेक्टर 5ए" बस्ती, विवेकानंद नगर (सेक्टर 8, 9 एवं 11) के "सेक्टर 9ए" बस्ती, बिरसा नगर के "को ऑपरेटिव कॉलोनी" बस्ती, सिद्धु कान्हु नगर के "सोलागीडीह", बस्ती, चन्दनकियारी नगर के "मामरकुदर" "बिजुलिया" बस्ती आदि स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में विधिवत शास्त्र पूजन किया गया। इसके उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। इन सत्रों में संघ के स्वयंसेवकों को संगठन की शताब्दी यात्रा, राष्ट्र साधना के कार्यों और समाज जीवन में संघ की भूमिका से अवगत कराया गया। उपरोक्त स्थानों में क्रमशः बौद्धिककर्ता के रूप में प्रचारक सुधीर कुमार, विभाग संपर्क प्रमुख राज कुमार सिंह, महानगर कार्यवाह रतन लाल महतो, नगर कार्यवाह गौरव कुमार, काली चरण सिंह मुण्डा, परशुराम साह, के साथ महानगर सह संघचालक संजय राय, नगर कार्यवाह राजीव रंजन, मधुसुदन गोपालन, अरूण केशरी, अश्विन आनंद, अशोक कुमार आदि अनेक स्वयंसेवक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। बौद्धिककताओं ने विस्तार से बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए "राष्ट्र प्रथम" की भावना सर्वोपरि है। संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान देना और समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान करना है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संघ की स्थापना से लेकर आज तक की गतिविधियों का क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया गया। संघ की संगठनात्मक परंपरा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर विशेष प्रकाश डाला गया। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस बार समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## युवक की हत्या, बली चढ़ाने की आशंका, आरोपित गिरफ्तार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर शहर के गोलमुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गाढ़ाबासा में सोमवार की मध्यरात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 20 वर्षीय युवक अजय बासा उर्फ झंटू की रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि युवक की जान जादू-टोना की कुप्रथा के तहत ली गई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, मृतक अजय बासा अपने मित्र संदीप के साथ सोमवार की रात घर से निकला था। देर रात उसकी लाश गाढ़ाबासा के पास संदिग्ध हालत में पाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी संदीप जादू-टोना के काम में शामिल रहता था और उसी ने अजय को किसी तंत्र-मंत्र के अनुष्ठान के लिए बली चढ़ा दिया। जैसे ही घटना की खबर फैली, परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपी से कड़ी पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या की वास्तविक वजह सामने आ सके। मृतक अजय बासा के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि वह घर का इकलौता बेटा था और कुछ ही दिन पहले उसके पिता की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। अब बेटे की हत्या की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गाढ़ाबासा बस्ती में भारी भीड़ जमा हो गई है और पुलिस ने किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। वहीं, जादू-टोना के नाम पर इस अमानवीय कृत्य ने एक बार फिर समाज में व्याप्त अंधविश्वास की गहराई पर सवाल खड़ा कर दिया है।

## प्रिंस खान का शूटर रबिउल इस्लाम गिरफ्तार, एक व्यापारी की हत्या करने की थी योजना




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गैंगस्टर प्रिंस खान का एक शूटर रबिउल इस्लाम उर्फ मोटा को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी रबिउल इस्लाम धनबाद के एक व्यापारी की हत्या की योजना बनाई थी.वारदात को अंजाम देने से पूर्व ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया.शूटर के पास से एक देसी पिस्टल, चार गोली और एक चोरी की बाईक बरामद हुई है. डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रबिउल इस्लाम शहाबुद्दीन हत्याकांड में भी अभियुक्त था.पिछले साल धनबाद में शहाबुद्दीन की हत्या हुई थी. उन्होंने बताया शूटर रबिउल की गिरफ्तारी में चाईबासा पुलिस का भी उल्लेखनीय योगदान रहा.डीएसपी ने बताया एसएसपी को मिली गुप्त सुचना के बाद एक स्क्ब गठित कर छापामारी की गई जिसमे बलियापुर से दामोदर पुर के रास्ते में रबिउल इस्लाम को पकड़ा गया. उसकी तलाशी लेने पर गोली और पिस्टल बरामद हुआ. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए काम करता है. साथ ही शहाबुद्दीन हत्याकांड में भी अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। रबिउल इस्लाम उड़ीसा और चक्रधरपुर में भी हत्या के केस में वांछित अपराधी रहा है.

## पलामू से चोरी हुई हथनी जयमति छपरा से बरामद

**डाल्टेनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू के सदर थाना क्षेत्र में चोरी गई हथनी जयमति को पुलिस ने बरामद कर लिया है। गुप्त सूचना पर पलामू पुलिस की स्पेशल टीम ने बिहार के छपरा जिला के अमनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर गांव से हथनी को बरामद किया है। दरअसल 13 अगस्त को यूपी के मिजार्पुर निवासी नरेंद्र शुक्ला ने सदर थाना में हथनी के चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया था। मामले में एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि जांच में पता चला कि नरेंद्र शुक्ला ने अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर 40 लाख में हथनी को खरीदा था, लेकिन इसी बीच वादी के जानकारी के बिना तीनों पार्टनरों ने हथनी को बिहार के छपरा में गोरख सिंह से 27 लाख में बेच दिया। जिसके बाद पुलिस ने हथनी को जब्त करते हुए फिलहाल जिम्मेनामा पर गोरख सिंह उर्फ अभिमन्यु को ही सुपुर्द किया गया है।

## कृपाणि दयानी भव भय हरणि, मंगल करनी मातू भवानी




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, बोकारो की मासिक रचना गोष्ठी सचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी के आवासीय कार्यालय सेक्टर 12 बी में समीक्षात्मक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रचना गोष्ठी के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ राम नारायण सिंह ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्र भक्ति की चेतना जगाने का सशक्त माध्यम साहित्य एवं साहित्यकार हैं।अध्यक्ष ने क्षणिकाएँ सुनाकर खुब वाह वाही लुटी।

रचना गोष्ठी की शुरूआत मंगलाचरण एवं माँ शारदे की वंदना " गाकर एश्वर्या ने माहोल को भक्तिमय कर दिया वही परिषद् के संयोजक डॉ सत्यदेव तिवारी ने "संघर्षो एवं बाधाओ में चले चलो चले चलो' गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।डॉ आशा पुष्प की" हे जगजननी, तू प्रकृति पूर्ण

हम अनुगत हैं, आह्वान करें"गाकर गोष्ठी में भक्तरस घोल दी। हास्य व्यंग्य के चर्चित एवं बरीष्ठ साहित्यकार वकिल दिक्षित कि भोजपूरी कविता " एगो के तलाश रहे, सौ गो शौहर आ गैल" सुनकर श्रोताओं ने खुब तालियाँ बजायी।ब्रह्मानंद गोस्वामी की रचना ' कविता कैसी हो, डॉ डी.एन सिंह की रचना ' सुख दूख की परिभाषा हिंदी, लेन-देन की भाषा हिंदी' को सभी ने सराहा।रचना गोष्ठी का संचालन करते हुए दीनानाथ ठाकूर की " शक्ति और स्वाधीनता" लव कुमार की " हिन्दी को आगे बढाना हैं' गाकर हिन्दी के महत्व को बताया।परिषद् के मिडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक की मैथिली भजन " कृपाणि दयानी भव भय हरणि, मंगल करनी मातू भवानी " गाकर वातावरण को आनंदित कर दिया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी 'विकल राही' ने किया।

## रांची के शालीमार मैदान में होगा रावण दहन

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विजयदशमी के मौके पर रांची के एचईसी स्थित शालीमार मैदान में 2 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री दीपिका पांडे सिंह मौजूद रहेंगी। रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने बताया कि शालीमार मैदान में 1968 से रावण दहन की परंपरा रही है।

## वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूली 2 लाख से ज्यादा का जुर्माना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर सेक्टर-12 थाना क्षेत्र पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 08 वाहनों से 2 लाख 23 हजार रुपए का जूमार्ना लिया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 08 वाहन से 2 लाख 23 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 47 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 08 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ मारुति मिंज ने चास प्रखंड के आईटीआई मोड, सेक्टर- 12 मोड़, बिरसा चौक सहित अन्य सेक्टरो के चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया। वाहन जांच के दौरान मोटरवाहन निरीक्षक अन्य उपस्थित थे।

## थानेदार रामदेव यादव निलंबित, गॉडविन केरकेट्टा बने नए थानेदार

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आभा देवी अपने पति की मौत से बेखबर थीं। महाअष्टमी पर वे सज-धजकर पूजा की थाल लेकर मेराल से माहिल पूजा पंडाल में मां के दरबार में दुआ मांगने गई थीं।

उन्होंने मां से प्रार्थना की कि हे मां, मेरे पति राहुल मांझी को थाने से रिहा कर दो। तब उन्हें यह पता नहीं था कि उनके पति इस दुनिया को ही छोड़ चुके हैं। लेकिन जैसे ही आभा देवी पूजा कर पंडाल से बाहर आईं, वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। मानो माता ने उन्हें आभास दिला दिया हो कि उनके पति अब इस दुनिया में नहीं रहे। उस समय उनका शव मुरहू थाने के टॉयलेट के वेंटीलेटर से लटक रहा था। मीडिया में खबर आने के कुछ ही देर बाद उनके परिवारवालों ने आभा देवी को यह सूचना दी कि उनके पति ने मुरहू थाने में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद आभा देवी अपने ससुर अशोक मांझी, पांच वर्षीय पुत्र आर्या मांझी और अन्य परिजनों के साथ मुरहू थाना पहुंचीं। शुरू में परिजन इस मामले से अनभिज्ञ बने रहे और राहुल से मिलने की बात पुलिस से कही। लेकिन जल्द ही स्पष्ट हो गया कि राहुल मांझी की मौत हो चुकी है। यह सुनते ही आभा देवी और उनका पुत्र आर्या फूट-फूटकर रोने लगे। परिजनों का गुस्सा चरम पर था। वे बार-बार राहुल की हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे थे। बेसुध पिता आकाश मांझी कह रहे थे 'हमें भी गोली मार दो। जब राहुल ही नहीं रहा, तो हम किसके सहारे जीएंगे?' थाने का वातावरण रोने-चिल्लाने से गूंजता रहा।

**थानेदार रामदेव यादव निलंबित, गॉडविन केरकेट्टा बने नए थानेदार**

इस मामले में कार्रवाई करते हुए एसपी मनीष टोप्पो ने मुरहू के थानेदार रामदेव यादव को निलंबित कर दिया है। मुरहू थाने की कमान पूर्व में मुरहू के प्रभारी रह चुके गॉडविन केर-केट्टा को सौंपी गई है। यह जानकारी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी।

**पूरे मामले की हो रही मजिस्ट्रेट जांच**

बता दें कि राहुल मांझी बीएसएफ में था। इस गंभीर मामले की पूरी जांच मजिस्ट्रेट के अधीन है। थाने में हर कार्रवाई मजिस्ट्रेट की देखरेख में की जा रही है।

## बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से सितम्बर '2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन उपस्थित रहे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया. सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की. उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए. सितम्बर'2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 06 अधिशासी एवं 21अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. समारोह के अंत में श्री आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की. कार्यक्रम का सञ्चालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया. अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में श्री आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट, अधिशासी निदेशक (एस आर यू) श्री पी के रथ, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस ) श्री विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन, बी जी एच प्रभारी डॉ बी बी करुणामय सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. निदेशक प्रभारी, श्री आलोक वर्मा ने श्री सुरेश रंगानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं.

## भीड़ तथा ट्रैफिक नियंत्रण के लिए एनसीसी कैडेट तैनात

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेशार्नुसार दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ नियंत्रण तथा ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विभिन्न पंडालों तथा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में एनसीसी के कैडेट तैनात किए गए हैं। इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार ने बताया कि



उपायुक्त के निदेशार्नुसार कुल 78 एनसीसी कैडेट को भीड़ नियंत्रण तथा ट्रैफिक नियंत्रण के लिए हीरापुर, स्टील गेट, सरायढेला, लुबी सर्कुलर रोड, डीआरएम चौक, बैंक मोड़ व भुली में तैनात किया गया है। एनसीसी के कैडेट शहर के विभिन्न पंडालों, यातायात सिग्नलों पर बुजुर्गो और जरूरतमंदों की सहायता और नागरिक प्रशासन को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेंगे।अपने कार्य क्षेत्र में जाने से पहले सभी एनसीसी कैडेट को अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा ब्रीफिंग कर भीड़ नियंत्रण एवं यातायात नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, धनबाद थाना के इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, एनसीसी के सुबेदार जगदीप सिंह, हवालदार हरविंदर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK